सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 18 जून, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 164, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 213 अंकों की गिरावट

ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से सेंसेक्स 213 अंक गिरकर 81,583 .30 अंक पर बंद। } 14

## एमएसएमई, स्टार्टअप के लिए अलग क्षेत्र बनें: गोयल

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आंध्र प्रदेश में विकसित किए जा रहे औद्योगिक गलियारों के भीतर एमएसएमई व स्टार्टअप के लिए अलग क्षेत्र निर्धारित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। } 16

# ग्लोबल साउथ की प्राथमिकता पर जोर देंगे मोदी

### पहली बार जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री

एजेंसी



कैलगरी (कनाडा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं से मुलाकात के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर देंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार शाम को यहां पहुंचे और यह एक दशक में मोदी की कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री इस दौरान विश्व के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मोदी ने सोमवार शाम को एक पोस्ट में कहा जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर साइप्रस से सोमवार शाम (स्थानीय समयानुसार) कनाडा पहुंचे। कनैनिस्किस में यह सम्मेलन 16 जून से 17 जून तक चलेगा। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी बार भागीदारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के अल्बर्टा पहुंचे। प्रधानमंत्री ऊर्जा सुरक्षा के भविष्य के साथ ही विविधीकरण, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और निवेश पर जी-7 चर्चाओं में भाग लेंगे, ताकि बदलती दुनिया में पहुंच और सामर्थ्य सुनिश्चित की जा सके। प्रधानमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर

# योगी 20 को करेंगे गोरखपुर एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन

जिला संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 जून को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। मंगलवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे केवल रफ्तार के साथ आवागमन सुगमता का ही माध्यम नहीं बनेगा, बल्कि इस एक्सप्रेसवे पर सड़क व यात्री सुरक्षा के भी बेहतर इंतजाम रहेंगे। यात्री सुरक्षा के लिहाज से गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के दिन 20 जून को मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जबकि आने वाले दिनों में सड़क सुरक्षा के लिए यहां लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की तर्ज पर एटीएमएस (एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) भी लागू किया जाएगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा बनवाए गए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर यात्री सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री जिस सुरक्षा फ्लीट की शुरुआत करेंगे, उसमें पांच इनोवा, पांच कैम्पर, चार एम्बुलेंस, दो क्रेन और एक हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सुरक्षा अधिकारी राजेश पांडेय ने बताया कि यूपीडा के इनोवा वाहन की पेट्रोलिंग आठ-आठ घंटे की पाली में लगातार होती रहेगी। हर वाहन में चार सेवानिवृत्त सैनिकों की ड्यूटी रहेगी। कैम्पर वाहन पीछे से खुले रहते हैं और इसमें ट्रैफिक कोन, रस्सी, रेडियम स्ट्रिप आदि की उपलब्धता रहती है। किसी स्थान पर किसी वाहन के खराब होने पर या दुर्घटना होने पर ये वाहन तुरंत जाकर ट्रैफिक कोन, रस्सी और रेडियम स्ट्रिप से कवर कर देंगे ताकि अन्य वाहनों को कोई दिक्कत न हो।

इसके अलावा 91 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे पर हर 45 किलोमीटर (किमी) पर मार्ग के दोनों तरफ एक-एक एम्बुलेंस की तैनाती रहेगी ताकि आकस्मिक चिकित्सकीय जरुरत यात्रियों को तत्परता से अस्पताल भेजा जा सके। किसी वाहन में अचानक खराबी आने पर उसे सड़क से हटाने के लिए हर 45 किमी पर क्रेन और पूरे एक्सप्रेसवे के लिए एक हाइड्रा वाहन को तैनात किया जाएगा। यात्री और मध्यम मालवाहक वाहनों को क्रेन से और बड़े मालवाहक वाहनों को सड़क से नजदीक के चैनेज से उतार दिया जाएगा क्योंकि नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के दिशानिर्देश के मुताबिक एक्सप्रेसवे पर खराब वाहनों को खड़ा नहीं किया जा सकता। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आने वाले समय में एटीएमएस भी लागू करने की तैयारी है। इस प्रणाली के तहत एक्सप्रेसवे पर हर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# इजरायल-ईरान में भीषण युद्ध, मोसाद हेडक्वार्टर ध्वस्त

### ○ इजरायली हमले में ईरानी कमांडर शादमानी की मौत ○ ट्रंप की चेतावनी के बीच ईरान पर इजराइल ने तेज किये हमले

एजेंसी



नई दिल्ली। ईरान और इजरायल में बीते पांच दिनों से संघर्ष जारी है। 13 जून 2025 को शुरू हुए इस संघर्ष में दोनों देशों ने एक-दूसरे पर जमकर हमले किए हैं। इस बीच सोमवार रात जब इजरायल में हवाई हमले के सायरन बजने लगे और तेहरान के आसमान में विस्फोटों की आवाजें गूंजने लगीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन के बीच में ही अमेरिका लौट आए और अपने नागरिकों को तुरंत तेहरान छोड़ने की चेतावनी दी। आइए जानते हैं ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष में अब तक क्या-क्या हुआ? समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, ईरानी अधिकारियों ने तेहरान में इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद की ड्रोन बनाने वाली फैक्ट्री को ध्वस्त करने का दावा किया है। जानकारी के अनुसार, ईरानी अधिकारियों ने तेहरान और अल्बोरज प्रांतों में अलग-अलग ऑपरेशनों में इजरायली मोसाद खुफिया एजेंसी के लिए काम करने के आरोप में दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया है। ऑपरेटरों से 200 किलोग्राम से ज्यादा विस्फोटक, 23 ड्रोन के पुर्जे, लॉन्चर और अन्य तकनीकी उपकरण जब्त किए गए। इजरायली रक्षा बलों ने मध्य तेहरान पर लक्षित हवाई हमले में ईरान के नवनियुक्त युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ अली शादमानी को मार गिराने की पुष्टि की है। आईडीएफ ने कहा कि रात भर चले इस संघर्ष में इजरायली वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने एक सेंटर पर हमला किया, जिसमें शादमानी की मौत हो गई। शादमानी ने कुछ दिन पहले ही गुलाम अली राशिद की जगह पद संभाला था, जो इजरायली हमले में मारा गया था। ईरान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए तेहरान स्थित भारतीय दूतावास पूरी तरह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जी-7 की बैठक छोड़ अमेरिका लौटे ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ तत्काल वार्ता के लिए सोमवार को स्वदेश रवाना हो गए। ट्रंप ने तेहरान के 95 लाख निवासियों से अपनी जान बचाने के लिए वहां से चले जाने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उन्होंने ईरान के साथ परमाणु समझौता संभव होने की बात भी कही है। संभावना है कि वह मंगलवार को व्हाइट हाउस पहुंचेंगे। पांच दिनों से जारी मिसाइल हमलों से इजराइल ने ईरान को काफी नुकसान पहुंचाया है और उसे लगता है कि अब वह तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को स्थायी झटका दे सकता है- खासकर अगर उसे ट्रंप से थोड़ी और मदद मिले। ट्रंप ने वाशिंगटन लौटने के दौरान एयर फोर्स ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ईरान से सुरक्षित स्थान पर पहुंचे भारतीय छात्र



तेहरान। तेहरान में सभी भारतीय नागरिकों से मंगलवार को अनुरोध किया गया कि वे तुरंत भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें, क्योंकि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज हो गया है। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को भी सलाह दी है कि जो अपने स्वयं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

लखनऊ। बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। मिजार्पुर के सूरज कुमार पटेल ने पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने कुल 400 अंकों में से 362.662 अंक हासिल किए हैं। भदोही की शीबा परवीन ने 333.992 अंक हासिल कर दूसरा, जौनपुर की शिवांगी यादव ने 331.992 अंक पाकर तीसरे, मऊ के प्रदुम्न सिंह यादव ने 330.658 अंक पाकर चौथा और अररिया बिहार के रोशन रंजन ने 327.656 अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। प्रवेश परीक्षा में कुल 344546 अभ्यर्थी पंजीकृत थे और उसमें से 305439 यानी 89 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 304980 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। इस बार कुल 88.52 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे। इसमें 88.54 प्रतिशत छात्राएं और 88.49 प्रतिशत छात्र शामिल हैं। प्रवेश परीक्षा का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय... शेष पृष्ठ 14 पर

### ट्रक की टक्कर से तीन लोगों की मौत

बलिया। जिले के फेफना थाना क्षेत्र के सागरपाली कस्बे में एक ट्रक की टक्कर लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सागरपाली-थम्हनपुरा मार्ग पर सोमवार देर शाम एक अनियंत्रित डीसीएम ट्रक ने तीन स्थानों पर सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मार दी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने ट्रक चालक लापरवाही से वाहन चलाते हुए फेफना थाना क्षेत्र के सागरपाली कस्बे में कुछ लोगों को टक्कर मारते हुए नरही थाना क्षेत्र में पहुंचा और उसने वहां से भागने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों व नरही पुलिस द्वारा तत्काल पीछा करते हुए ट्रक चालक को पकड़ लिया गया।

# जेल में बंद सीएचसी अधीक्षक की मौत, ओपीडी सेवाएं बंद

जिला संवाददाता

बलिया (उप्र)। रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किए गए बांसडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक की वाराणसी जिला जेल में मौत के एक दिन बाद बलिया जिले के चिकित्सकों ने मंगलवार को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में बाह्य रोगी सेवाएं (ओपीडी) बंद रखीं।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ (पीएमएसए) ने सुनियोजित हत्या का आरोप लगाते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजीव वर्मन ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि पिछले बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किए गए डॉ. वेंकटेश मौर की सोमवार को वाराणसी जिला जेल में मौत हो गई। सतर्कता अधिष्ठान (वाराणसी इकाई) की एक टीम ने मौर को बांसडीह सीएचसी परिसर में स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र (पीएमजेएके) के संचालक अजय तिवारी से 20,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। शिकायत के अनुसार, संचालक तिवारी ने आरोप लगाया कि डॉ. मौर ने सीएचसी भवन से पीएमजेएके को सुचारू रूप से संचालित करने की अनुमति देने के लिए रिश्वत मांगी थी। फार्मेसी अमृत फार्मेसी नामक एक स्थानीय संस्था के तहत पंजीकृत थी और बांसडीह स्वास्थ्य सुविधा में एक निर्दिष्ट स्थान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मनी लांड्रिंग मामले में 6 राज्यों में छापेमारी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को एक मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत छह राज्यों में एक साथ छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस गिरोह का पता सबसे पहले पंजाब पुलिस ने लगाया था।

सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामले के तहत पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में 15 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गई। ईडी का मामला पंजाब पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) द्वारा 2024 में दो मादक पदार्थ तस्करों और एक कथित बिचौलिए एलेक्स पालीवाल के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज ...शेष पृष्ठ 14 पर

# तकनीकी खराबी से एअर इंडिया की कई उड़ानें रद्द

### अहमदाबाद-लंदन, दिल्ली-पेरिस, दिल्ली-वियना, लंदन-अमृतसर, दिल्ली-दुबई, बेंगलुरु-लंदन फ्लाइट शामिल

एजेंसी



नई दिल्ली। एअर इंडिया की 7 इंटरनेशनल फ्लाइट मंगलवार को रद्द कर दी गईं। इनमें अहमदाबाद-लंदन, दिल्ली-पेरिस, दिल्ली-वियना, लंदन-अमृतसर, दिल्ली-दुबई, बेंगलुरु-लंदन फ्लाइट शामिल हैं। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही फ्लाइट के पैसेंजर्स को कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारा गया।

अहमदाबाद में 12 जून को अक-171 फ्लाइट क्रैश हुई थी। इसकी जगह अहमदाबाद से लंदन के लिए नई फ्लाइट अक-159 शुरू की गई है। यह फ्लाइट मंगलवार को लगातार दूसरी बार रद्द की गई। फ्लाइट को दोपहर 1.10 बजे उड़ान भरना था, लेकिन टेकऑफ से कुछ घंटे पहले तकनीकी खामी की बात कही गई। 16 जून को भी यह फ्लाइट रद्द की गई थी। दिल्ली से पेरिस जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट अक142 भी टेक्निकल परेशानी के बाद रद्द की गई, जो उड़ान से पहले जांच के दौरान सामने आई। इसके अलावा लंदन से अमृतसर आ रही फ्लाइट को भी तकनीकी दिक्कतों के चलते रद्द किया गया। उधर, सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट अक-180 में सोमवार रात को तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते यात्रियों को मंगलवार सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर प्लेन से उतारना पड़ा। मंगलवार को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की एअर इंडिया के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें ने एयरलाइन को विमान सुरक्षा पर ध्यान देने, फ्लाइट ऑपरेशन को सख्त करने और समय पर फ्लाइट डिपार्चर ये तय करने के निर्देश दिए हैं। सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 30.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

○ यूपी में बनेंगे 15 नये एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों (पृष्ठ-02)
○ पत्रकारों के लिए देहरादून में लगा स्वास्थ्य कैम्प (पृष्ठ-02)
○ डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे टूटकर बंद (पृष्ठ-14)
○ तेल मांग में 2030 तक 10 लाख बैरल प्रतिदिन बढ़ी (पृष्ठ-14)
○ सरकार ने 200 कोयला ब्लॉक आवंटित किये (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** यूपी समेत चार राज्यों में बिजली गिरने से 19 की मौत, दिल्ली-एनसीआर में बारिश, आईएमडी ने सुरक्षा परामर्श जारी किया

# बिहार-झारखंड पहुंचा मानसून, कई राज्यों में भारी बारिश

एजेंसी



नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम मानसून मंगलवार को बिहार-झारखंड पहुंच गया है। चार जिलों औरंगाबाद, किशनगंज, कटिहार और बांका में सुबह तेज बारिश हुई। सोमवार को मानसून ने गुजरात-मध्य प्रदेश में एंट्री की थी। महाराष्ट्र के विदर्भ, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ा है।

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार में बिजली गिरने से सोमवार को 19 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज गुजरात और सौराष्ट्र में भारी बारिश का रेड, जबकि मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 17 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, दिल्ली में खराब मौसम की वजह से दोपहर 3 से 4 बजे के बीच 12 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। इधर राजस्थान में प्री-मानसून की बारिश जारी है। सोमवार को जयपुर, अजमेर समेत 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। मंगलवार को भी 26 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश में अगले 2 दिन में मानसून भोपाल-इंदौर में दस्तक दे सकता है। तब तक 40 जिलों में आंधी-बारिश जारी रहेगी। मानसून सबसे आखिर में ग्वालियर-चंबल पहुंचेगा। मौसम विभाग का अनुमान है, अगले दो दिन में मानसून गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ के शेष हिस्सों में आगे बढ़ने के साथ ही अन्य राज्यों में दस्तक दे सकता है। 18 जून को गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, कर्नाटक, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बंगाल, सिक्किम में भारी बारिश का अलर्ट है। बिहार, झारखंड, ओडिशा, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। 19 जून को गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ, उत्तराखंड, बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी है। जबकि बिहार, झारखंड, कोंकण गोवा, मध्य महाराष्ट्र, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में मंगलवार को बारिश हुई, जिससे लोगों को झुलसाती गर्मी से थोड़ी राहत मिली। इससे पहले, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज दिल्ली और आसपास के इलाकों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पूर्व अग्निवीरों से जुड़ी गतिविधियों का समन्वय करेगा गृह मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। सशस्त्र बलों में अग्निवीरों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके करियर में आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय करने का काम केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा गया है। यह जानकारी एक सरकारी अधिसूचना से मिली।

इसमें कहा गया है कि केंद्र ने भारत सरकार नियम, 1961 में संशोधन किया है तथा गृह मंत्रालय के राज्य विभाग के तहत द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय अब पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय करेगा। सरकार ने सेना के तीनों अंगों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना जून 2022 में शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित होने वाले साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के अभ्यर्थियों को सेना, वायुसेना और नौसेना में अग्निवीर के रूप में चार वर्ष की अवधि के लिए भर्ती किया जाता है तथा इसमें 25 प्रतिशत अभ्यर्थियों को अगले 15 वर्षों तक बरकरार रखने का प्रावधान है। सरकार ने पहले ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) आदि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की सभी भावी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित कर दी हैं।

# यूपी के 11 जिलों में 15 नये एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की होगी स्थापना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के रूप में परिवर्तित कर रही योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए तेजी से कदम बढ़ा रही है। इस कड़ी में प्रदेश में डिफेंस इक्विप्मेंट्स, सेमीकंडक्टर डिजाइन व मैनुफैक्चरिंग जैसी हेवी इंडस्ट्रीज से जुड़ी मैनुफैक्चरिंग यूनिट्स व क्लस्टर्स की स्थापना की जा रही है।

- **इन नये विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों में निवेशकों के लिए उद्यम लगाने के लिए कुल 872 प्लॉट्स रहेंगे उपलब्ध**
- **परियोजना के अंतर्गत अलीगढ़, एटा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, ललितपुर, महोबा, रायबरेली, मऊ, मीरजापुर, प्रतापगढ़ व प्रयागराज में एमएसएमई सेंट्रिक औद्योगिक क्षेत्रों की होगी स्थापना**



वहीं, प्रदेश की उद्यमिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी प्रश्रय देने के लिए एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना की जा रही है। सीएम योगी के विजन व निर्देश के अनुसार, प्रदेश के 11 जिलों में 15 नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के कार्य को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने खाका किया तैयार किया है जिसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में फैले इन एस्टेट्स की कुल 764.31 एकड़ क्षेत्र में स्थापना की जाएगी। यहां 872 प्लॉट्स निवेशकों के लिए अपना उद्यम स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इससे न केवल प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर को और मजबूती मिलेगी बल्कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने में मदद मिलेगी।

**नये लैंड बैंक के लिए अभियान के तौर पर हो रहा काम :** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा तैयार किए गई कार्ययोजना में इस बात का उल्लेख है कि प्रदेश में बड़े स्तर पर लैंड बैंक उपलब्ध कराने के लिए बाकायदा विभागों में अभियान के अंतर्गत प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में प्रदेश में 11 जिलों में 15 एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना के लिए भी लैंड बैंक उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया पर कार्य हो रहा है। इनके अंतर्गत, अलीगढ़ के गभाना में 116 एकड़, एटा के जलेसर में 6.8 एकड़, फिरोजाबाद के टूंडला में 19 एकड़, सिरसागंज में 10 एकड़, कानपुर देहात के अकबरपुर (कुंभी) में 59 तथा दुवारी में 172 एकड़, ललितपुर के बीघाखेत में 9.8 एकड़, पुलवारा में 44 एकड़, झरर में 8.6 एकड़ तथा महोबा में 37 एकड़ क्षेत्र में एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना होगी। इसी प्रकार, प्रयागराज के सदर में 8 एकड़, प्रगापगढ़ के रानीगंज में 39.7 एकड़, मीरजापुर के चुनार में 35 एकड़, मऊ के सदर में 84 एकड़ तथा रायबरेली सदर में 58 एकड़ क्षेत्र में एमएमएसई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) भी एमएसएमई सेक्टर्स को बढ़ावा देने के लिए बड़ी योजना पर कार्य कर रहा है। यीडा द्वारा विकसित किए जा रहे क्षेत्र में एमएसएमई इकाइयों की स्थापना के लिए 500 एकड़ क्षेत्र आरक्षित किया है। इतना ही नहीं, गीडा द्वारा जल्द ही गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर 28 में 125 करोड़ की लागत से बनने वाले फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के निर्माण भी किया जाएगा। यह आधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण किया जाएगा। फ्लैटेड फैक्टरी परिसर के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है और फिलहाल मास्टर प्लान और अन्य रिपोर्ट्स के निर्माण पर काम चल रहा है। इसे 24 महीनों में पूरा किया जाएगा।

## सीएम ग्रामीण आवास योजना के लिए निराश्रित महिला की आयु 18 से 50 वर्ष की गयी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री की पहल पर मुख्यमंत्री आवास योजना. ग्रामीण के अन्तर्गत प्राथमिकता श्रेणी मे पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष) को सम्मिलित करने का निर्णय गत वर्ष लिया गया था। यह आयु सीमा अब (18 से 50 वर्ष) कर दी गयी है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (18 से 50 वर्ष) एक अत्यन्त ही संवेदनशील वर्ग है, जिससे सामाजिक एवं सरकारी स्तर पर बेहद सुरक्षा की आवश्यकता होती है। इस उम्र की विधवा महिलाएं प्रायः ऐसी होती है, जिनमें से अधिकांश के बहुत छोटे-छोटे बच्चे होते हैं, जिससे इनके सुरक्षा एवं सहयोग की आवश्यकता और बढ़ जाती है। राज्य सरकार ने इस आयु वर्ग के लाभार्थियों को समस्या के दृष्टिगत इन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना. ग्रामीण के पात्रता, प्राथमिकता सूची में सम्मिलित कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया, जो समाज के हर जरूरतमंद के साथ खड़े होने की राज्य सरकार की मंशा को दर्शाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि मिशन शक्ति की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग का यह क्रान्तिकारी कदम हैं। इससे ग्राम्य विकास विभाग द्वारा मातृ शक्ति को बहुत बड़ा सम्बल मिला है। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य की सरकार, महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। हमारी माताओं, बहनों व बेटियों ने हर क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर नए भारत के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित किया है। हम अपनी नारी शक्ति की ताकत, साहस और दृढ़ता को नमन करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हैं।

- **मिशन शक्ति की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग का क्रान्तिकारी कदम**
- **ग्राम्य विकास विभाग से मातृ शक्ति को मिला बहुत बड़ा सम्बल**
- **18 से 40 आयु को अब 18 से 50 वर्ष कर दिया गया**

हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण आवासीय योजना है, जिसे वर्ष-2018 से प्रारम्भ किया गया। इस योजना में प्राकृतिक आपदा, कुष्ठ रोग एवं कालाजार आदि रोगों से प्रभावित परिवार, आर्थिक दृष्टि से पिछडे जनजाति परिवार, दिव्यांगजन तथा मुसहर, वनटांगिया, बंजारा, निराश्रित महिला (18 से 40 वर्ष) आदि कई वर्ग के आवास विहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में जोडते हुए इस योजना से बडी संख्या में लाभ दिया जा रहा है।

आपको बताते चलें कि इस योजना में वर्ष 2024-25 में पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (18 से 40 वर्ष) को सम्मिलित करते हुए राज्य सरकार द्वारा इस श्रेणी के आवासविहीन पात्र परिवारों का जनपद स्तर से सर्वेक्षण कराया गया और बड़ी संख्या मे इस श्रेणी की महिलाओ को आवास आवंटित किये गये। 18 से 40 आयु को अब 18 से 50 वर्ष कर दिया गया है, इससे इस श्रेणी की बड़ी संख्या मे निराश्रित विधवा महिलाओ मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ मिल सकेगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, द्वारा विभागीय अधिकारियों को इन परिवारों के शीघ्रता से आवास स्वीकृत कर इन्हें पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा है कि पति की मृत्यु के उपरान्त कम उम्र की निराश्रित महिलाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की संवेदनशीलता एवं मिशन शक्ति की दिशा में महत्वपर्ण कदम है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत 3.73 लाख लाभार्थियों को पक्के आवास आवंटित किये जा चुके हैं।

# सबकी खुशहाली ही भाजपा की नीति : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को आजमगढ़ एवं लालगंज में अनुसूचित जाति कार्यकर्ता संवाद के तहत पार्टी के अनुसूचित वर्ग के पदाधिकारियों से संवाद किया। साथ ही जिला पंचायत, नगर पालिका, नगरपंचायत अध्यक्ष व सदस्य बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सबको सुरक्षा, सबको सम्मान, सबको समान अवसर और सबकी खुशहाली ही भाजपा की नीति है।

**भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन ने आजमगढ़ एवं लालगंज में अनुसूचित जाति कार्यकर्ता संवाद के तहत पदाधिकारियों से किया संवाद**




धर्मपाल सिंह ने कहा कि सपा, कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियां लगातार दुष्प्रचार करके जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे है। विपक्ष का एजेंडा जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण का है, जिसे देश की जनता नकार चुकी है और यही कारण है कि विपक्षी पार्टियां अब झूठ, दुष्प्रचार के एजेंडे के साथ देश में भ्रम फैला रहे है। उन्होंने कहा कि एक एक कार्यकर्ता को हर घर तक पहुंचकर विपक्ष के झूठ, फरेब का पदार्फाश करना है। जन जन तक सत्य पहुंचना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के अपमान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव हरवाया। जब बाबा साहेब का निधन हुआ तो उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में नही होने दिया। कांग्रेस के लोग हाथ में संविधान लेकर के धूमते है लेकिन कभी संविधान व बाबासाहेब आंबेडकर का सम्मान नहीं करते। कांग्रेस ने लम्बे समय तक देश में शासन किया लेकिन बाबा साहेब को भारत रत्न का सम्मान भाजपा समर्थित सरकार में मिला। बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान में सबको समान अधिकार दिया। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में बाबासाहेब के संविधान को लागू होने नहीं दिया। जम्मू कश्मीर में डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दोहरी नीति का विरोध करते हुए अपना बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद 370 समाप्त कर जम्मू कश्मीर में बाबा साहेब के संविधान को लागू करने का काम किया और इसके साथ ही अनुसूचित जातियों को आरक्षण का लाभ भी मिलना प्रारंभ हुआ। जिस आरक्षण को कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 लगाकर रोक दिया था।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने सर्व शिक्षा अभियान प्रारंभ करके सबके लिए शिक्षा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सफाई कर्मियों के पैर धोकर संदेश दिया कि देश में हर व्यक्ति और हर काम का पूरा सम्मान है। बाबासाहेब के सम्मान में अटल जी ने संसद के अन्दर बाबासाहेब की प्रतिमा लगाने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित करके सच्चे अर्थों में कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## विज्ञान वर्ग के छात्रों के लिए पुस्तक होगी उपयोगी

**लखनऊ।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री बेबी रानी मौर्य के कर कमलों द्वारा कक्षा 12 के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों हेतु रसायन विज्ञान की सारगर्भित पुस्तक रैपिड रिविजन इन कैमिस्ट्री का विमोचन किया गया। विमोचन के अवसर पर निदेशक, महिला कल्याण विभाग, संदीप कौर भी मौजूद रही। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती मौर्य ने कहा कि कान्तिमोय मुखर्जी को 28 वर्ष के शिक्षण कार्य का अनुभव है। श्री मुखर्जी द्वारा रसायन विज्ञान को अत्यन्त सहज एवं सरल ढंग से रैपिड रिविजन इन कैमिस्ट्रीह्वपुस्तक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी होगी। निदेशक, महिला कल्याण विभाग, श्रीमती संदीप कौर ने कहा कि श्री कान्तिमोय मुखर्जी द्वारा लिखित रसायन विज्ञान की सारगर्भित पुस्तक रैपिड रिविजन इन कैमिस्ट्रह्व आने वाले समय मे विद्यार्थियों के लिए अन्यन्त लाभदायक होगी।

# 'मॉक ड्रिल' साबित हो रहा है लखनऊ पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर का आदेश !

राजा शेख

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में यदि नियम के अनुसार किसी पुलिस कर्मी का ट्रांसफर समय पूरा होने पर कर दिया गयो हो और तब भी वह उसी कुर्सी पर मौजूद रहे, तो आश्चर्य चकित न हों क्योंकि यदि आप रसूख वाले हैं या किसी अफसर के चहेते हैं तो आप ट्रांसफर नियम प्रणाली की धज्जियां उड़ा सकते है और एक सप्ताह, एक माह नहीं पूरे साल या उससे अधिक समय तक अपने रसूख और अफसर की दया पर बे हिचक राजधानी लखनऊ में तैनाती करा कर रुक सकते है और मलाई काट सकते हैं। इसकी बानगी एक नहीं कई हैं। हद तो तब हो गई जब एक साल पहले ट्रांसफर हुए कुछ दारोगा अभी भी लखनऊ के थानों पर बतौर थानाध्यक्ष विराजमान हैं और नियम को ठेंगा दिखा रहे हैं। इसमें सैकड़ों हेड कांस्टेबल सिपाही भी हैं जो आज भी दूसरे जिले में रवाना हुए बगैर अपने कार्यालयों में मौज काट रहे हैं। जबकि

- **सिंग्नेचर बिल्डिंग से जारी होने वाली है दूसरी ट्रांसफर लिस्ट, पहले वाले आज भी जमे**




एक जिले में समय पूरा होने के बाद जारी की गई गस्ती का अब दोबारा इसी जून माह में जारी करने का समय आ गया है और पिछले वाले अभी भी जमे हुए हैं। सिंगनेचर बिल्डिंग से जारी उत्तर प्रदेश में पुलिस ट्रांसफर प्रणाली का नियम होता है कि यदि पुलिस कर्मी का ट्रांसफर हो जाए तो उसकी एक सप्ताह के अंदर रवानगी कर दी जाए या कोई परेशानी है तो वह तत्काल पुलिस मुख्यालय को अवगत कराकर परेशानी साझा करे ताकि उस पर विचार किया जा सके और उसकी रवानगी को कुछ समय के लिए रोक दिया जाए। जबकि नियम से परे उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इसका उल्टा है। यहां ट्रांसफर के बाद भी दारोगा इंस्पेक्टर हेड कांस्टेबल अभी भी अपने पसंदीदा कार्यालय और कुर्सी पर जमे हुए हैं। सूत्रों की माने तो इन्हें रोकने में उनके चहेते अफसर उनकी फ्रंट पर आकर बड़े अफसरों पैरवी कर रहे हैं। ऐसे में ट्रांसफर नियम प्रणाली और सिस्टम पर सवालिया निशान खड़े होना लाजमी है। सूत्रों की माने तो रिजर्व पुलिस लाइन में सैकड़ों पुलिस कर्मी जो गैर जनपद से या लखनऊ से किसी प्रकरण में लाइन में हैं उन्हें जिले में तैनाती नहीं दी जा रही है। इस वजह से गैर जनपद से आये हुए पुलिस कर्मियों को फील्ड में काम करने का मौका नहीं मिल पा रहा है।

## भाजपा सरकार ने देश का पूरा बाजार विदेशियों के हाथ में दे दिया : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश का पूरा बाजार विदेशियों के हाथ में दे दिया है। जो लोग खुद को राष्ट्रवादी कहते थे, स्वदेशी की बात करते थे, उन्होंने एफडीआई लाकर और नीतियां बनाकर देश का बाजार विदेशी सामानों से पाट दिया।

- **सपा प्रमुख ने पसमांद मुस्लिम समाज के साथ बैठक के बाद पत्रकारों को किया सम्बोधित**



पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पसमांदा मुस्लिम समाज की बैठक के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने केन्द्र की 11 साल की और प्रदेश की 9 साल कुल मिलाकर 20 साल की सरकार ने मिलकर कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है। विरोधी पार्टियों और नेताओं के खिलाफ अभियान चलाया। घटिया प्रोपेगांडा को बढ़ाया। लोगों की छवि को खराब करने के लिए निजी हमले कराये। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा व्यवस्था सब बर्बाद कर दिया। भाजपा सरकार ने बिजली का बिल बढ़ाने का जो प्रस्ताव भेजा है अगर वह लागू हो गया तो बिजली बहुत महंगी मिलेगी। कारोबार और उद्योग नहीं चल पायेंगे।

# पत्रकारों के लिए देहरादून में लगा विशेष स्वास्थ्य कैम्प

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** मीडिया कर्मी दिन रात न्यूज कवरेज के दायित्व में जुटे रहते हैं, इस वजह से कई बार अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं इसलिए यह विशेष स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। आगे भी समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किए जायेंगे, ताकि पत्रकारों को निरंतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों के लिए आयोजित स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर के आयोजन के सम्बन्ध में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री धामी के निदेर्शों के क्रम में आज स्वास्थ्य और सूचना विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से देहरादून में पत्रकारों और उनके परिजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें 350 से अधिक पत्रकारों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए गत दिनों अधिकारियों को पत्रकारों के लिए विशेष मेडिकल कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों ने पत्रकारों की स्वास्थ्य जांच करते हुए, परामर्श दिया। साथ ही पैथॉलॉजी सहित अन्य जांचें और आभा आईडी बनाने का काम भी मौके पर किया गया।

- **पत्रकारों के स्वास्थ्य लाभ के लिए समय-समय पर आयोजित किए जायेंगे विशेष स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर : सीएम धामी**
- **सचिव स्वास्थ्य डा आर राजेश कुमार व डीजी सूचना बंशीधर तिवारी ने संयुक्त रूप से किया शिविर का शुभारंभ**
- **मेडिकल कैम्प में पत्रकारों की दिखी जबरदस्त सहभागिता : 350 से अधिक की हुई जांच**



इस विशेष स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने किया। इस मौके पर सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा कि पत्रकार और मीडिया कर्मियों की व्यस्तता को देखते हुए यह कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच के बाद परामर्श प्रदान किया। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कहा कि भविष्य में भी पत्रकारों के कल्याण के लिए इस तरह के कैम्प आयोजित किए जायेंगे, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पत्रकार हितों के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं, यह कैम्प इसी क्रम में आयोजित किया गया। निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि कैम्प में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. विवेकानंद सत्यावली, डॉ अंकुर पांडे, डॉ एनएस बिष्ट, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार, ईएनटी डॉ पीयूष त्रिपाठी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शांति पांडे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमर उपाध्याय, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चित्रा जोशी, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल जोशी, दंत रोग के डॉ. देवाशीष सवाई, डॉ. योगेश्वरी, सर्जन डॉ. अभय, डॉ दिनेश चौहान, यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनोज विश्वास, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ भव्या, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ जगदीश सिंह बिष्ट, न्यूरो सर्जन डॉ डीपी तिवारी, पैथोलॉजिस्ट डॉ उमाशंकर कंडवाल, सीएमएस डॉ रविन्द्र बिष्ट, प्राचार्य डॉ गीता जैन, सीनियर रेडियोलॉजी टेक्नीशियन महेंद्र भंडारी सहित पैरामेडिकल स्टाफ भी शामिल हुआ।

# वोटर लिस्ट में जुड़ेगा हर एक पात्र नागरिक का नाम : नवदीप रिणवा

### निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) का 17, 19, व 25 जून को एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश की 403 विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) का 17, 19, व 25 जून को उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम), अलीगंज लखनऊ में तीन चरणवार एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है।

- **उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभाओं में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की तैयारी त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण**

प्रथम चरण के सत्र का प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ किया। प्रथम चरण में प्रतिभाग करने वाले 124 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को संबोधित किया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाता सूची से जुड़े हुए मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो ये हम सब की जिम्मेदारी है। हमारे प्रदेश की मतदाता सूची में त्रुटियां न रहें, इसके लिए आज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने मतदाता सूची के विधिक पहलुओं तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं बीएलओ के दायित्व एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज आप यहां से अच्छे ढंग से प्रशिक्षण




लेकर जायेंगे तो आप अपने नीचे स्तर पर बीएलओं और सुपरवाइजरों को छोटे-छोटे समूहों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर पायेंगे। जिन बूथों में जेण्डर रेशियों कम है उनका चिन्हांकरन करते हुए एक कार्ययोजना के अन्तर्गत छोटे-छोटे समूहों में संबंधित बीएलओ को उस पर कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया जाए तथा उसका निरन्तर अनुश्रवण किया जाए। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने के बारे में संभावित मतदाताओं का चिन्हांकन बीएलओ के माध्यम से करा लिया जाए तथा उनके नाम शामिल किए जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जाए। समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को आलेख्य एवं अन्तिम प्रकाशन के दिन मतदाता सूची की निःशुल्क प्रतियां उपलब्ध करायी जाएं।

उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) से संबंधित प्राप्त सभी दावे और अपत्तियों का निस्तारण समयावधि में गुणवत्तापूर्वक किया जाना है। ईआरओ नेट एवं बीएलओ ऐप से संबंधित विविध कार्यवाहियों के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी प्रतिभागियों के मूल्यांकन के संदर्भ में प्रश्नावली पर परीक्षा ली गई। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मई व जून 2025 में पांच चरणों में प्रदेश के एक जनपद से एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से एक बीएलओ सुपरवाइजर को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आयोग द्वारा अन्तिम प्रशिक्षण सत्र 23 व 25 जून को प्रस्तावित है। इसी क्रम में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र द्वारा प्रदेश के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं आयोग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बीएलओ सुपरवाइजर्स को 12 जून को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

## सीएम योगी ने दिवंगत महानगर अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार पूर्वाह्न भारतीय जनता पार्टी के दिवंगत महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव के घर जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्वर्गीय श्रीवास्तव के परिजनों से मुलाकात कर उन्होंने ढांढस भी बंधाया। मंगलवार सुबह वाराणसी से गोरखपुर पहुंचते ही मुख्यमंत्री भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे देवेश श्रीवास्तव के घर पहुंचे। देवेश श्रीवास्तव का 11 जून को हृदयाघात से निधन हो गया था। दुगार्बाड़ी रोड स्थित आवास पर जाकर सीएम योगी ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने देवेश श्रीवास्तव के परिजनों से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में उन्हें सांत्वना दी और आश्वस्त किया कि वह हमेशा परिवार के साथ खड़े हैं। देवेश श्रीवास्तव के घर से निकलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जेल रोड स्थित जितेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के घर पहुंचे। गुड्डू सिंह का भी विगत दिनों निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। यहां भी उन्होंने परिवार के लोगों से मुलाकात की और इस दुखमय समय में ढांढस बंधाया। इस दौरान दोनों स्थानों पर मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डा. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह आदि भी मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रेलकर्मी अजय कुमार सिंह के आवास पर जाकर उनका कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की कामना की। अजय कुमार सिंह रेल सेवा में आने से पहले भाजयुमो के पदाधिकारी थे। गोरक्षपीठ के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले अजय सिंह कैंसर से पीड़ित थे और इलाज के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गंगा नगर कॉलोनी स्थित उनके आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गोड़वा खाकी का पुरवा गांव निवासी पैतीस वर्षीय नीरज सिंह पुत्र शिव प्रताप सिंह सोमवार की देर रात बाइक से रिश्तेदारी से घर लौट रहा था। रायपुर तिवाई चौराहे के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। डॉयल एक सौ बारह पुलिस ने जानकारी होने पर घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिवार के लोग भागकर अस्पताल पहुंचे और शव को देख रोने बिलखने लगे। मृतक की पत्नी गरिमा सिंह समेत परिवार के लोगों का रो रो कर बुराहाल दिखा। मृतक घर पर खेती करता था। उसके दो पुत्र छः वर्षीय धर्मवीर तथा चार वर्षीय पार्थ है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## एसपी की फटकार पर दर्ज हुआ मारपीट का केस

प्रतापगढ़। एसपी की फटकार पर मारपीट की घटना को लेकर सांगीपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव की सीमा पाण्डेय पत्नी श्रीकांत पाण्डेय ने एसपी को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्रह मई की शाम करीब छः बजे रंजिश को लेकर गांव के रामसजीवन पाण्डेय व उसकी पत्नी शकुंतला, पुत्री अर्चना तथा पुत्र आशीष एकराय होकर दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीडिता के विरोध करने पर आरोपियो ने घर में घुसकर पीडिता व उसकी पुत्री शिवानी व पति को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियो ने घरेलू सामानों में तोडफोड कर उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की तहरीर दी लेकिन मेडिकल परीक्षण कराने के बाद भी पुलिस ने जांच के नाम पर कार्रवाई नही की। परेशान पीडिता ने एसपी से घटना की शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी है। एसपी की फटकार पर सांगीपुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जमीन के विवाद में किशोरी की पिटाई, एसपी से शिकायत

प्रतापगढ़। जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना पर पीडिता ने एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार की है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गारापुर गांव की ज्ञाना देवी पत्नी घनश्याम वर्मा ने एसपी को भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि पीड़िता व उसके पति दिव्यांग हैं। गांव के कुछ लोग उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। मामले की शिकायत पर बीती पन्द्रह जून को दोपहर करीब तीन बजे थाने से आये एक दरोगा की मौजूदगी में सुलह समझौते की बात चल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपियों ने उसकी नाबालिग पुत्री को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। पीडिता का यह भी आरोप है कि घटना के दौरान मौजूद पुलिस आरोपियों के पक्ष में दिखी। घटना से पीडित परिवार भयभीत है। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नशे में धुत व्यक्ति ने बुजुर्ग महिला को मार डाला

झांसी। जिले में मंगलवार को नशे में धुत एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि यह घटना सुबह जिले के खनुआ गांव में हुई, जहां 75 वर्षीय लाडली पटेल सुबह करीब नौ बजे अपने घर के बाहर बैठी थी, तभी नाथूराम (45) उर्फ भोला नशे में धुत उनके पास आया और अचानक महिला पर फरसा (कुल्हाड़ी जैसा हथियार) से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अधीक्षक कुमार ने बताया कि आदतन अपराधी और मादक पदार्थों का सेवन करने वाले नाथूराम की बुजुर्ग महिला से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं थी। लाडली के परिवार ने भी पुष्टि की कि उनका आरोपी के साथ पहले कोई विवाद या झगड़ा नहीं था। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि नाथूराम गांव में अकेला रहता है और अविवाहित है। वह पहले भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## रेलवे प्लेटफार्म पर मृत भिखारी के पास मिले 91 हजार रुपये

मथुरा। मथुरा जंक्शन पर सोमवार को मृत पाए गए एक वृद्ध भिखारी के सामान से 91 हजार रुपये से अधिक की नकदी मिली है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार भिखारी की शिनाख्त का प्रयास जारी है और शव को शिनाख्त की आशा में कानून के मुताबिक 72 घंटे के लिए दावेदार के इंतजार में शवगृह में रखवा दिया गया है। राजकीय रेलवे पुलिस थाना प्रभारी यादराम सिंह ने बताया कि मथुरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या आठ पर एक भिखारी लावारिस अवस्था में मृत पड़ा मिला। कैंटीन पर काम करने वालों का कहना था कि वह लंबे समय से प्लेटफॉर्म पर आने-जाने वाले यात्रियों से भीख मांग कर गुजारा करता था। वह संभवतः कुछ दिन से बीमार चल रहा था, जिसके चलते सोमवार को उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जब पंचनामा भरने से पूर्व उसके सामान की तलाशी ली गई, तो एक पॉलीथिन की थैली से 91070 रुपये की नकदी व रेजगारी मिली। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। उसकी फोटो आसपास के जनपदों के थानों व लावारिस लोगों के संबंध में सूचना देने वाली वेबसाइटों पर भेजी गयी है और शव को शवगृह में रखवा दिया गया है। मामले के जांच अधिकारी उप निरीक्षक शिवपाल सिंह ने बताया कि थैली में नोटों के साथ पंजाब नेशनल बैंक की एक पर्ची मिली है, जिससे उसके खाते की पहचान कर उसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उसके पास से एक मोबाइल फोन भी मिला है, जिसमें सिम कार्ड नहीं था।

# नये चयनित पुलिस कर्मियों को मिला प्रशिक्षण



सिद्धार्थनगर- आरक्षी भर्ती-2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण की शुरूआत के अवसर पर पुलिस लाइन में मंगलवार को एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन अरुण कांत सिंह ने की, जिसमें नवचयनित अभ्यर्थियों को कर्तव्य, अनुशासन और समय प्रबंधन की सीख दी गई। चयनित आरक्षियों को बताया गया कि पुलिस सेवा सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का कार्य है। उन्हें अनुशासन, शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस, आपसी सौहार्द और समयबद्धता जैसे मूलभूत सिद्धांतों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अधिकारियों ने उन्हें एक जिम्मेदार और ईमानदार पुलिसकर्मी बनने का संकल्प दिलाया। पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में अभ्यर्थियों के रहने, खाने और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उचित व्यवस्था देख अभ्यर्थियों के परिजन भी संतुष्ट नजर आए। परिजनों ने कहा कि हमारे बच्चों के लिए जो सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, वह न केवल बेहतर हैं बल्कि प्रशंसनीय भी हैं। इससे हमें सुकून मिला है कि वे एक सुरक्षित और अनुशासित माहौल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सीओ अरुण कांत सिंह ने कहा कि हर अभ्यर्थी को एक जिम्मेदार और अनुशासित आरक्षक के रूप में तैयार किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें हर आवश्यक सुविधा और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन



मेरठ। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए जिला गंगा समिति मेरठ द्वारा कृषि विभाग मेरठ के सहयोग से हस्तिनापुर के कृषि विज्ञान केंद्र में गंगा किनारे ग्रामों एवं अन्य स्थानों पर प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के साथ जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्य अतिथि डॉ वी. के. सिंह जिलाधिकारी, अध्यक्ष जिला गंगा समिति एवं नूपुर गोयल, मुख्य विकास अधिकारी नोडल जिला गंगा समिति द्वारा संयुक्त रूप से प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रदर्शनी में लगे प्रत्येक स्टाल का निरीक्षण किया गया तथा विस्तृत जानकारी ली। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, एसडीएम मवाना दीपक माथुर, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे तुषार गुप्ता, उपनिदेशक कृषि निलेश चौरसिया द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए तुषार गुप्ता जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे द्वारा बताया गया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य गंगा किनारे खेती कर रहे किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने तथा सरकार द्वारा किसानों के लाभ के हित में किया जा रहे हैं प्रयासों से अवगत कराना है, प्राकृतिक खेती करने से गंगा में निवास कर रहे हैं जलीय जीवों के जीवन को भी सुरक्षित किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित प्रतिभागी कृषकों को विस्तृत रूप से कृषि के क्षेत्र में विशेष रूप से प्राकृतिक खेती के लाभों से अवगत कराया तथा उन्होंने विभिन्न जैविक उत्पादों के विषय में भी किसानों को जानकारी दी इसी के साथ जिलाधिकारी द्वारा जिला गंगा समिति के प्रयासों की भी सराहना की गई। मुख्य विकास अधिकारी मेरठ द्वारा सभी किसानों से अपील की गई की वे कृषि विभाग से संपर्क कर अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती को अपनाने के विषय में और अपने उत्पादों को बाजार में बेचने हेतु जानकारी प्राप्त करें।

## गैरहाजिरी पर पन्द्रह लेखपालों का हुआ स्पष्टीकरण तलब, बीस हुए स्थानांतरित

प्रतापगढ़। साप्ताहिक हाजिरी के दिन गैरहाजिर हुए पन्द्रह लेखपालों का तहसीलदार ने स्पष्टीकरण तलब किया है। बीती दस जून को साप्ताहिक हाजिरी के दिन उपस्थिति पंजिका का औचक निरीक्षण करने पर तहसील क्षेत्र में कार्यरत पन्द्रह लेखपाल गैरहाजिर पाये गये। तहसीलदार गरिमा वर्मा ने इन सभी का स्पष्टीकरण तलब करते हुए संतोषजनक जबाब न मिलने पर दण्डात्मक कार्रवाई के लिए आगाह किया है। गैरहाजिर लेखपालों के स्पष्टीकरण का पत्र निर्गत होते ही मंगलवार को तहसील में राजस्वकर्मियों में हडकंप का माहौल दिखा। इधर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बीस लेखपालों का स्थानान्तरण आदेश निर्गत किया है। एसडीएम ने तहसील के पूरे फत्ते सिंह, कल्यानपुर, देवापुर, डगरारा, कैथौला, हण्डौर, तिना, तेलियाही, धनसारी, डोमीपुर, काछा, देवली, भटनी, रांकी, मंगापुर, राहाटीकर, इदिलपुर, सिलौधी आदि गांवों में तैनात लेखपालों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। तहसीलदार ने स्थानांतरित लेखपालों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती में कार्यभार ग्रहण किये जाने के भी सख्त निर्देश दिये हैं।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

प्रतापगढ़। जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत हो गयी। पीएम के बाद परिजनों ने मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के परसपुर अमावां गांव निवासी राजकुमार सरोज की इक्कीस वषीर्या पुत्री सोनिया ने रविवार की शाम घरवालों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे निजी वाहन से इलाज के लिए संयुक्त जिला अस्पताल असैदापुर गौरीगंज, अमेठी ले गये। यहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख एम्स रायबरेली के लिए रेफर कर दिया। परिवार के लोगों के अनुसार जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत खराब हुई थी। इलाज के दौरान सोमवार की देर शाम उसकी मौत हो गयी। रायबरेली में शव का पीएम हुआ। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले आये। यहां मंगलवार को दोपहर गांव में ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ उदयपुर राधेश्याम ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

# हर घर नल योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न




श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (हर घर नल से जल योजना) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना पर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया किया की जल जीवन मिशन फेज-क्कके तहत मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो को आवंटित 124 परियोजनाओं में 123 पर कार्य शुरू किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया किया शेष परियोजनाओं पर भी जून, 2025 तक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाये। साथ ही उच्च जलाशयों की स्थापना सहित शत-प्रतिशत घर तक नल पहुंचाकर सम्बन्धित ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किया जाये। इसी प्रकार, फेज-श के तहत मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा विश्वनाथ प्रोजेक्ट लिमिटेड को आवंटित 165 परियोजनाओं में 164 पर कार्य शुरू किया हुआ है। जिलाधिकारी ने मैन पावर बढ़ाकर शेष कार्य एक साथ पूर्ण किया जाने, साथ ही रोड पुनर्स्थापन पर विशेष जोर दिया, ताकि अगस्त, 2025 तक हर घर नल की योजना शत-प्रतिशत लागू किया जा सके। बैठक का संचालन अधिशासी अभियंता जल निगम ने किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, सहायक अभियंता जल निगम, परियोजना प्रबंधक सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

## समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का दिया निर्देश

बलरामपुर। जनपद में संचालित 01 करोड़ से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएम द्वारा जनपद में संचालित सभी निर्माणधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति जानी। उन्होंने निर्माण कार्य कार्यों में तेजी लाते हुए माह से सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिया।



उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र शासन में समय से भेज दिया जाए, जिससे कि शेष किश्त समय से प्राप्त हो। उन्होंने निर्माणधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पेयजल परियोजनों में तेजी लाए जाने एवं क्षतिग्रस्त सड़कों एवं सरकारी संपति को पहले जैसा किया जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा इसमें लापरवाही पर संबंधित की जिम्मेदारी होगी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने नई सड़कों का निर्माण, अनुरक्षण, गड्ढामुक्ति आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। बैठक मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जनजागरूकता फैलाने में मीडिया की भूमिका अहम

## ग्राम पंचायत सूचकांक पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न




श्रावस्ती। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना तहत पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई) व पंचायत उन्नति योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जाने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचे तभी उनका लाभ मिलेगा, साथ ही इससे उनके शैक्षिक, सामाजिक व आर्थिक जीवन का भी विकास होगा। जनजागरूकता फैलाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। केंद्र व राज्य सरकारें पंचायत सूचकांक की ग्रेडिंग देखकर पुरस्कार देंगी। अच्छे अंक पाने के लिए हर पंचायत को एक गुणवत्ता परक योजना तय करना होगा, जिसका क्रियान्वयन तय कार्यक्रम अनुसार किया जाएगा। गांव की तरक्की ही देश की तरक्की है—यह पंचायती राज का मूलमंत्र है।

उपनिदेशक (पं0) गिरिश चन्द्र रजक ने कहा कि सतत् विकास तभी संभव है जब हर पंचायत मजबूत रहे। सतत् विकास लक्ष्य (एसडीजी) की ग्रेडिंग उनके प्रयास पर तय की जाएगी।

जिला पंचायत रिसोर्स केंद्र (डीपीआरसी) के सीनियर फैकल्टी बृजेश कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा किया पंचायत सूचकांक एक बहुआयामी सूचक है, जिसका लक्ष्य उनके समग्र प्रदर्शन का आकलन करना है। इसका मुख्य केंद्र पंचायत की जनकल्याण सुविधाओं पर होगा। प्रशिक्षक तारिक अहमद ने जन प्रतिनिधियों, नीतिनियंताओं, अधिकारियों सहित सभी सम्बन्धित लोगों पर सुधार की जरूरतें चिह्नित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत राज अधिकारी नंदलाल ने किया।

# हनुमान जी का हुआ पूजन- अर्चन



प्रतापगढ़। लालगंज नगर पंचायत के उदियापुर में मंगलवार को हनुमानजी महराज का पूजन अर्चन उत्सव में श्रद्धालुओं का जमावडा देखा गया। वहीं धार्मिक आयोजन को लेकर हुए विशाल भण्डारे मे श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महराज का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में हनुमान भक्तों ने भगवान बजरंग बली का भव्य श्रृंगार किया। वहीं महिलाओं ने आरती दीप से आराधना की। भक्ति संगीत के कार्यक्रमों में भगवान श्रीराम व हनुमान जी की महिमा का गुणगान सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संयोजन राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने आचार्य समूह का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मान किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, राजेन्द्र द्विवेदी, सभासद दारा सिंह, सभासद हरिशंकर, कैलाश सोनी, मंगलेश सिंह, राजू सिंह, अनिल पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, साधना मौर्या, धीरज पाठक, लालजी धुरिया, अजय चौधरी, रज्जन पाण्डेय, देवेन्द्र द्विवेदी, शिवाकांत मिश्र, विपिन सोनी, दिनेश बारी, साहब लाल, शिव प्रसाद, दीपक मौर्य आदि रहे।

## जनता दर्शन में एएसपी ने सुनी फरियाद



श्रावस्ती। जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है – इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 29 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 08 भूमि विवाद, 09 मारपीट, 01 लेनदेन, 01 पारिवारिक, 01 महिला सम्बन्धी और 09 अन्य मामले शामिल थे। एएसपी श्री उत्तम ने हर एक आवेदन पर गंभीरतापूर्वक विचार किया और सम्बन्धित अधिकारियों को उनके त्वरित, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिया।

## पीएम आवास योजना शहरी का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा बैठक किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया किया योजना की प्रगति पर नजर रखें और सरकार की मंशानुसार लाभार्थियों को धनराशि मिलने पर उनके घर निर्माण का कार्य तेजी से किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि पहले या दूसरे किश्त मिलने के बाद भी अधूरा निर्माण होने पर उसको प्राथमिकता सहित पूर्ण किया जाये। साथ ही हर लाभार्थी को तय अवधि में अगली किश्त का भुगतान किया जाये। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता की जांच और जमीनी स्तर पर निगरानी बढ़ाने पर भी जोर दिया, ताकि घर तय लक्ष्य तक पहुंच सकें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा, तहसीलदार जागृति सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा डॉ अनीता शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले में मीरनपुर आंवला के निकट जांच के दौरान पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल ने बताया कि थाना कंधई पुलिस मीरनपुर आंवला के निकट जांच के दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि जवाबी फायरिंग में शातिर अपराधी आमिर उर्फ साजिद अली (21) पैर में गोली लगने से घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# तान्या मोटर्स पर मेडा करेगा कार्यवाही!

- इस खेल को अंजाम देने वाले तत्कालीन अधिकारियों तथा इंजीनियरों की कार्यशैली पर भी उठ रहे सवाल

मुकेश कुमार गुप्ता

मेरठ। महानगर के बच्चा पार्क क्षेत्र में स्थित तान्या मोटर्स के विरुद्ध चल रहे विवादास्पद अवैध निर्माण प्रकरण में 17 जून को मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। यह जानकारी शिकायतकर्ता अधिवक्ता रामकुमार शर्मा ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी।

अधिवक्ता श्री शर्मा के मुताबिक मंगलवार को प्राधिकरण के क्षेत्रीय प्रभारी प्रवर्तन जितेन्द्र सिंह व अन्य टीम द्वारा मौके पर पहुँच कर तान्या मोटर्स, तान्या ऑटोमोबाइल्स व तान्या सर्विस सेंटर तीनों के विरुद्ध चालान किया गया और अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। यह कार्यवाही विगत दिनों अधिवक्ता रामकुमार शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से व्यक्तिगत भेंट कर प्रस्तुत की गई। गंभीर शिकायतों के पश्चात लखनऊ से संज्ञान लिए जाने के बाद कार्यवाही की गई है। शिकायत में बताया गया था कि विवेक गर्ग व हर्ष गर्ग द्वारा आवासीय क्षेत्र में वाणिज्यिक निर्माण कर प्राधिकरण को गुमराह कर तीन अलग-अलग नामों से नक्शे पास कराए गए।

दूसरी बिल्डिंग की सेटबैक भूमि पर अतिक्रमण कर लोहे के पाइप व एंगल पर तीन मंजिला निर्माण कर दिया गया, जिससे आसपास के निवासियों के लिए हवा-पानी बंद हो गया और भवनों में दरारें आ गईं। बेसमेंट जो कि केवल पार्किंग के लिए स्वीकृत था, को वर्कशॉप में तब्दील कर दिया गया जिससे ध्वनि व जल प्रदूषण फैल रहा था। अवैध वर्कशॉप से प्रदूषित पानी को भूमिगत छोड़कर पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुँचाई जा रही थी। रामकुमार शर्मा ने बताया कि आज वह स्वंय प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आईएएस अधिकारी संजय कुमार मीणा, सचिव आनंद कुमार सिंह एवं प्रवर्तन अधिकारी अर्पित यादव से मिले, जिन्होंने उन्हें शीघ्र सख्त कार्यवाही का पूर्ण आश्वासन दिया।

इस कार्यवाही से मेरठ विकास प्राधिकरण में हलचल मच गई है, तथा अन्य अवैध निमार्णों को लेकर भी प्रशासनिक सख्ती की संभावना बढ़ गई है। यदि हम सूत्रों की माने तो तत्कालीन प्राधिकरण के अधिकारी तथा इंजनियरों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं क्या उन पर भी कार्यवाही होगी जिन्होंने आंखें बंद कर नियमों की धज्जियां उड़ाकर तान्या मोटर्स के नियम विरुद्ध निर्माण पर कार्यवाही नहीं की।

# छापेमारी में 2 अस्पतालों को नोटिस

## एक अल्ट्रासाउंड सेंटर सीज

बांसी। सिद्धार्थनगर। क्षेत्र में चल रहे अवैध अस्पतालों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने मंगलवार को कस्बे के दो अस्पताल को नवीनीकरण होने तक संचालित न करने का नोटिस दिया तथा एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को सीज कर दिया गया है। इन अस्पतालों में भर्ती मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया और कुछ को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है। अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल, अल्ट्रासाउंड सेंटर व पैथोलॉजी पर प्रशासन और पुलिस की टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार पर लगाम लगाने का प्रयास किया है। आज बांसी कस्बे में स्थित धन्वंतरी हॉस्पिटल व अपोलो हॉस्पिटल पर सी एम ओ रजत कुमार चौरसिया व एस डी एम शशांक शेखर राय की टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम छापेमारी की जिसमें पहले धन्वंतरी हॉस्पिटल पर रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण नहीं पाया गया। यहां भर्ती मरीजों को सरकारी अस्पताल भेजा गया जब तक रजिस्ट्रेशन नहीं होता तब तक अस्पताल बंद करने की नोटिस चस्पा किया। वही दूसरी तरफ अपोलो हॉस्पिटल में स्वास्थ एवं प्रशासन की टीम पहुंची जिसमें डिप्टी सीएमओ शेष भान गौतम व नायब तहसीलदार माधुर्य यादव सीएचसी अधीक्षक धर्मेंद्र चौधरी ने छापेमारी की छापेमारी के दौरान अस्पताल में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड को सील करते हुए



भर्ती मरीजों को अस्पताल व उनके घर भिजवाया। अपोलो हॉस्पिटल में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर का रजिस्ट्रेशन न होने की वजह से उसे सील कर दिया गया अस्पताल के बाहर प्रशासन ने नोटिस चस्पा किया गया। साथ ही यह निर्देश दिया गया कि जब तक रजिस्ट्रेशन नहीं हो जाता तब तक अस्पताल का संचालन न किया जाय।

# एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी से दक्षिणांचल का होगा कायाकल्प

- गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे बनेगा जिले के दक्षिणी हिस्से के तीव्र विकास का आधार
- दक्षिणांचल में ही नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप की परिकल्पना को साकार कर रही योगी सरकार
- धुरियापार में 5500 एकड़ में बन रहा इंडस्ट्रियल टाउनशिप, जारी है भूमि अधिग्रहण
- अडानी समूह सहित कई बड़े निवेशक लगाएंगे औद्योगिक इकाई

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। जनपद के जिस दक्षिणांचल को सबसे पिछड़ा क्षेत्र मान लिया गया था, अब वह आगामी सालों में विकास और नई औद्योगिक पहचान की आभा से चहक उठेगा। दक्षिणांचल के कायाकल्प का आधार बनेगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों 20 जून को लोकार्पित होने जा रहा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे। लिंक एक्सप्रेसवे की शानदार रोड कनेक्टिविटी के चलते योगी सरकार दक्षिणांचल के धुरियापार में नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप की परिकल्पना को साकार कर रही है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और देश की नामी कंपनियों को यहां उद्योग के लिए जमीन भी पसंद आने लगी है।

अडानी सहित कई औद्योगिक घराने यहां निवेश के लिए तैयार हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर को केंद्रित कर पूर्वी यूपी की औद्योगिक प्रगति की इबारत लिखने के लिए सुनहरा पन्ना बन रहा है। खासकर गोरखपुर के दक्षिणी हिस्से के लिए। गोरखपुर के दक्षिणांचल में स्थित है धुरियापार क्षेत्र। इस इलाके की जो जमीन ऊसर थी, जिसपर कोई फसल मुश्किल से उगती थी, वहां योगी सरकार उद्योगों की फसल लगवाने को तत्पर है।

इसके लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) द्वारा 5500 एकड़ में धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को मूर्त रूप दिया जा रहा है। करीब डेढ़ दर्जन गांवों की अनुपजाऊ जमीनों के अधिग्रहण के सिलसिले में अब तक 600 एकड़ जमीन गीडा द्वारा अधिग्रहित की जा चुकी है। यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप पूर्वांचल के सबसे बड़े इंडस्ट्रियल लैंड बैंक वाली होगी। योगी सरकार की मंशा यहां बड़े उद्यगों का संजाल बिछाने के साथ इसे इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर के रूप में विकसित कर करने की है। इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे बैक बोन का काम करेगा। ऊसर धरती पर उद्योगों के जरिये रोजगार की भरपूर छांव मिले, योगी सरकार इसी फॉमूर्ले के तहत ग्रेटर गीडा के रूप में धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का विकास कर रही है। मूर्त रूप में आने के बाद यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप धुरियापार समेत समूचे गोरखपुर दक्षिणांचल के लिए गेम चेंजर साबित होगी। धुरियापार की पहचान अति पिछड़े क्षेत्र के रूप में रही लेकिन आने वाले दिनों में इसकी ख्याति गोरखपुर के नए औद्योगिक क्षेत्र के गेटवे के रूप में होगी। बीते आठ सालों में देश-दुनिया के कई निवेशकों का रुझान गोरखपुर की तरफ देखते हुए सरकार धुरियापार क्षेत्र को ग्रेटर गीडा बनाने की तैयारी कर रही है। औद्योगिक विकास के साथ ही यहां रोजगार की बहार भी बहेगी। गोरखपुर के दक्षिणांचल के औद्योगिक विकास को लेकर योगी सरकार काफी संजीदा है।

धुरियापार में बनने के बाद से ही बंद पड़ी चीनी मिल के कुछ हिस्से में इंडियन ऑयल की तरफ से कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट लगाया जा चुका है। इस प्लांट के बाद धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के मूर्त रूप में आने के बाद इस क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा। इंडस्ट्रियल टाउनशिप में लगने वाले उद्योगों से करीब 10,000 से अधिक लोगों को रोजगार सुलभ होगा। धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए निवेश प्रस्ताव आने शुरू भी हो गए हैं। अडानी समूह ने एसीसी ब्रांड के सीमेंट प्लांट के लिए जमीन की मांग की है। श्री सीमेंट और केयान डिस्टिलरी ने भी नया प्लांट लगाने के लिए जमीन की मांग की है। इसके अलावा कई अन्य औद्योगिक समूह यहां निवेश में रुचि दिखाई है।

## संक्षेप

### तार टूटने से कई घंटे बाधित रही विद्युत व्यवस्था

पिपरौली, गोरखपुर। जुडियांन उपकेंद्र के बरहुआ फीडर के तहत अमटौरा गांव में केबिल गीरने से लगातार 17 घंटे बिजली व्यवस्था बाधित रही।जिसकी वजह से ग्रामीणों में इस भीषण तपती गर्मी कि वजह से हाहाकार मच गया। लगातार 17 घंटे बिजली कटने से बिजली से चलने वाले यंत्र पंखा, कुलर, एसी इत्यादि सब बेकार बन गए। ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। ग्राम सभा अमटौरा गांव में कुल पांच हजार आबादी निवास करती है तथा करिब 110 बिजली कनेक्शन धारी हैं। ग्रामीणों कि माने तो आए दिन गांव के केबिल के तार टूटकर गिरते हैं, जिसका आज तक बिजली विभाग कोई स्थाई समाधान नहीं निकाल पाया।जिसकी वजह से आए दिन ग्रामिणों को परेशानी उठानी पड़ती है। इस संबंध में अवर अभियंता आर के सिंह ने बताया कि केबिल के संबंध में अमटौरा गांव का प्रपोजल भेजा गया है, समय लगेगा, पर निदान हो जाएगा।

### नाबालिग साली से जीजा ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने बड़ी बहन के घर गयी एक नाबालिग किशोरी से उसके जीजा ने दुष्कर्म किया। पीड़ित किशोरी की बड़ी बहन यानि आरोपी जीजा की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जीजा के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़ित नाबालिग किशोरी की बड़ी बहन ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरी इग्यारह वर्षीय बहन के साथ मेरे पति मनोज कुमार गौण पुत्र स्व० सुर्यनारायण निवासी गोबिन्दपुर जगतबेला ने बीते सोमवार की रात नौ बजे के आस पास जबरजस्ती दुस्कर्म कर दिया। बहन ने आपबीती उससे बताई। जिसके बाद पति से उसने इस संबंध में पूछा तो उसने इंकार कर दिया। जब काफी दबाव बनाया तो मुह बन्द करने की घमकी देने के साथ ही घर से बाहर निकल गया। सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस रात लगभग एक बजे के आस पास जगत बेला अंडर पास से गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिस बिधिक कार्यवाही के पश्चात दुराचारी को जेल भेज दिया।

### जिला अस्पताल में बुजुर्ग से कराई स्ट्रेचर की सफाई

इटावा। प्रदेश सरकार भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लाख दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। इटावा के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संयुक्त जिला अस्पताल में सोमवार को अस्पताल स्टाफ की संवेदनहीनता और लापरवाही की हदें पार हो गईं। जब एक बुजुर्ग महिला से जबरन स्ट्रेचर साफ कराया गया। जसवंतनगर क्षेत्र के धनुआ गांव निवासी राममूर्ति देवी अपने घायल बेटे सोमेश को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लेकर आई थीं। प्लास्टर चढ़वाने के बाद जब बेटा ऑटो में बैठ गया, तो राममूर्ति स्ट्रेचर वापस करने पहुंचीं। लेकिन इमरजेंसी के बाहर तैनात कर्मचारी ने स्ट्रेचर पर लगी प्लास्टर की धूल साफ करने को कहा। जब महिला ने गर्मी और उम्र का हवाला देकर इंकार किया, तो कर्मचारी ने उनका आधार कार्ड देने से मना कर दिया। मजबूर होकर बुजुर्ग महिला को अपने हाथों से स्ट्रेचर साफ करना पड़ा। यह वही स्ट्रेचर है जिस पर गंभीर मरीजों और शवों को लाया जाता है। इस शर्मनाक घटना का वीडियो अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

### फिलस्तीन में इजराइल द्वारा नरसंहार के विरोध में प्रदर्शन

इटावा। फिलस्तीन में इजराइल द्वारा किए जा रहे नरसंहार सैन्य कार्यवाहियों के विरोध में वामपंथीदलों के देशव्यापी आहवान पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी इटावा द्वारा प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला को सौपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि इस नरसंहार युद्व में 55000 से ज्यादा फिलस्तीनियों की हत्याये हुई है। निजमें 60 फीसदी से ज्यादा स्त्री और बच्चे हैं। फिलस्तीन में स्कूलो-अस्पतालो, घरों और फसलों को नेस्तानाबूत किया जा रहा है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से आग्रह किया गया है कि यह हमारे देश की गुटनिरपेक्ष नीति, नैतिक कूटनीति शांति और न्याय की एतिहासिक भूमिका के खिलाफ है। ज्ञापन में फिलस्तीन जनता के साथ एकजुटता, इसराइल के जेलो में बंद मानवाधिकार कार्यकर्ताओ को रिहा किया जाये। अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट द्वारा इजराइल को एक नस्लवादी राष्ट्र घोषित किया जाये। फिलस्तीन को उनकी जमीन वापस की जाये, जिसकी सभी सीमाये 1967 से पहल बाली हैं। भारत सरकार से अपील की गई कि फिलस्तीन के समर्थन में अपनी एतिहासिक भूमिका को याद करते हुए इजराइल द्वारा चलाये जा रहे नरसंहार की कठोर निंदा करे और शांति के पक्ष में खडी हो।

### ऋषभ पाठक को नशीली दवाओं की विशेष इकाई में बनाया सदस्य



जसवंतनगर, इटावा। देशभर में चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत के एक विशेष जागरूकता इकाई का गठन किया गया है। इस 10 सदस्यीय समिति का नेतृत्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजत सिंह जैन कर रहे हैं, जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष भी हैं। बताते हैं कि इस विशेष इकाई में विभिन्न न्यायिक अधिकारियों, पैनल वकीलों और पैरा लीगल वॉलंटियर्स को शामिल किया गया है। क्षेत्र के बीहड़ी गाँव के रहने वाले पैरा लीगल वॉलंटियर ऋषभ पाठक को भी इस विशेष समिति में बतौर सदस्य नामित किया गया है, जो क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इसके अलावा विशेष इकाई में राखी चैहान, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रुपेन्द्र सिंह टोंगर सचिव डीएलएसए, उमेश यादव सिविल जज, पैनल वकील अभिनय यादव और राम प्रताप राजपूत, डीएलएसए संजू देवी, राजीव रतन मिश्रा और बृजेश सिंह पैरा लीगल वॉलंटियर शामिल हैं। ऋषभ पाठक ने बताया कि इस इकाई का कार्यक्षेत्र मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के प्रति जनजागरूकता फैलाना, पुनर्वास सेवाओं को प्रोत्साहित करना, और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाना है। यह इकाई नालसा द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के तहत कार्य करेगी और स्थानीय स्तर पर स्कूल, कॉलेज और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविरों के माध्यम से प्रभावी बदलाव लाने का प्रयास करेगी।

### अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

इटावा। जिले के इकदिल थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-2 चल रहे निजी अस्पताल में इलाज में लापरवाही की कीमत एक महिला और उसके नवजात को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। प्रसव के बाद पहले नवजात ने दम तोड़ा और फिर कुछ ही घंटों में मां की भी मौत हो गई। इस घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मृतका के पति ने अस्पताल प्रबंधन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। अस्पताल के बाहर हंगामा होने पर मौके पर पुलिस पहुंची और परिजनों को समझा बुझाकर शांत करवाया। मूलरूप से बकेवर के ग्राम टूटा उझियानी निवासी धर्मेंद्र कुमार ने मंगलवार तड़के अपनी गर्भवती पत्नी दिव्यांशु देवी (30) को प्रसव पीड़ा होने पर पिलखर के पास स्थित गुरु जी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हॉस्पिटल स्टाफ ने नार्मल डिलीवरी का भरोसा दिया और कुछ देर में दिव्यांशु ने एक नवजात को जन्म दिया। लेकिन इसके तुरंत बाद अस्पताल ने शिशु की धड़कन कम होने की बात कहकर उसे आई सी यू में शिफ्ट करने को कहा। परिजन नवजात को शहर ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इधर मां को लगातार रक्तस्राव होने लगा। एक घंटे तक कोई सही इलाज नहीं हुआ, न ही विशेषज्ञ डॉक्टर नजर आए।

## सीएम देंगे गोरखपुर को 1551 करोड़ की सौगात



गोरखपुर। औद्योगिक नक्शे पर तेजी से उभर रहे गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 1551 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं लोकार्पण और शिलान्यास के लिए तैयार हैं। जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों इन विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। लोकार्पण और शिलान्यास की इन परियोजनाओं में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप 760 करोड़ रुपये के निवेश के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी शामिल हैं। इसके साथ ही लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे बने उत्तर प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क में ही केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान (सीपेट) का स्किल ट्रेनिंग सेंटर और सीएफसी कामन फसिलिटी सेंटर) का शिलान्यास भी प्रस्तावित है। केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो-केमिकल्स विभाग ने प्लास्टिक के विश्व व्यापार में भारत की साझेदारी को बढ़ाने एवं क्लस्टर विकास के माध्यम से प्लास्टिक पार्क योजना विकसित की है। इस योजना के तहत देश भर में 10 प्लास्टिक पार्कों को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। इसी योजना के तहत उत्तर प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे गीडा द्वारा अधिग्रहित ग्राम नरकटहा की 88 एकड़ भूमि पर बसाया जा रहा है। गीडा में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत प्लास्टिक पार्क परियोजना की कुल लागत 69.58 करोड़ रुपये है, जिसमें लागत का 25 प्रतिशत अनुदान केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। गीडा में विकसित हो रहे इस परियोजना में 92 प्लास्टिक उत्पाद की इकाइयों हेतु विभिन्न क्षेत्रफल के आवंटन हेतु उपलब्ध भूखंडों में से करीब पांच दर्जन भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। उद्यमियों के रुझान एवं दो वर्षों में ही आवंटन के दृष्टिगत यह भारत की सर्वाधिक सफल प्लास्टिक पार्क परियोजनाओं में से एक सिद्ध हुआ है। गीडा के प्लास्टिक पार्क में कई यूनिट्स में उत्पादन भी शुरू हो चुका है। इन्हीं उत्पादनरत कंपनियों में से120 करोड़ रुपये के निवेश की तीन इकाइयों का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी के हाथों से प्रस्तावित है। इसमें प्लास्टिक पैकेंजिंग की प्रमुख कंपनी टेक्नोप्लास्ट पैकेंजिंग प्राइवेट लिमिटेड है। इस कंपनी ने 96 करोड़ रुपये के निवेश से 250 लोगों को रोजगार दिया है। इसके अलावा ओम फ्लैक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 17 करोड़ रुपये के निवेश से 50 को रोजगार तथा 7 करोड़ रुपये के निवेश से 25 लोगों को रोजगार देने वाली कंपनी गजानन पॉलीप्लास्ट का भी लोकार्पण होना है।

### रेलकर्मी अजय सिंह का सीएम योगी ने जाना कुशलक्षेम



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रेलकर्मी अजय कुमार सिंह के आवास पर जाकर उनका कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की कामना की। अजय कुमार सिंह रेल सेवा में आने से पहले भाजयुमो के पदाधिकारी थे। गोरक्षपीठ के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले अजय सिंह कैंसर से पीड़ित थे और इलाज के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने गंगा नगर कॉलोनी स्थित उनके आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। उनसे और उनके परिजनों से आत्मीयतापूर्ण संवाद किया। अजय सिंह ने इलाज के दौरान आत्मीय संबल देने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह आदि भी मौजूद रहे।

### चिलुआताल : देवीपुर-दुर्गापुर गांव के नौ युवाओं को मुख्यमंत्री के हाथों मिला नियुक्ति पत्र

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा देबीपुर ( दुगार्पुर ) के नौ युवाओं का उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल पद पर चयनित हुए है। मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलने के बाद युवा खुशी से झूम उठे। नियुक्ति पत्र लेकर घर पहुंचने पर ग्रामीणो ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उ०प्र० सरकार द्वारा युवाओ को रोजगार देने की दिशा में चलाये जा रहे पुलिस भर्ती में गोरखपुर जिले की सदर तहसील के ग्राम सभा देबीपुर ( दुगार्पुर ) एक ही ग्राम सभा के नौ युवाओ को मुख्यमंत्री के हाथो नियुक्ति पत्र पाकर ग्राम सभा का नाम रौशन किया है। अपने गांव पहुंचने पर ग्रामीणो ने सभी महिला पुरुष अम्यार्थियो ( रिक्रूट ) को माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया चयनित अम्पर्थियो में ज्योति यादव, प्रियंका भारती, अविनाश कुमार, उमेश यादव, विजय चौहान, रामनवल, रामलगन, विकास कुमार सिंह को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया है।

### सार्वजनिक रास्ते से गेट हटवाने के लिए धरने पर बैठा पीड़ित परिवार

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित तिकुनिया पार्क पर करनाईपुर ग्राम मैहरकबीरपुर मे पीड़ित बृजेश कुमार के घर को जाने वाली पक्की सड़क पर गेट लगाने का पीड़ित द्वारा आरोप लगाया गया। पीड़ित शिव पूजन ने बताया कि 29 अगस्त को विपक्षी राजबहादुर यादव की ओर से जबरन सहपरिवार सहित लोहे का पक्का गेट लगा दिया गया जिसकी सूचना 112 पर और थाना हैदरगंज पर लिखित दिया राजस्व की टीम व पुलिस की संयुक्त टीम ने गेट को हटाया भी। उसके बाद पुन 15 जून को वही गेट विपक्षी की ओर से लगा दिया गया फिर 112 व थाने पर इसकी सूचना दिया लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई।

### किसान की बेटी संजू का यूपी पुलिस में चयन

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम जैनपुर नागर की बेटी संजू जाटव ने उत्तर प्रदेश पुलिस की 60,244 पदों की भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त कर गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। जैसे ही रविवार को संजू को नियुक्ति पत्र मिला, पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ढोल-नगाड़ों के साथ ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उसका भव्य स्वागत किया। गांव जैनपुर नागर के इतिहास में यह पहला अवसर है जब आजादी के बाद किसी गरीब किसान परिवार की बेटी ने पुलिस विभाग में चयनित होकर मिसाल कायम की है। संजू की इस उपलब्धि से न सिर्फ उसके परिजन, बल्कि पूरे गांव में गर्व और उल्लास का वातावरण है।संजू ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के स्कूल से तथा इंटरमीडिएट की पढ़ाई हिन्दू विद्यालय इंटर कॉलेज से पूरी की। पढ़ाई के साथ-साथ उसने लगातार मेहनत जारी रखी। संजू का सपना था कि वह अपने बलबूते पर सरकारी नौकरी प्राप्त करे कृ और आज उसका सपना सच हो गया। संजू के पिता रामवीर एक साधारण किसान हैं जो मेहनत-मजदूरी कर अपने बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। संजू दो भाइयों में सबसे छोटी और इकलौती बहन है। बेटी की सफलता पर रामवीर और पूरे परिवार ने मिठाई बांटी और लोगों को खुशी में शामिल किया।संजू की सफलता ने गांव के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा दी है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि संजू की तरह और भी युवा आगे आकर सरकारी नौकरियों में अपनी जगह बनाएंगे।

## जिला अस्पताल में एक्सरे मशीन बंद

### यूपीएस की खराबी से सॉफ्टवेयर में समस्या

**इटावा।** जिला अस्पताल में एक्सरे मशीन के अचानक खराब हो जाने से सोमवार को सैकड़ों मरीजों को बिना जांच के ही लौटना पड़ा। ट्रॉमा सेंटर और हड्डी रोग विभाग से एक्सरे लिखवाकर आए मरीजों को जब मशीन बंद होने की जानकारी मिली, तो कई घंटे इंतजार के बाद मायूसी के साथ उन्हें लौटना पड़ा। वहीं, जिनके लिए एक्सरे कराना बेहद जरूरी था, वे निजी जांच केंद्रों का रुख करने को मजबूर हुए और उन्हें जेब ढीली करनी पड़ी। दरअसल डॉ. भीमराव अंबेडकर संयुक्त जिला अस्पताल की डिजिटल एक्सरे मशीन शनिवार दोपहर से ही खराब पड़ी है। रविवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते अस्पताल बंद रहा, लेकिन सोमवार सुबह भी मशीन चालू नहीं हो सकी। अस्पताल में प्रतिदिन करीब 150 से 200 मरीज एक्सरे के लिए आते हैं। सोमवार को भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे, परंतु उन्हें अस्पताल स्टाफ द्वारा यह कहकर लौटा दिया गया कि मशीन तकनीकी खराबी के चलते बंद है। स्टाफ के मुताबिक, बार-बार बिजली आने-जाने से मशीन के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी आई है। संबंधित तकनीकी कंपनी को सूचना दे दी गई है, लेकिन अभी तक इंजीनियर नहीं पहुंचे हैं। अस्पताल सूत्रों की मानें तो यह मशीन वर्षों से बिना यूपीएस (अनइंटरप्टेड पावर सप्लाई) के चलाई जा रही है। पुराने यूपीएस में खराबी आने के बाद से उसकी मरम्मत या बदलाव नहीं किया गया, जिससे मशीन बार-बार खराब हो जाती है। मरीजों और तीमारदारों ने बताया कि सरकारी अस्पताल में हर दिन आने वाले मरीजों के लिए एक्सरे एक जरूरी जांच होती है। लेकिन मशीन की अनदेखी से उन्हें निजी सेंटरों में महंगी जांच करवानी पड़ती है, जो गरीब और जरूरतमंद मरीजों के साथ अन्याय है। इस लापरवाही के चलते जिला अस्पताल की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। मरीजों ने प्रशासन से मांग की है कि मशीन को तत्काल दुरुस्त कराया जाए और उसे यूपीएस से जोड़ा जाए, ताकि भविष्य में मरीजों को ऐसी परेशानी न उठानी पड़े। अस्पताल सीएमएस डॉ परितोष शुक्ल ने बताया यूपीएस में खराबी आने के कारण मशीन संचालित नहीं हो सकी, यूपीएस लगा दिया गया है, मशीन स्टार्ट है।

### इंस्टाग्राम पर युवती की आपत्तिजनक फोटो वायरल

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की आपत्तिजनक फोटो और सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने मैनपुरी जिले की एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बेटी की फोटो पर अभद्र टिप्पणियां करते हुए आरोपी महिला ने इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक तरीके से फोटो वायरल की हैं। मामले की जानकारी होते ही परिजनों ने 15 जून को जसवंतनगर थाने में तहरीर दी। क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और दोषी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत इस्माइलपुर, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-17.06.2025

**निविदा/कोटेशन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत इस्माइलपुर, विकास खंड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार, दिनांक 18.06.2025 से दिनांक 24.06.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत इस्माइलपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 24.06.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | खड़ंजा से मुकेश के घर होते हुए अजय के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4.64 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- इस्माइलपुर, वि.ख.-कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत भण्डार मण्डल-लखनऊ**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना : दिनांक 17.06.2025**

1. ESCL/01/2025-26, म.वि.वि.नि.लि. के अन्तर्गत आने वाले भंडार केन्द्रों/विद्युत उपकेन्द्रों के मध्य पावर परिवर्तकों की ढुलाई/स्थापित करने का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क : रु. 3540.00, धरोहर राशि : रु. 60000.00
2. ESCL/02/2025-26, म.वि.वि.नि.लि. के अन्तर्गत विद्युत भंडार लखनऊ/लेसा/बरेली/अयोध्या/गोण्डा के अधीन भण्डार केन्द्रों के अन्तर्गत सामग्री की ढुलाई कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क : रु. 5900.00, धरोहर राशि : रु. 220000.00

ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 04 जुलाई 2025, 14.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट "https://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 1757, दिनांक : 17.06.2025)

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा **हरिद्वार–दिल्ली जं.–हरिद्वार** और **हरिद्वार–लखनऊ–हरिद्वार** के बीच अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:–

**04328/04327 हरिद्वार-दिल्ली जं.-हरिद्वार ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04328 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04328 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04327 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04327 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:45 | हरिद्वार | 04:50 | ---- |
| 16:25 | 16:27 | रूड़की | 03:35 | 03:37 |
| 17:13 | 17:15 | टपरी जं. | 02:50 | 02:52 |
| 17:55 | 17:57 | मुजफ्फरनगर | 02:00 | 02:02 |
| 18:35 | 18:37 | मेरठ सिटी जं. | 01:15 | 01:17 |
| 18:52 | 18:54 | मोदीनगर | 00:30 | 00:32 |
| 19:50 | 19:52 | गाजियाबाद | 00:02 | 00:04 |
| 20:14 | 20:16 | दिल्ली शाहदरा | 23:15 | 23:17 |
| 20:45 | --- | दिल्ली जं. | --- | 23:00 |

चलने के दिन: **04328 हरिद्वार से** और **04327 दिल्ली जं. से** दिनांक 18.06.2025 से 20.06.2025 तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04330/04329 हरिद्वार-लखनऊ-हरिद्वार ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04330 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04330 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04329 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04329 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:45 | हरिद्वार | 20:20 | --- |
| 23:18 | 23:20 | लक्सर जं. | 19:18 | 19:20 |
| 00:05 | 00:07 | नजीबाबाद जं. | 18:30 | 18:32 |
| 00:35 | 00:37 | नगीना | 18:05 | 18:07 |
| 01:05 | 01:07 | धामपुर | 17:43 | 17:45 |
| 01:28 | 01:30 | स्योहारा | 17:26 | 17:28 |
| 02:30 | 02:32 | काँठ | 17:10 | 17:12 |
| 03:32 | 03:40 | मुरादाबाद | 16:30 | 16:40 |
| 04:06 | 04:08 | रामपुर | 15:00 | 15:02 |
| 05:03 | 05:05 | बरेली | 14:00 | 14:02 |
| 06:14 | 06:16 | शाहजहाँपुर | 13:00 | 13:02 |
| 07:14 | 07:16 | हरदोई | 12:55 | 12:57 |
| 07:46 | 07:48 | बालामऊ जं. | 12:25 | 12:27 |
| 08:08 | 08:10 | सण्डीला | 12:00 | 12:02 |
| 09:25 | --- | लखनऊ | --- | 11:30 |

चलने के दिन: **04330 हरिद्वार से** दिनांक 18.06.2025 एवं 20.06.2025 को और **04329 लखनऊ से** दिनांक 19.06.2025 एवं 21.06.2025 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1812/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## आत्महत्या का प्रयास

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगडने पर उसे सीएचसी लाया गया। मोहल्ला हफीजपुर निवासी 56 वर्षी रश्मि पत्नी रामसिंह ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। भनक लगने पर परिजन उसे फंदे से उतारकर 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लाये जहां डाक्टरों ने रेफर कर दिया।

## करंट से दो महिला झुलसीं

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर दो महिलायें बिजली करंट की चपेट में आने से झुलस गईं। शहर के मोहल्ला तीर्थ निवासी गीता शुक्ला (45) पत्नी हरीओम शुक्ला व हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कैथोला निवासी लीलावती (30) पत्नी श्रवण कुमार घर में पंखा लगाते समय बिजली करंट की चपेट में आने से झुलस गईं। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गये। नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया निवासी सर्वेश (30), श्याम जी (19) पुत्रगण रामसिंह व मोहम्मदी थाना क्षेत्र के ग्राम गेहुआं नवादा निवासी आकाश (30) पुत्र बहादुर वर्मा सडक दुर्घटना में घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

सिंगाही खीरी। कस्बे के मेला मैदान में सात दिवसीय जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। पहले दिन हुए एक मैच में रकेहटी की टीम बाजी मारने में सफल रही। मंगलवार से कस्बे के जूनियर खिलाडियों का क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ सात दिन चलने वाले टूर्नामेंट का उद्घाटन सभासद राहुल गुप्ता ने फीता काटकर किया। इसके बाद पहले दिन एक मैच खेला गया जो कि रकेहटी और सिंगाही की टीमों बीच रहा। इस दौरान रकेहटी टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 73 रन बनाए। इसके बदले सिंगाही की टीम 42 रह ही बना सकी। पहला मैच जीत कर रकेहटी की टीम टूर्नामेंट में आगे बढ़ने में सफल रही। इस दौरान शादाब, भानु प्रताप सिंह, हसनैन सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## दो पक्षों में मारपीट केस दर्ज

जंगबहादुरगंज खीरी। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम बरखेरियाजाट में 16 जून 2025 को समय करीब शाम 6 बजे दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गई। प्रथम पक्ष नूरजहां पत्नी शान मोहम्मद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि खेत से चारा काटने को मना करने को लेकर मेरे गांव के मेरे ही गांव के जान मोहम्मद, सईद हिमायतउल्ला, वाजिद पत्नी जान मोहम्मद, ने मुझे लात घुसो व लाठी डंडों से काफी मारा पीटा शोर सुनकर मेरे पत्नी मुझे बचाने आए तो उक्त लोगों ने उन्हें भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी है। दूसरा पक्ष जान मोहम्मद पुत्र हिमायतुल्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हमारे गांव के ही निवासी शान मोहम्मद पुत्र हसमतुल्ला ने पुरानी रंजिश को लेकर मुझे गाली गलौज करते हुए लात घुसो से काफी मारा पीटा और जान से मारने को धमकी देकर भाग गया जिससे मेरे काफी चोटे आयी हैं।

# डीएम ने बैठक कर दिए राजस्व बढ़ाने के निर्देश



लखीमपुर खीरी। मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि विभागीय तालमेल और समयबद्ध प्रयासों से राजस्व लक्ष्य की पूर्ति की जाए। फील्ड में सक्रिय रहकर विभागीय कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। वसूली के आंकड़ों की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी, जिसमें प्रगति न दिखाने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, खनन, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

## हर गांव तालाब अभियान के तहत 1030 तालाब बनकर तैयार

लखीमपुर-खीरी। हर गॉव तालाब अभियान के अन्तर्गत जनपद खीरी में 1030 तालाब बनकर तैयार हो गये है। खोदे गये तालाबों का सत्यापान करने के लिए सरकार द्वारा नामित टीम भी बुद्ववार को आ सकती है। हरगॉव तालाब अभियान की शुरूआत जिले में 23 मई 2025 को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा ब्लाक लखीमपुर की ग्राम पंचायतों से की गई। लगभग 1164 ग्राम पंचायतों तालाब का काम पूर्ण हो चुका है। इस संदर्भ में डी0सी0 मनरेगा सुशांत सिंह ने बताया कि हर गॉव तालाब अभियान की शुरूआत 23 को डीएम द्वारा की गई। वैसे तो 1164 ग्राम पंचायतों में तालाब खोदाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। 1030 तालाब पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो चुके है। वर्ल्ड रिकार्ड के लिए मेरे द्वारा आवेदन किया जा चुका है। तालाब का सत्यापन करने शासन द्वारा नामित एडजुडीकेडट संस्था के सदस्य सत्यापन करने बुद्ववार को आ रहे है। सत्यापन में संतुष्ठ होने पर शासन द्वारा वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के लिए प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

## लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करें: डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अटल सभागार में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं नियमित रिव्यू करे।

## विमान हादसे को लेकर निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि

पिपरिया धनी, खीरी।(वीओएल) अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में हादसे का शिकार हुए लोगों की याद में सदर चैराहे पर कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी गई। कृषक समाज इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप के बच्चों ने



इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व आयोजक मंडल के संदीप वर्मा सैंडी और शहबाज अंसारी ने किया। सभी प्रतिभागियों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पटेल सुशील वर्मा, अनुराग गुप्ता, रविंद्र कटियार, विजय मिश्रा, लवकुश अवस्थी, रवि सक्सेना समेत तमाम लोग शामिल थे।

## नगर पालिका में हुई शोकसभा

पिपरिया धनी, खीरी। (वीओएल) नगर पालिका परिषद में शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखा गया। नगर पालिका परिषद में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में शोकसभा हुई। पूर्व पालिकाध्यक्ष नानक चन्द अग्निहोत्री की पुत्रवधू करूणा अग्निहोत्री पत्नी स्व० प्रेमचन्द अग्निहोत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर ईश्वर से प्रार्थना की गई की दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## शिक्षक की दर्ज करायी रिपोर्ट पुलिस ने किया चालान

तिकुनिया खीरी। प्राथमिक विद्यालय डांगा में तैनात शिक्षक नवीन कुमार ने विश्व प्रसिद्ध परम पूज्य संत संस्कृत के महान विद्वान जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य पर अभद्र टिप्पणी शारीरिक अपंगता के साथ अशलील शब्दों का प्रयोग करके सोशल मीडिया फेसबुक पर वायरल कर अपमानित किया है। उनका अपमान समस्त हिंदू समाज हिंदू राष्ट्र का अपमान है। इससे गुस्साए हिंदू वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष आर्यन शुक्ला ने तमाम सदस्यों के साथ कोतवाली पहुंचकर शिक्षक नवीन कुमार के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राथमिक विद्यालय डागा में तैनात शिक्षक नवीन कुमार ने 11 जून को जगद्गुरु हिंदू जनमानस के प्रणेता श्री रामभद्राचार्य पर उनकी शारीरिक अपंगता को लेकर अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया और इसका सोशल मीडिया फेसबुक पर वायरल भी किया जिसके चलते हिंदू जन मानस में प्रचंड रोष फैल गया। गुस्साए हिंदू समाज के लोगों ने हिंदू वाहिनी के निघासन विधानसभा अध्यक्ष आर्यन शुक्ला, कुलदीप सिंह, शिवकांत त्रिवेदी, सुनील श्रीवास्तव, रामगोपाल चौहान, विशेष पांडे, मनोज प्रजापति, राकेश निषाद सहित तमाम लोगों ने कोतवाली तिकुनिया पहुंचकर शिक्षक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने का प्रार्थना पत्र कोतवाली प्रभारी अमित सिंह भदोरिया को सौप दिया। इस बाबत कोतवाली प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर शिक्षक नवीन कुमार के विरुद्ध जांच कराई गई इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

## बार-बार ट्रांसफार्मर फुंकने से ग्रामीण परेशान



पिपरिया धनी, खीरी। (वीओएल) विद्युत उपकेंद्र रेहरिया के गुरूनानक नगर में बार-बार ट्रांसफार्मर फुंकने से उपभोक्ता परेशान है। गांव में लगभग 30 घरेलु व 2 मोटर कनेक्शन हैं। ग्रामीण बताते हैं कि ओवर लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर हर दूसरे दिन फुंक जाता हैं और नया ट्रांसफार्मर लगने में 7-8 दिन का समय लगता हैं। जिससे ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। गांव के कुलविंदर सिंह, निशान सिंह, लालता प्रसाद, रचित गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मुनेन्द्र पाल सिंह, बक्सीश सिंह, रमेश शर्मा, अंकित शर्मा, सुखविंदर सिंह, हरविंद्र सिंह, विवेक गुप्ता, श्रेष्ठ गुप्ता, संतराम कोटेदार, रामेंद्र यादव, लखविंदर यादव, उत्तम गुप्ता, उमेश गुप्ता आदि ने अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग बिजली अधिकारियों से की है।

## महाविद्यालय में कराया गया सूर्य नमस्कार और मैराथन दौड़



पिपरिया धनी, खीरी। (वीओएल) चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कैम्पस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद, गोला में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक मैराथन (दौड़) और सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।

मैराथन दौड़ का विषय ष्योग मैराथनरू स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदमष था, जो पांच किलोमीटर की दूरी तक करवाई गई थी। इस दौड़ में कुल 22 छात्रों ने भाग लिया, जिसे सहप्राध्यापक डॉ. एके पांडेय ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ के विजेताओं में प्रथम स्थान प्रथम वर्ष के छात्र सचिन कुमार, द्वितीय स्थान मोहित कुमार (द्वितीय वर्ष), और तृतीय स्थान सुमित कुमार (द्वितीय वर्ष) रहे। इसके अलावा, कृषि महाविद्यालय के प्रक्षेत्र भवन में मंत्रों के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया, जिसका विषय ष्सामूहिक सूर्य नमस्काररू ऊर्जा और एकाग्रता का अनुभव था। इस कार्यक्रम में लगभग 80 छात्रों, कर्मचारियों और कृषि महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम डॉ. एके पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया और योग प्रशिक्षक शिवम मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## पॉपुलर की खेती बनी कमाई का जरिया लाखों कमा रहे किसान



अनिल गुप्ता ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर विकासखंड सिधौली शाहजहांपुर न बताया कि हमारे ग्राम पंचायत के आसपास हरियाली और वातावरण आपको शुद्ध मिलेगा इसका मुख्य कारण पॉपुलर की खेती है ग्राम पंचायत के किसानों को पॉप्युलर की खेती से मोटी कमाई हो रही है और किसान खुशहाल हैं।





सूरज गुप्ता कृषक ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर ने बताया कि मेरी ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में लगभग 85 परसेंट किसान पॉपुलर की खेती करते हैं इस खेती से जहां एक तरफ हरियाली बनी रहती है वहीं दूसरी तरफ प्रति एकड़ 10 से 12 लाख रुपया 5 वर्ष में आमदनी भी हो रही है पॉपुलर की खेती हमारे गांव के किसानों के लिए कमाई का जरिया बन गई है।

शाहजहांपुर। जनपद की तहसील पुवायां के विकासखंड सिधौली की ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर के किसानों के लिए पॉपुलर की खेती कमाई का जरिया बन चुकी है यहां लगभग 85 परसेंट किसान पॉपुलर की खेती करते हैं जो 5 वर्ष में बिक्री के लिए तैयार हो जाती है किसानों की माने तो एक एकड़ में लगभग 300 पौध पॉपुलर लगाई जाती है और यह पौध जब 5 वर्ष बाद तैयार होती है तो इसकी एक पौध की कीमत लगभग तीन हजार रुपए बनती है इस तरह यहां के किसान एक एकड़ में पॉपुलर की पौध लगाकर 5 वर्ष में पॉपुलर की पौध से 9 लाख रुपए तक कमाई करते हैं और किसानों की माने तो इस बीच तीन वर्ष तक पॉपुलर की पौध के साथ सहफसली खेती में हल्दी, गन्ना, और गेहूं की फसल भी पैदा करते हैं इस तरह से सहफसली खेती को मिलाकर पॉपुलर पौध और अन्य साधनों से किसान प्रति एकड़ 5 वर्ष में 12 से 14 लाख रुपए तक कमाई करते हैं जो भटपुरा रसूलपुर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है इस पॉपुलर पौध की खेती के साथ-साथ गांव का पर्यावरण जलवायु परिवर्तन और हरियाली भी देखते बन रही है।

## यूरिया खाद की किल्लत को लेकर भाकियू ने दिया ज्ञापन

- **प्राइवेट दुकानों पर 300 से 400 तक बेची जा रही यूरिया खाद**

पिपरिया धनी, खीरी। (वीओएल) भारतीय किसान यूनियन ने यूरिया खाद की कालाबाजारी को लेकर खोला मोर्चा दिया है।

जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने अपने पदाधिकारियों के साथ डीएम को संबोधित ज्ञापन उनकी गैर मौजूदगी में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया। डीएम को संबोधित ज्ञापन में कुलवंत सिंह जोशन ने कहा कि इस समय जिले में यूरिया खाद की बहुत दिक्कत है। समितियों में किसान पूरा-पूरा दिन बैठे रहते हैं और उनको खाद नहीं मिलती। यूरिया की प्राइवेट दुकानों पर कालाबाजारी हो रही है। 266 रुपए की यूरिया की बोरी 350 से 400 तक प्राइवेट दुकानदार किसानों को दे रहे हैं। उन्हें आशंका है कि इसमें कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों की देख रेख में कालाबाजारी हो रही है। सरकार किसानों के प्रति सजग नहीं है इसमें किसानों में भारी रोष है। ज्ञापन देने वालों में धर्मेश सक्सेना, संजय सिंह, मोहम्मद उस्मान, राहुल वर्मा, धर्मेंद्र कुमार समेत कई पदाधिकारी शामिल थे।




## जिला कृषि अधिकारी ने कार्यभार किया ग्रहण



लखीमपुर खीरी। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी का अंबेडकर नगर स्थानंतरण कर दिया। मैनपुरी के जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह लखीमपुर खीरी में जिला कृषि अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि इससे पहले वह मैनपुरी में जिला कृषि अधिकारी के पद पर तैनात थे। वह मूल जनपद शहजहॉपुर के निवासी है।

## 22 करोड़ 23 लाख खर्च फिर भी बाढ़ से बचाव का कार्य अधुरा

लखीमपुर-खीरी। पलिया तहसील को बाढ़ से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से एक बड़ी परियोजना शुरू की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं पलिया पहुंचकर इसका निरीक्षण किया था। इसके बाद जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी भी इस कार्य की निगरानी के लिए कई बार मौके पर पहुंचे। हाल ही में लखनऊ मंडल की आयुक्त रोशन जैकब ने भी निरीक्षण कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मानसून आने से पहले सभी कार्य गुणवत्ता और समयसीमा के अनुरूप पूरे कर लिए जाएं। लेकिन जमीनी सच्चाई इससे अलग है। बाढ़ खंड विभाग का दावा है कि परियोजना का 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि केवल 50 प्रतिशत ही कार्य हुआ है। इस देरी को लेकर किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा है और चेतावनी दी है कि अगर जल्द काम पूरा नहीं हुआ, तो एक बार फिर पलिया को बाढ़ की त्रासदी झेलनी पड़ सकती है। इसी बीच समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान ने सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा मानसून दरवाजे पर है लेकिन सरकार अब भी फाइलों और दावों में उलझी हुई है लगभग 22 करोड़ खर्च हो रहे लेकिन धरातल पर नतीजा जीरो है। मुख्यमंत्री आए मंत्री आए मंडल आयुक्त विधायक की निगरानी भी रही मगर काम की गति और गुणवत्ता दोनों पर सवाल है यह सिर्फ दिखावे की परियोजना बनकर रह गई है उन्होंने कहा सरकार किसानों को झूठे वादों में उलझा रही है जब बाढ़ आएगी तो फिर जिम्मेदार कौन होगा।

## सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित विकास कार्यों की डीएम ने की समीक्षा



लखीमपुर खीरी। जिले में संचालित विकास कार्यों और योजनाओं की रफ्तार को और तेज करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित सूचनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागवार आंकड़ों की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की जानकारी समय से और शुद्ध रूप में पोर्टल पर अपडेट की जाए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर सीधे सीएमआईएस पोर्टल और सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से योजनाओं की निगरानी की जा रही है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

डीएम ने निर्देश दिए कि जिन विभागों की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, वे तुरंत सुधारात्मक कदम उठाएं और पोर्टल पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में सीएम डैशबोर्ड पर आंकड़ों को अद्यतन रखा जाय, ताकि जिले की रैंक प्रभावित न होने पाये। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों, योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड और सीएमआईएस पर डाले गए आंकड़े महज नंबर नहीं, प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का आईना हैं। अधिकारी सुनिश्चित करें कि डाटा अद्यतन और जमीनी हकीकत से मेल खाते हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही से न सिर्फ विभाग की रैंकिंग गिरेगी, बल्कि जिले की छवि भी प्रभावित होगी। बैठक मे सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीएसटीओ एकता श्रीवास्तव सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



पिपरिया धनी, खीरी। (वीओएल) रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत गोला मोहम्मदी हाईवे पर गुरुद्वारा के सामने शहीद उधम सिंह स्पोर्ट कमेंटी द्वारा सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया ग्या। जिसका उंद्घाटन मुख्य अतिथि रेहरिया पुलिस चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह व विशिष्ट अतिथि ग्रंट साहबगंज प्रधान सुदेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल खेलने से शारीरिक व मानसिक फायदा के साथ-साथ खेल से भाईचारे की भावनाएं बढ़ती हैं। पिहला मुकाबला- साहबगंज व जमुनहां के बीच हुआ। जिसमे जमुनहां ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। साहबगंज की टीम के उदय 13, अमर 86, हर्ष 30 की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से टीम का स्कोर 12 ओवरों में 184/7 विकेट पर विशाल स्कोर खड़ा किया। जमुनहा की टीम से बोलिंग करते हुए विनय ने 4 विकेट सरवन ने 2, विकेट तनवीर 1 विकेट लिया। जमुनहां की तरफ से बैटिंग करने उतरे जमुनहा की तरफ से प्रदर्शन करते हुए हैरी 8, अमर पल 48 नॉट आउट, अवतार 29 नॉट आउट के सहयोग से टीम 12 ओवरों में मात्र 125/8 ही बना पाई। जिसमे साहबगंज की तरफ से बालिंग करते हुए आसिम 4, सुल्तान 3, हर्ष 1 विकेट लिए और साहब गंज ने यह मैच 59 रानो से जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाईं। इस मौके पर अमन सिंह, धर्मेंद्र कुमार, पूर्व प्रधान साहबगंज पुत्र सरनजीत सिंह, फौजी सद्दाम हुसैन व कमेटी के मेंबर मौजूद रहें।


**टेण्डर नोटिस**

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में दिनांक 01-07-2025 से दिनांक 30-06-2026 तक अश्वों के रख-रखाब हेतु प्रयोग की जाने वाली सामग्री (चूना पाउडर, चूना पुताई, तेल अलसी, फिनाइल, फिनीट/बेगान स्प्रे रस्सी प्लास्टिक, झाडू नारियल, चेरी पालिस लाल बडी, ब्रासो, तेल सरसो, मारकीन कपड़ा साबुन (सर्फ एक्सेल 250 ग्राम) गुड आदि की आपूर्ति के कार्यों के लिये दिनांक 30-06-2025 को प्रातः 12:00 बजे पुलिस आयुक्त लखनऊ, कार्यालय में निविदायें खोली जायेगीः-

| क्र.सं. | क्र.सं. | नाम वस्तु | टेण्डर शुल्क | अर्नेस्ट मनी |
|---|---|---|---|---|
| | 1 | चूना पाउडर | | |
| | 2 | चूना पुताई | | |
| | 3 | फिनाइल डाक्टर ब्राण्ड | 400/- | 3000/- |
| 1 | 4 | फिनीट/बेगान स्प्रे | | |
| | 5 | रस्सी प्लास्टिक | | |
| | 6 | झाडू नारियल | | |
| | 7 | चेरी पालिस लाल बड़ी (प्रति 40 ग्राम) | | |
| | 8 | ब्रासो (प्रति 100 मि.ली.) | | |
| | 9 | तेल सरसों (बैल कोल्हू प्रति 500 मि.ली.) | | |
| | 10 | मारकीन कपड़ा | | |
| | 11 | सर्फ एक्सेल साबुन (250 ग्राम) | | |
| | 12 | गुड़ | | |
| | 13 | तेल अलसी | | |

अतः उपरोक्त कार्यों हेतु टेण्डर फार्म किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 20.06.2025 से दिनांक 29.06.2025 तक कार्यालय दिवस में (प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 5:00 बजे तक) प्रति फार्म रू. 400/- जमा कर प्रधान लिपिक शाखा पुलिस आयुक्त, कार्यालय महानगर लखनऊ के कमरा नं. 57 से प्राप्त किये जा सकते है, तथा इस फार्म को दिनांक 30.06.2025 के प्रातः 11:00 बजे के पूर्व प्रधान लिपिक शाखा पुलिस आयुक्त, कार्यालय महानगर लखनऊ के कमरा नं. 57 में रखे गये शील्ड कवर बाक्स में डाले जा सकते हैं, एवं दिनांक 30.06.2025 को अपरन्हः 12:00 बजे कार्यालय पुलिस आयुक्त, महानगर लखनऊ के मिटिग हाल में सभी कमेटी के सदस्यों के समक्ष निविदा खोली जायेगीं। प्रत्येक निविदा के साथ उपरोक्तानुसार अर्नेस्टमनी लगाना अनिवार्य होगा। निविदा के उपरान्त स्वीकृत निविदादाता को जमानत धनराशि के रूप में अनुमानित वार्षिक आय की 05 प्रतिशत धनराशि का एफ.डी.आर. जमा करना अनिवार्य होगा।

**पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय लखनऊ।**

UPID-235022 Date: 17.06.2025 Website : wwwupgovnicin

# सीएम के संभावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर बैठक



जिला संवाददाता(vol)

- कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस की उपस्थिति सुनिश्चित हो: डीएम
- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले रास्तों/ मोड़ पर जगह-जगह साइनेज लगाएं: डीएम

आजमगढ़। मुख्यमंत्री के संभावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस विभाग एवं विभिन्न कार्यों के लिए नामित नोडल अधिकारी/ सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने ड्यूटी में लगे समस्त नोडल/ सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर निर्धारित समय से 3 घंटा पूर्व उपस्थित होकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसभा में आने वाले जन सामान्य के लिए ओआरएस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले रास्तों/मोड़ पर जगह-जगह साइनेज लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थल का चयन करते हुए इमरजेंसी पार्किंग की भी वैकल्पिक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश कि कार्यक्रम स्थल पर शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था एवं पर्याप्त मात्रा में महिला/पुरुष मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने वाले वाहनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नामित नोडल अधिकारी, यूपीआईडी के अधिकारियों से पूर्व में ही वार्ता कर ले। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नामित नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि समय से स्टेज तैयार कर लें तथा कलाकारों से भी समन्वय स्थापित कर कलाकारों को समय से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचाकर कार्यक्रम संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीआईओ एनआईसी को निर्देशित किया कि बीएसएनएल से समन्वय स्थापित कर इंटरनेट कनेक्शन आदि की व्यवस्था समय से सुनिश्चित कर लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार सहित समस्त नोडल/सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद की कमी से किसान परेशान

जौनपुर। विकास खंड जलालपुर स्थित साधन सहकारी समिति महिमापुर में खाद की कमी से किसान परेशान हैं। किसानों को बाजार से कम गुणवत्ता की खाद अधिक कीमत पर खरीदनी पड़ रही है। वर्तमान में किसान धान की खेती में जुटे हुए हैं। पिछले महीने जब किसान धान का बीज बो रहे थे, तब भी गोदाम में खाद उपलब्ध नहीं थी। किसान लगातार गोदाम का चक्कर लगा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकल पा रहा है। साधन सहकारी समिति महिमापुर के सचिव सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस सीजन में भी खाद के आने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि धान की बुवाई के समय से ही विभागीय अधिकारियों को इस समस्या के बारे में लिखा जा रहा है। लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है। महिमापुर की साधन सहकारी समिति से कई गांव जुड़े हुए हैं। इन सभी गांवों के किसानों को सरकारी गोदाम से खाद नहीं मिल पा रही है।

## संक्षेप

### वायरल वीडियो के बाद लेखपाल निलंबित

आजमगढ़। तहसील में तैनात एक लेखपाल का घूस लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो सामने आते ही प्रशासन हरकत में आया और संबंधित लेखपाल को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। मामला जहानागंज क्षेत्र के गोधौरा गांव से जुड़ा है। वायरल वीडियो में सदर तहसील में तैनात लेखपाल प्रमोद मिश्रा को एक व्यक्ति से घूस लेते हुए साफ तौर पर देखा जा सकता है। वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, पूरे जिले में हड़कंप मच गया और सरकारी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। इस मामले में एसडीएम सदर नरेंद्र कुमार गंगवार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लेखपाल प्रमोद मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही तहसीलदार सदर को पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। एसडीएम का कहना है कि जैसे ही उन्हें यह वीडियो मिला, उन्होंने तत्काल निलंबन की कार्रवाई की और अब जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम अभ्युदय योजना का उठायें लाभ

आजमगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चैधरी ने बताया है कि जनपद आजमगढ़ में समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत यूपीएससी/ यू०पी०पी०एस०सी०, नीट, एनडीए/ सीडीएस, जेईई, एसएससी/ यूपीएसएसएससी के निःशुल्क कोचिंग संचालित किया जा रहा है, जिसमें भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के लिए अतिथि व्याख्याताओं की आवश्यकता है, जिनकी योग्यता नेट, जेआरएफ, सिविल सर्विसेज प्री०/ मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण तथा अध्यापन कार्य में अनुभव प्राप्त अतिथि व्याख्याताओं को वरीयता प्रदान की जायेगी। यदि अतिथि व्याख्याता मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में अध्यापन कार्य करना चाहते हैं, वे 17 जून 2025 से 24 जून 2025 तक समय 10 बजे प्रातः से सायं 5 बजे तक मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग केन्द्र, अम्बेडकर छात्रावास एवं पुस्तकालय भवन, ब्रम्हस्थान, आजमगढ़ में संदीप कुमार राय कोर्स को-आर्डिनेटर के मोबाईल नम्बर 9389890370 पर सम्पर्क कर आवेदन फार्म प्राप्त एवं जमा कर सकते है।

### पूंजीपतियों के हित में काम कर रही सरकार

जौनपुर। श्री बजरंग महाविद्यालय घनश्यामपुर में मंगलवार को संविधान बचाओ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव मणींद्र मिश्रा ने शिरकत की मिश्रा ने कहा कि सरकार देश की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार राजनैतिक विरोधियों को डराने के लिए ईडी और सीबीआई का गलत प्रयोग कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार जनता की बजाय पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह ने महंगाई का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग परेशान हैं। युवाओं के भविष्य के लिए कोई योजना नहीं है जिला कांग्रेस कमेटी जौनपुर के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं और योगी सरकार अपराधियों पर नियंत्रण में विफल हो गई है। जिला उपाध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, जिला महासचिव राजीव निषाद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य यादवेंद्र दुबे और जिला महासचिव इरशाद खान समेत कई नेता मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष देवराज पांडेय ने किया।

### निःशुल्क कोचिंग की प्रवेश परीक्षा 22 को

जौनपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराना है कि जनपद में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जौनपुर में सिविल सर्विसेज, नीट-यूजी, जे०ई०ई० एवं एक दिवसीय कोर्स, की कक्षाओं का निःशुल्क संचालन किया जाना है, जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा सभी कक्षाओं का आवेदन पत्र भरा गया था। इस आवेदन में यू०पी०एस०सी० में (152), नीट में (58), जेईई में (18) एवं वनडे में (112) आवेदन प्राप्त हुआ है। कुल (340) आवेदन प्राप्त हुये है। जिनकी प्रवेश परीक्षा दिनांक 22 जून को समय प्रातः 10 से 12 बजे स्थान जनक कुमारी इण्टर कालेज हुसेनाबाद में होना है। सभी छात्र छात्रायें अपने आधार कार्ड के साथ सुबह 09.30 बजे तक कोचिंग में उपस्थित हो जाये।

## धान की रोपाई के लिए किसानों को बारिश का इंतजार



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। प्रदेश सरकार के निदेर्शों के अनुसार 15 जून से धान की रोपाई की जा सकती है। फिलहाल किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बारिश आने के बाद ही प्यासी धरती को कुछ राहत मिलेगी। उसके बाद धान लगाने में आसानी होगी। फिलहाल किसान अपने खेतों को धान की फसल की खेती के लिए तैयार करने में जुटे हुए हैं। आमतौर पर धान की पौध को तैयार होने में एक माह का समय लगता है, लेकिन इस बार जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

किसानों ने मई माह के मध्य में ही धान की पौध तैयार करनी शुरू कर दी थी, लेकिन तापमान में बढ़ोतरी और तेज अंधड़ से पौध के पत्ते मुरझा कर नष्ट हो गए। इससे धान की पौध तैयार होने में पांच से सात दिन का ज्यादा समय लगा है। किसानों ने बताया कि पिछले एक माह से तापमान में बढ़ोतरी होने के कारण धान की पौध को नुकसान पहुंचा है। अब किसान धान की फसल की रोपाई करने के लिए बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार जिले में 20 जून के बाद प्री-मानसून आने की संभावना है। ऐसे में मात्र कम दिनों का समय बचा। किसानों ने धान की रोपाई के लिए खाद और पौध करके रखी हुई है। जैसे ही बारिश होती है तो किसान धान की रोपाई करना शुरू कर देंगे। ज्ञात हो कि धान की फसल की खेती महंगी फसलों की खेती में शामिल हैं। एक एकड़ में धान की फसल में 4000 हजार रुपये रोपाई में मजदूरी का खर्च है। वहीं, खेत तैयार करने में तीन से चार बार बुवाई करनी पड़ती है और खाद का खर्च भी अलग से लगता है। किसानों का मानना है कि धान की फसल को उगने में ही 15000 हजार रुपये प्रति एकड़ का खर्च आता है। कई गांवों में किसानों ने अपने खेतों में धान की रोपाई का काम शुरू कर दिया है। किसानों के अनुसार मानसून की बारिश से पहले वह धान की रोपाई का काम पूरा करने चाहते हैं। इस बार मौसम विभाग के अनुसार मानसून की अच्छी बारिश होने की संभावना है। धान की रोपाई का रकबा भी बढ़ेगा।

## रजिस्ट्री ऑफिस में भ्रष्टाचार के आरोप का मामला पहुंचा लखनऊ



दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी तहसील स्थित रजिस्ट्री कार्यालय एवं राजस्व न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के आरोप का मामला सोमवार को लखनऊ पहुंच गया। इसके पूर्व 5 जून से अधिवक्ता कार्य बहिष्कार पर हैं। संभावना हैं कि कल से अधिवक्ता काम पर लौट सकते हैं। लखनऊ से मिले आश्वासन के बाद कार्य बहिष्कार वापस लेने का निर्णय लेने की पुष्टि सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभु सिंह व दुद्धी बार एसोसिएशन सचिव राकेश कुमार ने की हैं। दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव ने बताया कि दुद्धी बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, अध्यक्ष बोर्ड ऑफ रेवेन्यु और प्रिंसिपल सेक्रेटरी फाइनेंस, सेक्रेटरी स्टैंप एण्ड रजिस्ट्रेशन से मिलकर समस्याओं के बारे लिखित ज्ञापन दिया हैं, जिसमें रजिस्ट्री ऑफिस में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा राजस्व न्यायालयों में अनियमितता और दुद्धी में एडीजे न्यायालय की स्थापना सहित अन्य मांगो को प्रमुखता से रखा गया हैं। इसके अलावा दुद्धी ट्रेजरी वापस करने तथा रियल टाइम खतौनी में आ रही समस्याओं से अवगत कराया हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार मुख्यमंत्री से मुलाकात करके ज्ञापन दिया जाना प्रस्तावित हैं। डेलिगेशन में दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष रामपाल जौहरी एडवोकेट, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, आनंद कुमार गुप्ता एडवोकेट व विपिन बिहारी एडवोकेट शामिल है।

## सुशासन की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचायें




जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों की उपलब्धियों को समर्पित विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन बरसठी के दोनों मंडलों में भव्य तरीके से किया गया। इसका उद्देश्य देश में विकास कार्यों और सुशासन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना था। बरसठी मंडल में यह कार्यक्रम पुरेशवा गांव स्थित माँ पीड़ासिन देवी धाम पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरकार द्वारा गरीब कल्याण और सेवा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह अभियान देश को अमृत काल में विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रेरित करेगा। अध्यक्षता और मुख्य अतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह ने की। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला महामंत्री किसान मोर्चा राजेंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। संचालन और भागीदारी कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र दुबे वाजपेयी ने किया। इस दौरान मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आध्यात्मिक और चिकित्सा पद्धति है योगः ओपी सिंह




जौनपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के तृतीय दिवस पर मंगलवार को लोहिया पार्क स्थित परिसर में चल रहे योग प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा की वैश्विक स्तर पर योग एक स्वीकृति आध्यात्मिक चिकित्सा और साधना पद्धति है जिसके सैद्धांतिक और क्रियात्मक पक्षों का नियमित और निरन्तर अभ्यास करके हर व्यक्ति अपने मनोदैहिक स्वास्थ्य को सर्वोत्तम बना सकता है।

कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी डॉ कमल के द्वारा बताया गया कि इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य है इसलिए पूरी धरा को योग के साथ वृक्षों से भी आच्छादित करनें की आवश्यकता है। पतंजलि योग समिति उत्तर प्रदेश के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति और योग प्रशिक्षक अरविन्द कुमार के द्वारा योग के क्रियात्मक एवं सैद्धांतिक पक्षों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के साथ डायबिटीज, हृदय, अनिद्रा, आर्थराइटिस, कीडनी, कोलेस्ट्रॉल, बीपी और लीवर से संबंधित समस्याओं से पूर्णतः समाधान हेतु अनुलोम-विलोम, वाह्य प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, प्रणव प्राणायाम, भ्रामरी और उद्गगीथ प्राणायामों के साथ अग्निसार और नौलिक्रिया के अभ्यासों के साथ सूर्य नमस्कार और योगिंग जांगिड़ का विधिवत अभ्यास कराते हुए आहार और एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धतियों को भी बताया गया।

## 30वीं पुण्यतिथि पर जननायक रामनाथ पाठक को काव्यांजलि से कवियों ने किया याद

जिला संवाददाता

- रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसही में हुआ आयोजन

सोनभद्र। पूर्व विधायक लोकहित के लिए सदैव तत्पर रहे दिवंगत जननायक रामनाथ पाठक को रविवार को उनके तीसवें बरसी पर कवियों ने भव्य दिव्य कवि सम्मेलन कर पसहीं कला में देर शाम मार्कण्डेय राम पाठक के आयोजन व वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर की अध्यक्षता में व रामनाथ शिवेन्द्र मुख्य अतिथि के सानिध्य में काव्यांजलि से पूरे आयोजन को साहित्यमय बना दिया।

वाणी वंदना करते हुए ईश्वर विरागी ने मां शारदे मां शारदे,,, कवियों को कोकिल स्वर कर दे से आगाज हुआ। उनकी रचना देश में नव विहान लायें हम एकता के गीत गुनगुनायें हम काफी सराही गई। कवयित्री रचना तिवारी गीतकार ने, हवा हूँ इक हवा हूँ मैं, बुजुर्गों की दुआ हूँ मैं, महकना हो तो आ जाओ, मोहब्बत का पता हूँ मैं सुनाकर तालियां बटोरीं।

प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी एडवोकेट ने प्यार सदभाव का आचरण चाहिए, मन में सुचिता सरल व्याकरण चाहिए, हैं मनुज तो मनुजता निभाते चलें, विवेकानंद सा जागरण चाहिए सुनाकर वाहवाही लूटी। कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान ने, मुझको अबला मत समझो मैं झांसी वाली रानी हूँ। दिव्या राय ने, खुदा उस महल में बेटी न देना, जहाँ बेटियों की कदर ना रहे धर्मेश चौहान एडवोकेट ने हिंदोस्तान पर मेरा तन मन धन कुरबान,

जयराम सोनी ने, प्रधानी चुनाव पर हास्य व्यंग्य की रचना, विवेक चतुर्वेदी ने शायरी सुनाकर वातावरण में जलवा बिखेरा।

शायर अब्दुल हई की गजल, रो के बुलबुल ने कहा कैद से रिहा न करो, गुल हितों पर कभी सैयाद के पहले होंगे काफी सराही गई। राकेश शरण मिश्र एडवोकेट, सुधाकर स्वदेश प्रेम, दयानंद दयालू ने भी काव्यांजलि से महफि ल को रौनक किया। ओज कवि प्रभात सिंह चंदेल ने, छाती तान डटा सरहद पर होने को बलिदान, सुनाकर वातावरण देशभक्ति का सृजित किया सराहे गये। विशिष्ट अतिथि रामनाथ शिवेन्द्र ने हमें रोटियां ही दीजिये बहुत भूख लगी है, दे रहे हैं गीता कुरान किसलिए सुनाकर सदभावना समरसता का संदेश दिया।

अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्य कार चिंतक निदेशक मधुरिमा साहित्य गोष्ठी अजय शेखर ने रामनाथ पाठक के कृतित्व व्यक्तित्व कार्य व्यवहार की विशद चर्चा करते हुए अपनी रचना, मानव कल्याण हित विषपान करते हैं, हम अस्थि से भी वज्र का निर्माण करते हैं सुनाकर महफि ल को पूर्णता प्रदान किये। आभार कौशलेश पाठक धन्यवाद भाषण मार्कण्डेय राम पाठक ने व्यक्त किया। इस अवसर पर देर रात तक श्रोता जमे रहे, जिनमें विजयशंकर चतुर्वेदी, पूर्व विधायक तीरथराज, भोलानाथ मिश्र, फरीद अहमद, मृदुल मिश्रा, कन्हैया पाण्डेय राघवेंद्र तिवारी आदि रहे।

## राख बंधे पर जख्मी अवस्था में मिला युवक, मारपीट की आशंका

बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय रिहंद परियोजना के राख बंधे पर पाईप लाइन की रखवाली के लिए गए युवक के बुरी तरह से जख्मी अवस्था मे मिलने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार राख पाइप के अनुरक्षण का कार्य करा रही एक संस्था का श्रमिक सरपंच (34) पुत्र अम्बिका प्रसाद वैश्य अपने एक साथी पन्नेलाल के साथ सोमवार की शाम पाईप लाइन की पट्रोलिंग के लिए गया था पाइप लाइन के पास पहुंच कर दोनों अलग अलग दिशा में जाकर पाइप लाइन देखने लगे कुछ देर बाद दोनों को एक ही स्थान पर पहुंचना था लेकिन जब काफी देर तक सरपंच नही पहुंचा तो पन्नेलाल ने उसको फोन किया लेकिन उसका फोन नही उठा तो वो उसको खोजते खोजते उस तक पहुंच गया वहां की स्थिति देख कर उसके होश उड़ गए सरपंच बेहोशी की हालत में खून से लथपथ गिरा हुआ था उसके सर से खून बह रहा था उसने मामले की सूचना अपने ठेकेदार को दी मौके पर हड़कम्प मच गया आनन फानन में उसे रिहंद चिकित्सालय ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देख अन्यंत्र के लिए रैफर कर दिया। परिजन उसे लेकर बैढन स्थित सिगरौली अस्पताल भागे जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है घायल बेहोशी की हालत में था वह हादसे के बारे में कुछ बताने की स्थिति में नही था। परिजनों ने आरोप लगाया कि किसी ने उसे मारा है उसे मरा समझ कर उसे छोड़ कर भाग गए उसके बाइक का भी कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

## मारपीट कर युवक को किया घायल

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के पिंडरा मठे गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर के घायल कर दिया गया। युवक की तहरीर पर चार लोगों के ऊपर मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना रविवार की शाम को हुई। मामले में सोमवार की देर शाम को मुकदमा दर्ज कराया गया। गांव निवासी रामकेश निषाद एवं सुनील कुमार के बीच काफी समय से रंजिश चली आ रही है। इसी को लेकर सुनील कुमार, रवि और दो अन्य लोग रामकेश को गाली- गलौज देते हुए लाठी डंडे से हमला कर दिए। हमले में 25 वर्षीस रामकेश निषाद के सिर फूट गया तथा शरीर मे अन्य चोट आयीं। परिजन घायल रामकेश को लेकर थाने गए। जहां प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने तत्काल घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## पति ने करायी पत्नी की प्रेमी से शादी

जौनपुर। जिले के सुइथाकला ब्लाक में उदारता की मिसाल प्रस्तुत करते हुए जहां पति ने खुद अपनी पत्नी की शादी उसके आशिक से करवा दिया। पति ने पत्नी के प्रेम संबंध को पवित्र रिश्ते का रुप देकर खुद को अलग करते हुए मंदिर में पत्नी की उसके प्रेमी संग सात जन्मों की शपथ दिलवाकर विदा कर दिया। सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर पर ये अनोखा नजारा देखने को मिला। पति ने भीगी आंखों से दोनों को खुश रहने का आशीर्वाद देते हुए विदा कर दिया। उसके इस त्याग को देखकर अनायास ही लोगों के जुंबा पर प्यार की असली परिभाषा त्याग की याद आ गया। लगभग दो साल पहले चौकी सराय मोहिउद्दीनपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी खेतासराय थाना क्षेत्र की युवती के साथ बड़े ही धूमधाम से हुई थी। युवती दूसरे युवक के प्रेमजाल में रहकर अपनी एक अलग दुनिया बसाने का सपना लिए उससे बातें किया करती थी। शादी के बाद दोंगा में विदाई होने के बाद ससुराल में कुछ समय रहने के बाद मायके गई और वहीं से अपने प्रेमी संग फुर्र हो गई। किसी तरह से पति पुनः अपने घर ले आया, पर यहां न रहने की बात कहते हुए मर जाने की धमकी पर उसे अपने साथ पति नोएडा लेकर चला गया। लेकिन वह पति के ड्यूटी पर जाने के बाद प्रेमी से फोन पर बातें किया करती थी। अंततः उसके इस प्रेम प्रपंच से तंग आकर पति ने सोमवार शाम नोएडा से पत्नी को साथ लाकर प्रेमी को मंदिर पर बुलवाया और दोनों की शादी करा दी। शादी के बाद पति ने अपनी भीगी आंखों से दोनों को विदा कर दिया। लोग पत्नी के प्रति उसके प्यार और त्याग की जहां सराहना करते दिखे, वहीं विवाहिता को कोसते रहे।

## मुठभेड़ में हत्या के आरोपी को लगी गोली, गिरफ्तार

जौनपुर। मीरगंज थाने की पुलिस ने हुई मुठभेड़ में हत्या करने वाले नामजद घायल अभियुक्त को किया गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त गमछा बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष विनोद कुमार अंचल अपने सहीयोगियों के साथ थाना मीगरंज पर पंजीकृत नामजद अभियुक्त शकील अहमद पुत्र शब्बीर अली निवासी जगदीशपुर मुजहना थाना मीरगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर थाना मीरगंज लाकर पूछताछ किया। उसे हत्या की घटना में प्रयोग किए गए गमछा की बरामदगी हेतु बताए गए स्थान ग्राम सेमराहो बासुही नदी से लगे नाराध्वाहा के किनारे लाया गया था। अभियुक्त द्वारा अचानक उ0नि0 शमीम खां की कमर से पिस्टल निकाल कर थानाध्यक्ष व पुलिस टीम की तरफ फायर कर पिस्टल हवा में लहराते हुए भागने लगा। थानाध्यक्ष द्वारा फायर किया गया, जिससे अभियुक्त घायल हो गा। पिस्टल बरामद करते हुए घायल अभियुक्त को इलाज हेतु सीएचसी मछली शहर रवाना किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त शकील अहमद पुत्र शब्बीर अली निवासी जगदीशपुर मुजहना थाना मीरगंज है।

## विमान दुर्घटना को लेकर किया श्रद्धांजलि सभा

जौनपुर। अहमदाबाद में हाल ही में हुए भीषण विमान दुर्घटना में मृत यात्रियों और मेडिकल छात्रों की स्मृति में आईएमए भवन में डॉक्टरों द्वारा शोक सभा आयोजित की गई। इस शोक सभा में उपस्थित चिकित्सकों ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। डॉक्टरों



ने इस हृदयविदारक घटना को मेडिकल जगत और मानवता के लिए एक बड़ी क्षति बताया। सभा में डॉ0. शुभा सिंह ने कहा, इस दुखद घटना ने हमें गहरे आघात में डाल दिया है। मेडिकल छात्रों और अन्य यात्रियों का इस प्रकार असमय जाना हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, डॉ. एन. के. सिंह, डॉ. एच. डी. सिंह, डॉ. मधु शारदा, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. शैली निगम, डॉ. शिखा शुक्ला, डॉ. राजेश कुमार और डॉ. विकास सिंह सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। डॉक्टरों ने अपने विचार साझा करते हुए दिवंगतों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस कठिन समय में हिम्मत और धैर्य बनाए रखने की कामना की।

## अधेड़ की ड्यूटी के दौरान हार्ट फेल

करमा, सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के विंध्य वासिनि इंटर कॉलेज पापी में कार्यरत परिचारक उमाशंकर की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत। प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित मां विंध्वासिनी इंटर कॉलेज पापी में कार्यरत परिचालक उमाशंकर खरवार 50वर्ष पुत्र बनारसी खरवार निवासी केकराही हर दिन के भाती मंगलवार को डयूटी पर कालेज पहुंचा था पेड़ के नीचे बैठ कर लगभग ग्यारह बजे आराम कर रहा था तभी सन्न हो गया। कुछ देर बाद किसी ने देखा और कालेज के प्रबन्धक, प्रधानाचर्य को सूचना दी, सूचना मिलते ही कालेज में पहुंचे प्रबन्धक सर्वजीत सिंह, प्रधानाचार्य सरोज सिंह ने बताया कि घर वालों को सूचना देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करमा एम्बुलेंस से ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने देखते हुए मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य केंद्र करमा में मृतक का शव रखा हुआ है। पुलिस को घटना की सूचना दी गई है। थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया की पंचायत नामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## बारिश से मौसम हुआ सुहावना किसानों के चेहरे पर खुशी

करमा, सोनभद्र। स्थानीय विकास खण्ड के क्षेत्रों में झमाझम पहली बारिश से मौसम हुआ सुहावना किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर। उमस भरी गर्मी से व्याकुल लोगों ने चमक गरज के साथ हुई झमाझम बरसात से राहत मिली है। किसान अपने धान की नर्सरी, मिर्च की नर्सरी को बचाने के लिए परेशान था, मानक से अधिक ताप युक्त गर्मी से राहत मिली है। किसानो की नर्सरी को राहत मिली है। किसान अपने खेतों की जुताई अब आसानी से कर सकेंगे। फिरहाल मौसम खुशनुमा हो गया है। जगह जगह नालिया जाम हो गया है पानी निकल ना मुश्किल हो गया है। करकी माईनर मुख्य सड़क से सटे पूर्व प्रधान जमालु दिन के घर के पास नाली पूर्ण रूप से जाम हो गई है कैनाल विभाग ने माईनार में गिरने वाली नालियों को जाम कर दिया है। रहन वासियों ने बताया कि अगर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो बरसाती पानी से अनेक रोग उत्तपन्न होने का भय है। स्थानीय लोगों ने सम्बंधित लोगों का इस ओर ध्यान आकृष्ट किया है।

## माह ए मोहर्रम को लेकर दिया ज्ञापन

जौनपुर। हजरत इमाम हुसैन में आस्था रखने वाले लोगों ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिला अधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा। अजादारी कमेटी कमेटी के अध्यक्ष सैयद परवेज हसन एवं सचिन चैरसिया ने ज्ञापन में अवगत कराय कि चंद्र दर्शन के अनुसार 27 जून से मोहर्रम आरंभ हो जाएगा जिसमें 12 दिन लगातार शोक सभाएं एवं मजलिसो का आयोजन होता रहता है। विद्युत आपूर्ति पर्याप्त वोल्टेज के साथ सुनिश्चित की जाए यदि कहीं फाल्ट होता है तो तत्काल सुधारने की व्यवस्था की जाए, जुलूसों के मार्गों पर जोरदार तारों सड़क संताली कारण एवं गड्ढा मुक्त एवं बरसात होने के कारण नालियों के द्वारा पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए, जलूसों के संयोजकों की बैठक एवं शांति समिति की बैठक यदि 20 तारीख तक कर ली जाए तो बहुत सी समस्याओं का निदान मीटिंग में ही संभव हो जाएगा, जुलूस के समय एम्बुलेंस दमकल एवं स्वास्थ्य विभाग की एक टीम लगाई जाए, बिजली पानी सड़क सफाई एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विभागों और क्षेत्रीय लोगों से संपर्क करके मोहर्रम से पहले निदान कर दिया जाए।

## 15 तक चलेगा इग्नू का नामांकन

आजमगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध केंद्र डीएवीपीजी कालेज की समन्वयक प्राफेसर शिल्पा त्रिपाठी ने बताया कि इग्नू विश्वविद्यालय के माध्यम से शिक्षार्थी अपने व्यवसायिक दायित्वों के साथ-साथ शिक्षा ग्रहण कर सकते है। ऐसे जिज्ञासु विद्यार्थियों के लिए 6 मई से इग्नू में नामांकन शुरू हो गया है जो 15 जुलाई 2025 तक जारी रहेगा। इग्नू के माध्यम से बी.ए., एम.ए., बी.कॉम., एम.कॉम. जैसे लोकप्रिय पाठ्यक्रमों के साथ-साथ विविध सर्टिफिकेट व डिप्लोमा हेतु सुगमता से नामांकन कर सकते है। जिसके लिए डीएवी पीजी कॉलेज, आजमगढ़ में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का अध्ययन केंद्र 48034 सुचारु रूप से संचालित है, जो शिक्षा-प्रेमियों के लिए एक सशक्त शैक्षिक मंच प्रदान कर रहा है।

संक्षेप

## बाइक डिवाइडर से टकरायी, युवक घायल

**बकेवर, इटावा।** आगरा कानपुर हाइवे पर बाइक सवार युवक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित अशोका ढाबा के पास डिवाइडर में टकराकर गंभीर रूप से हुआ घायल। ग्राम बैदपुरा निवासी अमित कुमार मंगलवार की दोपहर बाइक से कानपुर की ओर जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाइवे अशोका ढाबा के सामने पहुँचा कि तभी बाइक सवार युवक के बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से युवक की बाइक डिवाइडर से टकरा जाने से युवक का सिर भी डिवाइडर में जा लगा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया बाइक सवार युवक हेल्मेट नहीं लगाये हुए था। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे व गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को हाइवे सेविन गाड़ी बुलाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## 20 जून तक टेंडर डालें

**इटावा।** अध्यक्ष नीलामी समिति, अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे बताया कि पान का खोखा, फल जूस का अस्थायी खोखा, लाई चना स्टॉल, फोटो स्टेट की दुकान, 5. साइकिल, दो पहिया वाहन स्टैंड हलवाई की दुकान एवं नई दीवानी परिसर में, नवीन फोटोस्टेट की दुकान, के लिए सील बंद टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। उपर्युक्त दुकानों का ठेका 31 मार्च 26 की मध्य रात्रि तक होगा। इच्छुक व्यक्ति सील बंद लिफाफे में टेंडर हेतु 20 जून तक कार्यालय नजारत, जजी, इटावा में प्रस्तुत कर सकते है। टेण्डर में अधिकतम धनराशि के टेंडरकर्ता को सम्पूर्ण धनराशि का 50 प्रतिशत जमा करना होगा। टेंडर स्वीकार या अस्वीकार करने का सर्वाधिकार जिलाजज को सुरक्षित रहेगा।

## किसान दिवस आज

**इटावा।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि माह जून में किसान दिवस का आयोजन निम्न तिथि में कृषि भवन, सभागार में माह के तृतीय बुधवार 18 जून दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक किया जायेगा। किसान दिवस में कृषि एवं कृषि से जुड़े समस्त विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से प्रतिभाग कर किसानों की समस्याओं का यथा सम्भव स्थलीय समाधान किया जाएगा।

## पिकअप की टक्कर से मजदूर की मौत

**इटावा।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर इकदिल कस्बा के ओवरब्रिज पर सोमवार देर रात ट्रैक्टर में लगी लेंटर मशीन में पीछे से पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। मशीन पर बैठे एक मजदूर की सड़क पर गिरने से मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। बसरेहर सिरसा निवासी 30 वर्षीय रूप सिंह पुत्र सूरज सिंह सोमवार को दिबियापुर में एक स्कूल का लेंटर डालने के लिए मजदूरों के साथ गया था। जहां से वह स्कूल का लेंटर डालकर देर रात साथी सात मजदूरों के साथ ट्रैक्टर की मशीन पर बैठकर वापस अपने गांव लौट रहा था, 12 बजे जैसे ही ट्रैक्टर कस्बा के ओवर ब्रिज पर पहुंचा तभी तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर से रूप सिंह और बसरेहर चंपानेर निवासी 24 वर्षीय लवकुश पुत्र मनोहर लाल झटका खाकर पहिए के नीचे आकर घायल हो गए। जबकि ट्राली में सवार अन्य पांच मजदूर बाल-बाल बच गए।

# प्रशासन पहले लेता संज्ञान तो न होती जच्चा-बच्चा की मौत

## फर्जी डॉक्टरों की पोल खुली तो जांच में डॉ. सैयद निकला झोलाछाप

- तहसील कार्यालय व सीएचसी से महज एक किलोमीटर के दायरे में था विब्रान्त हॉस्पिटल






**कुशीनगर।** जनपद के खड्डा कस्बे में स्थित विब्रांत अस्पताल एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। शनिवार को इसी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान एक गर्भवती महिला और उसके नवजात की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद जब स्वास्थ्य विभाग ने जांच की, तो सामने आया कि अस्पताल में प्रसव ऑपरेशन करने वाला डॉक्टर सैयद मोहम्मद सलमान न तो एमबीबीएस है और न ही जनरल सर्जन। खुद को एमबीबीएस (एमएस) बताने वाला यह डॉक्टर दरअसल एक झोलाछाप निकला, जो बिना किसी मान्यता प्राप्त डिग्री के वर्षों से मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहा था। घटना सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को तत्काल सील कर दिया। इसके साथ ही अस्पताल में दर्ज अन्य डॉक्टरों की डिग्रियों की भी जांच शुरू कर दी गई है। अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर डॉ. प्रतिभा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. विनय, और डॉ. नवनीत काला जैसे नामों के साथ भारी-भरकम डिग्रियां दर्ज हैं, जिनकी वैधता अब सवालों के घेरे में है। यह मामला केवल विब्रांत अस्पताल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कुशीनगर जिले में वर्षों से पल रही स्वास्थ्य व्यवस्था की उस भयावह सच्चाई को उजागर करता है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। खड्डा, कोटवा, पडरौना, कसया, फाजिलनगर, दुदही बाजार और गुरवलिया जैसे कस्बों और गांवों में आज टेंट और बेसमेंट में खुले फर्जी क्लिनिकों और अस्पतालों की भरमार है। इनमें कोई पंजीकरण नहीं है, न ही इनमें कार्यरत डॉक्टरों की डिग्रियां सत्यापित हैं, लेकिन फिर भी ये बेखौफ चिकित्सा के नाम पर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।

इन फर्जी अस्पतालों में बड़े-बड़े बोर्ड लगाए जाते हैं, जिन पर ह्यगोल्ड मेडलिस्टह्न, ह्यएमडी मेडिसिनह्न, ह्यसर्जनह्न, ह्यडीजीएमओह्न जैसे आकर्षक शब्द लिखे रहते हैं। लोग इन शब्दों से प्रभावित होकर इलाज कराने आते हैं, लेकिन उन्हें यह अंदाजा नहीं होता कि जिन पर वे भरोसा कर रहे हैं वे न तो डॉक्टर हैं और न ही उनके पास मरीज का इलाज करने की विधिसम्मत अनुमति है। विब्रांत अस्पताल की तरह जिले के सैकड़ों ऐसे क्लिनिक और नर्सिंग होम हैं जो केवल नाम के डॉक्टरों के सहारे चल रहे हैं।

**स्वास्थ्य विभाग की लचरता और प्रशासन की उदासीनता**

इन फर्जी डॉक्टरों को खुलेआम काम करने की छूट दे रखी है। हर बार जब किसी मरीज की मौत होती है या कोई बड़ा विवाद खड़ा होता है, तब प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग जागता है। कुछ दिन हलचल रहती है, फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। सूत्रों के मुताबिक, कुशीनगर में नए सीएमओ के आने के बाद कुछ समय तक जरूर निरीक्षण और जांच की सक्रियता दिखी थी, लेकिन फिर से वही पुराना ढर्रा लौट आया है। और तहसील कार्यालय व सी एच सी से महज 1 किलोमीटर दूरी के दायरे में था विब्रान्त हॉस्पिटल अगर प्रशासन ने संज्ञान लिया होता तो शायद जच्चा, बच्चा की मौत नहीं होती एक परिवार की खुशियाँ नहीं उजड़ा। सरकारी अस्पतालों में संसाधनों की कमी और डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण आम नागरिक मजबूरी में इन फर्जी अस्पतालों का रुख करते हैं। विब्रांत अस्पताल में हुई जच्चा-बच्चा की मौत इसी सामाजिक और प्रशासनिक विफलता का परिणाम है।

**घटना में मृत महिला के परिजनों का आरोप :** अस्पताल में न तो ऑक्सीजन की समुचित व्यवस्था थी, न ही प्रशिक्षित स्टाफ। ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत बिगड़ती रही, लेकिन कोई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं था। परिजनों ने ऑपरेशन से पहले डॉक्टर से कई बार उसकी योग्यता पूछी थी, लेकिन उन्हें भ्रमित करने के लिए भारी डिग्री और चिकित्सा अनुभव के झूठे प्रमाण पत्र दिखाए गए। बोर्ड पर डॉक्टर सैयद मोहम्मद सलमान के नाम के आगे एमबीबीएस (एमएस) जनरल सर्जन लिखा हुआ था, लेकिन जब पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित विवि और चिकित्सा परिषद से जानकारी मांगी तो पाया कि इस नाम का कोई भी व्यक्ति पंजीकृत नहीं है। अन्य डॉक्टरों के नामों की भी गहन जांच की जा रही है। कुछ नाम तो ऐसे हैं जो या तो कहीं कार्यरत नहीं हैं या उन्होंने कभी इस अस्पताल में काम ही नहीं किया। खड्डा, कोटवा के अलावा नौरंगिया और पडरौना जैसे क्षेत्र भी इस खतरे से अछूते नहीं हैं। वहां भी विभिन्न चौक-चौराहों और व्यस्त बाजारों में आकर्षक बोर्डों के साथ निजी अस्पताल चलते हैं। इन बोर्डों पर महिला डॉक्टरों के नाम और उनके विदेशी प्रशिक्षण का उल्लेख भी किया जाता है ताकि ग्रामीण महिलाएं विशेष भरोसे से वहां इलाज कराएं। लेकिन जब असलियत सामने आती है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। स्वास्थ्य विभाग की मंशा पर अब सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि विभाग को सब कुछ पहले से पता होता है, लेकिन या तो लेन-देन के चलते या राजनीतिक दबाव के कारण कार्रवाई नहीं की जाती। स्वास्थ्य विभाग की टीम केवल दिखावे के लिए निरीक्षण करती है, और फर्जी अस्पताल संचालकों को समय रहते सूचना मिल जाती है। यह घटना कुशीनगर जिले के लिए एक चेतावनी है।

## तमंचा व लूट का माल बरामद

**देवरिया।** सुरौली पुलिस ने कोतवाली एवं सुरौली थाना क्षेत्र में पंजीकृत लूट के 2 अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। साथ ही अवैध तमंचा व लूट का माल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बरहज अंशुमान श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में सुरौली पुलिस टीम को गंगेश यादव पुत्र हुकुम चन्द यादव गनियारी थाना मदनपुर और आकाश यादव पुत्र उपेन्द्र यादव गनियारी थाना मदनपुर को जद्दू परसिया ईट-भट्ठे के पास से गिरफ्तार करते हुए उनके पास से बरामद लूट की घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल पल्सर व एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, लूट का नगद 42,960 रुपये को कब्जे में लेते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मालूम हो कि 9 जून को वादी आशुतोष पाठक पुत्र अनिल कुमार पाठक ग्राम गाजर जगदीशपुर थाना बासगांव जनपद गोरखपुर जो भारत फाइनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड में फील्ड अफसर के पद पर कार्य कर रहे हैं, जो पैसा कलेक्शन करके जा रहे थे कि ग्राम नकडीहा से पैकोली मार्ग पर दो बाइकसवारों द्वारा वादी आशुतोष पाठक का बैग छीनकर भाग गये थे। जिसमें एक टैबलेट एवं कुछ नगद रुपये थे। वादी की तहरीर के आधार पर थाना सुरौली में मु0अ0सं0 118/2025 धारा 304(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है। अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में बताया गया कि 15 अप्रैल को उनके द्वारा थाना कोतवाली के बसडीला गांव के पास एक व्यक्ति का बैग छीना गया था। जिसमें एक टैबलेट व कुछ इलेक्ट्रानिक उपकरण थे। उक्त के संबंध में वादी अमितेश गुप्ता की तहरीर पर थाना कोतवाली में मुअसं 408/2025 धारा 304(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी। इस प्रकार थाना सुरौली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं 118/2025 धारा 304(2) बीएनएस एवं थाना कोतवाली में पंजीकृतमुअसं 408/2025 धारा 304(2) बीएनएस का सफल अनावरण किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सुरौली हवलदार राम, उनि.अनिल तिवारी, उ.नि. स्वामीनाथ सिंह, उ.नि. मिथिलेश कुमार, मनीष राय, अजय तिवारी व सुबोध यादव शामिल हैं।

# बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के तहत संचालित योजनाओं व निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा



**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक/माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, जिला शिक्षा परियोजना समिति , जिला शिक्षा समिति, जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक भी की गई।

बैठक दौरान जिलाधिकारी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025 में नवभारत साक्षरता मिशन, स्कूल हर दिन आए कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में नव प्रवेशित बच्चों की संख्या के बारे में पूछताछ की तथा ऑपरेशन कायाकल्प के संतृप्तिकरण के अंतर्गत दिव्यांग शौचालय, बालक बालिका मूत्रालय, बाउंड्री वाल, फेंसिंग कार्य, टाइल्स फ्लोरिंग तथा अन्य पैरामीटर के बारे में आवश्यक पूछताछ की। उन्होंने शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग हुए निर्माण कार्य की भी जानकारी ली तथा राइट टू एजुकेशन (आर टी ई) योजना के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन हेतु प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष स्वीकृत बच्चों के नामांकन के आवेदन तथा अस्वीकृत आवेदनों की संख्या के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी निजी विद्यालयों में आर.टी.ई. योजना के अंतर्गत नामांकन लिए छात्र-छात्राओं की सूची प्रस्तुत करें । उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के नव संरचनात्मक विकास पर जोर देते हुए कहा कि एक डेडीकेटेड जूनियर इंजीनियर या असिस्टेंट इंजीनियर के माध्यम से सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का सर्वे करा लिया जाए तथा जो भी खामियां हैं उन्हें सूचीबद्ध कर संरचनात्मक विकास के कार्य भी कराए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की समीक्षा दौरान संज्ञान में आया कि विद्यालय बन कर तैयार हुआ 2010 में तथा हैंडओवर 2015 में किया गया, इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने कहा कि इसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी तथा संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, जिला विकास अधिकारी कल्पना मिश्रा खंड शिक्षा अधिकारीगण तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नव नियुक्त अभ्यर्थियों का आगमन, एसपी ने व्यवस्थाओं का किया गहन निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

**देवरिया ।** जनपद की पुलिस लाइन में नव नियुक्त पुलिस अभ्यर्थियों का आगमन हुआ । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर द्वारा पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया । उन्होंने नव नियुक्त अभ्यर्थियों के आवास हेतु निर्धारित बैरकों, प्रशिक्षण स्थल, मेस एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आरटीसी बैरकों में स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालयों की सफाई, रहने की व्यवस्था तथा भोजन की गुणवत्ता की जांच की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभ्यर्थियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय से और व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराई जाएं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर ने नव आरक्षियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें प्रशिक्षण के प्रति गंभीर रहने और अनुशासित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण काल उनके कैरियर की बुनियाद है और इस दौरान प्राप्त ज्ञान एवं अनुशासन ही उन्हें एक कुशल एवं जनसेवक पुलिसकर्मी बनाएगा। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और प्रत्येक अभ्यर्थी को पूर्ण सुरक्षा, सम्मान एवं समर्थन प्रदान किया जाए । साथ ही, प्रशिक्षण के दौरान समय-समय पर उनकी प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए जाएं ।

# शारीरिक व मानसिक तनाव को खत्म करता है योग

**इटावा।** 11वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में योग सप्ताह के अंतर्गत द्वितीय दिवस में शहर के डॉ राम मनोहर लोहिया पर्यावरण उधान में आज उपस्थित विभिन्न जनमानस को योगाभ्यास कराया गया। जिसमे जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. देवरानी ने जनता को योग से होने वाले लाभों की जानकारी दी और योग करके हमेशा निरोग रहने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में वरिष्ठ योगाचार्य सत्यप्रकाश शर्मा ने सभी लोगों को योग के बाद के स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी। योगाचार्य डॉ राहुल तिवारी अध्यक्ष जिला योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने लोगों को योगाभ्यास कराते हुए विभिन्न जानकारियां प्रदान की। इसी क्रम में जनपद में विष्णुहरी पुरम में शालिनी मेमोरियल सेवा संस्थान, लखनऊ द्वारा संचालित सरोज वृद्धाश्रम में रहने वाले विभिन्न बुजुर्गों को योग प्रशिक्षक चेयरमैन, जिला योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन डॉ. आशीष त्रिपाठी द्वारा जरूरी योगाभ्यास कराया गया। योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद में कई जगह योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमे ज्योतिराव फुले स्टेडियम में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के सौजन्य से आयोजित किया गया। द्वितीय कार्यक्रम 28वी बटालियन पी ए सी इटावा में आयोजित किया गया। तृतीय कार्यक्रम विकास खंड परिसर भरथना में आयोजित किया गया। चतुर्थ कार्यक्रम तहसील परिसर भरथना में आयोजित हुआ। शहर के कम्पनी गार्डन में आयोजित योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक दीपा यादव योग प्रशिक्षक दीप्ति मित्तल योग प्रशिक्षक डॉ. केके सक्सेना, डॉ. केके निगम, डॉ. सावित्री यादव, डॉ. कृष्ण कुमार आदि ने भी योगाभ्यास कराया।

## विभिन्न जिलों के 12 सौ पुलिस अभ्यर्थियों को हरी झंडी दिखा कर बैरक में किया व्यवस्थित

**कुशीनगर।** जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर एवं एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने मंगलवार को विभिन्न जनपदों से प्रशिक्षण हेतु आए पुलिस अभ्यर्थियों (महिला एवं पुरुष) को हरी झंडी दिखा कर उन्हें बैरक में भेजा। एसपी ने प्रशिक्षण हेतु आए अभ्यर्थियों का रहने, खाने पीने, क्लास रूम, कंप्यूटर कक्ष, आदि का निरीक्षण जिलाधिकारी के साथ किया एवं प्रशिक्षुओं हेतु समस्त व्यवस्थाओं के संबंध में पूर्ण जानकारी दी। निरीक्षण के क्रम में हॉस्टल एवं बैरक का भी निरीक्षण किया गया। यहां जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाय ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े। प्रशिक्षण के दृष्टिगत ए वन तकनीक पर आधारित पुलिस ट्रेनिंग मैनेजमेंट सिस्टम ऐप के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रशिक्षण को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस ऐप के माध्यम से सभी प्रशिक्षुओं को आगमन के समय ही अपने ट्रेनिंग से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त हो जायेगी। यह ऐप प्रशिक्षुओं को उनके आगमन के समय से ही प्रशिक्षण से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएगा, जैसे कि उनके बैरक/हॉस्टल का स्थान, मेस की व्यवस्था, आउटडोर और इनडोर प्रशिक्षण का विवरण आदि। ऐप में गूगल मैप की सुविधा एकीकृत है, जिसके माध्यम से प्रशिक्षु आसानी से अपने निर्धारित हॉस्टल/बैरक, ग्राउण्ड इत्यादि निर्धारित स्थानों तक पहुंच सकेंगे। आउटडोर, इनडोर, मेस का मैन्यू और आगे संचालित होने वाली समस्त परीक्षाओं इत्यादि का जानकारी इस ऐप से प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि ऐप के माध्यम से प्रशिक्षुओं से समय-समय पर फीडबैक लिया जाएगा, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर किया जा सके। साथ ही साथ इसके माध्यम से प्रशिक्षुओं के परीक्षाओं का आकलन करते हुए सुधार किया जायेगा।

# मुठभेड़ में टप्पेबाजी करने वाले गैंग के दो घायल

- 15 हजार रुपये नगद, भारी मात्रा में चोरी के आभूषण, एक बाइक व अवैध शस्त्र बरामद



**कुशीनगर।** जिले के हाटा कोतवाली पडरौना व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हाटा क्षेत्र के किस्तूराजा स्कूल के सामने देवरिया रोड हाटा के समीप घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार दो लोग आते हुए दिखाई दिये, जिनको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो बाइक पर सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। जवाब में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें दोनों व्यक्ति घायल हो गये।

पुलिसिया कहानी में घायल की पहचान जितू प्रधान पुत्र अन्ना राव प्रधान निवासी दशमनीया थाना जखपुरा जनपद जाजपुर उडीसा और किशोर प्रधान पुत्र नरायण प्रधान निवासी दशमनीया थाना जखपुरा जनपद जाजपुर उडीसा के रुप में हुई। पुलिस ने इन दोनों को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार इनके कब्जे से दो अवैध तमन्चा .315 बोर, 04 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 04 खोखा कारतूस .315 बोर, चोरी के भारी मात्रा में सफेद धातु व पीली धातु के आभूषण, घटना में प्रयुक्त दो अदद मोबाईल फोन, एक बाइक बजाज पल्सर 220 सीसी बिना नंबर प्लेट, 08 कपड़े का कैटलाग अपराध से अर्जित नगद 15 हजार रुपये बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्तों गणों द्वारा थाना को0 पडरौना क्षेत्रान्तर्गत डिग्गी खोलकर व थाना को0 हाटा क्षेत्रान्तर्गत डिग्गी खोलकर आभूषण चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना को0 पडरौना में मु0अ0सं0-317/2025 धारा 303(2) बीएनएस व को0 हाटा में मु0अ0सं0-373/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उड़ीसा के जाजपुर जनपद का यह अन्तर्राज्यीय गिरोह बाइक से विभिन्न शहरों में जाता है शहर व आसपास के सुनारों की आने व जाने दोनों की रेकी करता है और दुकान बंद करते या खुलते वक्त मौका पाकर सुनार की गाड़ी का डिग्गी का लॉक अपने पास रखे विशेष उपकरण के माध्यम से खोलकर डिग्गी में रखा माल(आभूषण) या झोला निकाल कर फरार हो जाता है। अभियुक्तगण अपने पास बैग में कपड़े का कैटलाग रखते है ताकि किसी को शक होने पर इनसे पूछताछ होने पर ये लोग कपड़े का व्यापार करना बता सके।

# जिला सूचना अधिकारी शांतनु को दी गयी विदाई




**देवरिया ।** जिला सूचना अधिकारी श्री शांतनु कुमार श्रीवास्तव के स्थानांतरण पर मंगलवार को नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया में सूचना विभाग एवं मीडिया कर्मियों द्वारा एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रमाशंकर राव, वाचस्पति मिश्र, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, मनोज शुक्ला, अमरीश मणि, त्रिपुरेशपति त्रिपाठी, कौशल किशोर, राम प्रताप सिंह, राकेशधर द्विवेदी, रवि रावत, पवन मिश्रा तथा ओंकार पाण्डेय ने श्री श्रीवास्तव के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें एक कर्मठ, विनम्र और कुशल अधिकारी बताया। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाशंकर राव ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन ग्रापए के जिला महासचिव डॉ हरिश्चंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के पूर्व श्री श्रीवास्तव को सूचना विभाग एवं मीडिया कर्मियों द्वारा माल्यार्पण, अंगवस्त्र तथा स्मृतिचिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया और शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर सुधीर पांडेय, बृजेश शर्मा, सुनील शर्मा, अमरेंद्र, शैलेश मिश्रा, संतोष विश्वकर्मा, अभिषेक सोनकर, अनिरुद्ध, सोनू, प्रिंस, अनिल मिश्रा, रामपति, मिठाई लाल आदि उपस्थित रहे।

## आरक्षी पद पर चयनित होने पर भव्य स्वागत

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बलुआअफगान निवासीपवन कुमार गोड का पुलिस सेवा मे आरक्षी के पद पर एवं अंकित कुमार यादव का चयन बिहार मे शिक्षक के पद पर चयनित होने पर माल्यार्पण कर दोनो युवाओं का ग्रामीणों ने माल्यार्पण व मिष्ठान खिलाकर भव्य स्वागत किया । बताया गया है कि पवन गोंड का उ प्र पुलिस सेवा मे आरक्षी के पद पर चयन होने के बाद 16जून को लखनऊ मे गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराज के हाथो से नियुक्ति पत्र पाकर गाँव आने पर व अंकित कुमार यादव के बिहार मे शिक्षा के पद पर चयनित होने पर एक स्वागत समारोह आयोजित कर माल्यार्पण व मिष्ठान खिलाकर भव्य स्वागत किया वही अंकित कुमार यादव को भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । समारोह को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य डाँ सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि युवकों ने अपने परिश्रम के बल पर जिस मुकाम पर युवक पहुँच कर गाँव का का मान बढाया है ।उससे गाँव के युवा पीढी को प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर अच्छे मुकाम हाशिल कर सकते है । इस अवसर पूर्व प्रधान श्रवण यादव पप्पू कुशवाहा दीपक विश्वकर्मा नन्दू यादव इष्टदेव शर्मा जगमोहन बुध्दिराम गुप्तमनोज यादव सत्येंद्र प्रसाद हरिबन्श कुशवाहा पेन्टर यादव व नगीना गुप्त मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## यातायात पुलिस का दुर्घनाओं की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु साकेत नगर, न्यू कॉलोनी में अभियान चलाकर नोझ्रपार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध एम0वी0 एक्ट में कार्यवाही की गयी, जिसमें 77 वाहनों का ई-चालान किया गया, 02 वाहनों की सीज किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया ।

## बिना नोटिस के दलित का शौचालय व बाउंड्रीवॉल ध्वस्त करने का आरोप

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम कुमौर्टा ठाकुर मे विना नोटिस के दलित मीना देवी पत्नी अंगद प्रसाद ने ग्राम प्रधान लेखपाल के मिलीभगत से शौचालय व बाऊन्ड्री बाल को ध्वस्त कराने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगायी है । पीडिता मीना देवी ने इस मामले मे भटनी पुलिस व पुलिस अधीक्षक को भी एक आवेदन पत्र देने बाद भी कोई कार्यवाही नही हो पायी । पीडिता ने न्याय की गुहार जिलाधिकारी से लगाते हुए अब उन्हीं पर न्याय दिलाने की भरोसा की है ।

## जिला उद्योग व्यापार मंडल की हुई बैठक



**देवरिया ।** जिला उद्योग व्यापार मंडल की बैठक मालवीय रोड स्थित मझगवां स्वर्णकला केंद्र पर हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुसुमाकर त्रिपाठी एवं संचालन जिला महामंत्री वासुदेव वर्मा ने किया बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री रविंद्र प्रताप मल वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष ने कहा कि 30 जून तक जिले के समस्त बाजरो एवं जिले का कमेटी पूर्णता गठित कर लेना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री शक्ति कुमार गुप्त ने छोटे एवं मझौल व्यापारियों के हित में भारत सरकार से जीएसटी के सरलीकरण के संबंध में मांग पत्र देने की बात कही। जिला अध्यक्ष कुसुमाकर त्रिपाठी एवं जिला महामंत्री वासुदेव वर्मा ने छोटे एवं मध्यम श्रेणी के व्यापारियों को ऑनलाइन से होने वाले नुकसान के विषय में विस्तार से बताया। बैठक में सर्वसम्मति से श्री कृष्ण कुमार बरनवाल उर्फ पिंटू बरनवाल एवं श्री दीपक गुप्ता बंधन कैटर्स को जिला मंत्री पद पर निर्वाचित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सर्वश्री रमेश चंद्र त्रिपाठी योगेश सिंह राजेंद्र मौर्य दारा यादव दिनेश जायसवाल श्याम सुंदर गुप्ता जवाहरलाल बरनवाल अनिल जायसवाल जेपी जायसवाल विष्णु अग्रवाल संजय श्रीवास्तव अरविंद जी सराफ वशिष्ठ बरनवाल कृष्ण कुमार बरनवाल प्रकाश सर्फ दीपक शराब सुरेंद्र वर्मा अजय वर्मा राजेश वर्मा विंध्याचल सराफ जगदंबा वर्मा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## मौसी के घर आये युवक ने फांसी लगायी

**इटावा।** सिविल लाइन इलाके में कचैरा रोड पर साईं मंदिर के पास आगरा के रहने वाले युवक का शव मौसी के घर पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की पत्नी और ससुरालियों ने मौसी और सगे भाइयों पर हत्या करके शव को लटकाने का आरोप लगाया है आगरा के पिनाहट में रहने वाला 35 वर्षीय आलोक कुमार पुत्र नत्थीलाल छह माह से कचैरा रोड पर साईं मंदिर के पास मौसी के घर रह रहा था। सोमवार शाम को उसका शव मौसी के घर पर फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घटना की जानकारी आलोक की पत्नी कमलेश मायके वालों के साथ रोती-बिलखती जिला अस्पताल पहुंची। पत्नी ने आरोप लगाया कि मौसी और आलोक के सगे भाइयों ने ही फंदे पर लटकाया है। आलोक के साले चंद्रपाल वर्मा ने बताया जीजा संविदा पर रोडवेज डिपो में नौकरी करते थे। एक बेटा और एक बेटी है। मौसी के काई औलाद नहीं है, छह माह पहले मौसी ने आलोक की नौकरी छुड़वाकर अपने पास बुला लिया था। उन्होंने उसे एक प्लॉट दिलाने की भी बात कही थी। आरोप है कि आलोक मौसी से प्लॉट नाम कराने की कह रहा था, इसी वजह से मौसी और आलोक के सगे भाइयों ने फांसी के फंदे पर लटका दिया। प्रभारी निरीक्षक विक्रम चैहान ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी है।

# परमाणु युद्ध का खतरा!

पश्चिम एशिया में अशांति अपने चरम पर है। इजराइल पर हमास के आतंकी हमले के बाद से लगातार युद्ध चल रहा है और अब लगता है कि जिस युद्ध का आगाज हमास ने किया था वह अब अपने चरम पर पहुंच गया है। अब इस युद्ध का कोई न कोई निष्कर्ष निकलना जरूरी है। इसलिए सभी शांति प्रेमियों को दुआ करनी चाहिए कि युद्धरत सभी पक्ष जंग की विभीषिका को समझें और बातचीत के जरिए समाधान तक पहुंचने का संकल्प दिखायें। लेकिन जब तक युद्ध समाप्त नहीं हो जाता है तब तक अनिष्ट की आशंका बनी रहेगा। इजरायल-ईरान युद्ध की परिणति क्या होगी? क्या इसका दायरा बढ़ेगा? इसमें कौन गलत है और कौन सही है? इन सवालों के जवाब फिलहाल नहीं दिए जा सकते। इजरायल के सामने अस्तित्व का संकट है। ईरान 1950 से परमाणु कार्यक्रम में जुटा है। कभी अमरीका उसके परमाणु कार्यक्रम में शामिल था। अमरीका समेत सभी प्रमुख पश्चिमी देशों के साथ ईरान के परमाणु करार थे, लेकिन तमाम करार रद्द करने पड़े, क्योंकि ईरान चोरी-छिपे यूरेनियम से बिजली नहीं, परमाणु बम बना रहा था। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान अभी नहीं माना, तो आगे बुरा होगा। दूसरी तरफ ईरान अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी को चेतावनी दे रहा है। बहरहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की हालिया बैठक में 19 देशों ने ईरान की परमाणु नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है। मई, 2025 में आईएईए की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि पांच माह में ईरान 22 परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर लेगा। उसने करीब 60 फीसदी यूरेनियम संवर्द्धन का काम कर लिया है। ईरान परमाणु कार्यक्रम संबंधी अंतरराष्ट्रीय कायदे-कानूनों का हनन कर रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू समेत कई विश्व नेताओं की जानकारी है कि ईरान 9-10 परमाणु बम बना चुका है। ईरानी बम न केवल इजरायल के लिए भयानक खतरा है, बल्कि अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी सरीखे देशों के जहाज फारस की खाड़ी और लाल सागर में नष्ट कर सकता है। ईरानी परमाणु बम बनाये जाने से मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के हालात भी अस्थिर, अशांत हो सकते हैं, लिहाजा इजरायल ने ईरान पर जो विध्वंसक हमले किए हैं, वे ईरान के परमाणु ठिकानों और कार्यक्रमों को बर्बाद करने के लिए किये गये। इजरायल के हमले में ईरान के सेना प्रमुख, रिवोल्यूशनरी गाड्र्स के चीफ समेत 20 प्रमुख सैन्य जनरलों और 9 वरिष्ठ वैज्ञानिकों को मार दिया गया। उनमें 3 ऐसे परमाणु वैज्ञानिक थे, जो ईरान का परमाणु कार्यक्रम संचालित करने में विशेष योगदान दे रहे थे। ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों, मिसाइल लॉन्चर, नेचुरल गैस रिफाइनरी आदि को तबाह कर दिया गया। इसमें इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उसने यह ऑपरेशन करीब एक साल पहले तय किया था और करीब 2000 किमी दूर बसे देश ईरान के भीतर ही अपने बेस बना लिए थे। वहीं से ड्रोन हमले कर ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों के परखच्चे उड़ा दिए थे। मोसाद के करीब 1000 एजेंट्स ईरान में ही सक्रिय हैं। यही कारण है कि इजरायल के हमले सटीक निशाने पर लगे। बहरहाल ईरान ने भी 150 मिसाइलों की बारिश कर जवाबी कार्रवाई की है। ईरान के पास ऐसी मिसाइलों का भंडार है, जो 2000 किमी. की दूरी पर मार करने में सक्षम हैं, लेकिन इजरायल के सुरक्षा-कवच भी अभेद्य हैं। इस कारण ईरान के अधिकांश मिसाइल नष्ट कर दिये गये लेकिन फिर भी इजराइल को भी भारी नुकसान हुआ है। इजराइल में ईरानी हमले से मौतें भी हुई हैं और मोसाद के मुख्यालय पर भी ईरान ने सटीक हमला किया है। बहरहाल युद्ध की यह प्रकृति होती है कि नुकसान सभी पक्षों को होता है। इन नुकसानों से आगे बढ़कर अगर हम अंजाम की बात करें तो बहुत कुछ स्पष्ट नहीं है। वैसे भी एक हमले या इतनी जल्दी ईरान का परमाणु कार्यक्रम छिन्न-भिन्न हो जाएगा अथवा तबाह हो चुका है, यह संभव नहीं है। ईरान यूरेनियम खदानों और भंडारण का देश है। पहाड़ों के नीचे परमाणु प्रयोग किए जा रहे हैं। आईएईए ने निर्देश दिए हैं कि परमाणु ठिकानों पर हमले न किए जाएं। उनसे लोग मर सकते हैं और पर्यावरण दूषित हो सकता है, लेकिन जिस तरह की जंग चल रही है उसमें दोनों कुछ भी कर सकते हैं। परमाणु युद्ध का भी खतरा है। इसलिए शांति के प्रयास तेज करने चाहिए ताकि बहुत अधिक मानवीय क्षति होने से पहले ही युद्ध को रोका जा सके।



**जंग किसी समस्या का हल नहीं है। इसलिए युद्ध लंबा खींचने के बजाय इजराइल और ईरान को वार्ता की टेबल पर यथाशीघ्र आना चाहिए।**

## विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

# युद्ध की लपटों में फंसे 1.65 लाख भारतीय



संजय श्रीवास्तव

**भारतीय दुनिया भर में रहते हैं, ऐसे में जब किसी क्षेत्र में युद्ध या गृहयुद्ध जैसा संकट खड़ा होता है, तब भारतीय प्रवासी ही सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। यह समस्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। यूक्रेन रूस के बाद अब ईरान-इजराइल संकट इसके उदाहरण हैं। सरकार को प्रवासी भारतीयों की इस समस्या का समाधान निकालना होगा, क्योंकि वे दुनिया में हमारी 'सॉफ्ट पॉवर' की पहचान और विदेशी मुद्रा कमाई के स्रोत हैं।**

इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग में तकरीबन 40 हजार भारतीय फंस गए हैं। पढ़ने पढ़ाने के काम, व्यापार एवं दूसरे पेशेवर काम करने वाले तकरीबन 11 हजार भारतीय और इतने ही एनआरआई ईरान में रहते हैं। उधर इजराइल में लगभग सवा लाख भारतीयों में से 85 हजार भारतीय मूल के और 35 हजार भारतीय प्रवासी रहते हैं। 12 हजार भारतीयों को अक्टूबर 2023 से मार्च 2025 के बीच काम करने का परमिट देकर अशांत इजरायल भेजा गया था। उनकी विपदा के किस्से पहले भी हम सुन चुके हैं। आज उन पर फिर गाज है। तबाही ईरान में ज्यादा है पर फंसने और वहां से निकालने की गुजारिश करने वाले भारतीय छात्र, मजदूर, पेशेवर इजरायल में अधिक हैं। भयभीत भारतीयों की इस गुहार पर कि इराक और पाकिस्तान ने अपने लोगों को वापस बुला लिया, हमें भी सरकार बुला ले। भारतीय दूतावास ने ईरान और इजरायल में रह रहे भारतीयों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, सभी सुरक्षित हैं। अनावश्यक आवाजाही से बचें और दूतावास के संपर्क में रहें। दूतावास क्षेत्र के हालात और अपने नागरिकों की सुरक्षा की लगातार निगरानी कर रहा है। भारत ने एडवाइजरी जारी करके हेल्पलाइन भी स्थापित कर दी। इस कवायद के बावजूद मेडिकल की पढ़ाई के लिए ईरान गए तमाम भारतीय छात्रों ने मीडिया पर अपनी परेशानी बयान की है। स्थिति सामान्य नहीं है और आगे चलकर स्थितियां और विद्रूप हो सकती हैं; क्योंकि ईरान फिलहाल चुप नहीं बैठेगा।

विगत कुछ बरसों में किंचित भिन्नताओं के साथ इस तरह की परिस्थितियां कई बार देखने में आयी हैं, जब वैध-अवैध प्रवासी भारतीय विदेश में किसी न किसी वजह से हलकान दिखे, खास तौरपर युद्ध या हिंसा की वजह से। आज भी भारत के नागरिक अधिकांश देशों में शोषण, अत्याचार, अवसरों में भेदभाव आदि के शिकार बन रहे हैं। इसके बावजूद वे वहां पर धैर्य के साथ टिके हुए संघर्षरत हैं। काम की तलाश में गए भारतीय कामगारों का शोषण तो आम बात है। सबब यह कि युद्ध हो या शांति कुछ भारतीय कठिन प्रतिकार लगातार झेलते हैं, पर बात तब ज्यादा खतरनाक और चिंतास्पद हो जाती है, जब बात सीधी जान पर



बन आये। प्रवासियों या भारतीय मूल के लोगों का आए दिन किसी न किसी अशांत, युद्धग्रस्त अथवा गृहयुद्ध के बीच फंस जाने की आवृत्ति इधर तेजी से बढ़ी है। कभी रूस, यूक्रेन में तो कभी ईरान और इजराइल में। इसी तरह कभी अफ्रीकी या खाड़ी के देशों में रहने वाले भारतीय इसकी मार झेल रहे हैं। युद्ध और दूसरे तरह की राजनीतिक अस्थिरता ने ही

**इजराइल–ईरान जंग**

नहीं भारतीय दूसरे देशों में वहां के राष्ट्रवाद प्रेरित नीतियों के भी बेतरह शिकार बन रहे हैं। भले ही वे छात्र हों या व्यापारी। मौजूदा भू-राजनीतिक हालात ऐसे हैं कि आये दिन कोई न कोई देश युद्धग्रस्त और कोई न कोई क्षेत्र अशांत हो जाता है। इसलिए जिस तरह की एडवाइजरी इजराइल-ईरान के युद्ध को लेकर वहां के भारतीयों के लिए जारी हुई, वह आज विदेश मंत्रालय और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों की सामान्य कवायद बन गई है।

ईरान-इजराइल में वैध भारतीयों के अलावा 12 लाख से ज्यादा भारतीय अवैध रूप से खाड़ी, पश्चिम एशियाई देशों, मलेशिया, इंडोनेशिया तथा कुछ अफ्रीकी देशों में रह रहे हैं। इन देशों में ये अमूमन अशांति के शिकार बनते हैं। पश्चिम एशिया के 15 प्रमुख देशों में से कई विगत 25 बरसों से या तो युद्धरत हैं अथवा गृहयुद्ध की हिंसा से अशांत बने हुए हैं। गजा या फिलिस्तीन, लेबनान, यमन, सीरिया, तुर्किए की 75 फीसदी आबादी इसे बरसों से झेल रही है, तो इसके साथ इन संघर्षों से कोई मतलब न रखने वाले यहां के कतिपय भारतीय भी। इसके अलावा बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब, जोर्डन में रहते हुए भी विभिन्न जोखिमों के कारण तनाव में हैं और वहां के लाखों वैध भारतीय नागरिक भी। सूडान, नाइजीरिया जैसे देशों की राजनीतिक अस्थिरता भारतीयों के लिए सांसत हैं, तो अफगानिस्तान भी कहां कम है। कथित तौरपर शांत अमेरिका से रिश्ते प्रगाढ़ होने के दावों के बीच जिस तरह वहां छात्र अवसरों से वंचित हो रहे हैं, भारतीय प्रवासियों के साथ जो व्यवहार हो रहा है, वह जगजाहिर और कतई चिंतनीय है। कनाडा में भी भारतीयों की स्थिति भी बहुत सुखद नहीं हैं। वह तो दूर पास के देशों में देखें। चीन से सियासी तौरपर तनावपूर्ण संबंधों के चलते वहां रह रहे ढेरों भारतीयों को तनाव में रहना होता है। रूस में भारतीयों को धोखे से भाड़े का सैनिक बनाकर भेजने के कितने ही मामले विगत में सामने आ चुके हैं और इस स्थिति तथा युद्ध क्षेत्र से उन्हें उबारने के भी। हजारों छात्र वहां से पलायन कर चुके हैं।

भारत वह देश है जिसके सबसे ज्यादा लोग विदेशों में बसते हैं। वर्तमान में लगभग चार करोड़ भारतीय मूल के लोग विभिन्न देशों में निवास करते हैं। इससे दोगुनी से ज्यादा संख्या अवैध प्रवासियों की है। वैध हो या वैध प्रवास, सबसे कड़ी वजह आर्थिक अवसरों की तलाश है। दूसरी ओर इसके सामाजिक, राजनीतिक और घरेलू कारण भी हैं। निस्संदेह उच्च और विशिष्ट शिक्षा भी। मेडागास्कर, बुरकीनाफासो जैसे अजान जगहों से लेकर अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे जानी मानी जगहों तो संयुक्त राज्य अमीरात और बर्मा तक हर जगह पाये जाने वाले भारतीय प्रवासियों की स्थिति हर जगह एक जैसी नहीं है। वैध तरीके से जाकर रहने वाले अधिकतर व्यवसायी और पेशेवर विदेशों में सम्मानजनक जीवन जीते हैं, भारत की शानदार वैश्विक छवि का लाभ उठाते हैं तो कुछ अवैध रूप से पहुंचकर कठिनाइयों से जूझते हैं। पर जब बात युद्धग्रस्त और अशांत क्षेत्रों में रहने की आती है तो क्या अवैध क्या वैध सभी सांसत में आ जाते हैं। निस्संदेह संबंधित देश के नागरिक भी सांसत में होते हैं, लेकिन भारतीय प्रवासी होने के नाते उनके बारे में हमारी चिंता जायज है। आपदाकाल में मजदूरी या शिक्षा के लिए गए भारतीय जब किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता या युद्ध छिड़ने पर फंस जाते हैं, तो सरकार ने उन्हें बचाने में कई बार सराहनीय तत्परता दिखाई है। 2015 में यमन संकट के समय भारत सरकार ने ऑपरेशन ह्यराहतह्न चलाया था और 5000 से अधिक भारतीयों को वहां से बाहर निकाला था। इराक और सीरिया में काम की तलाश में गए कई भारतीय युद्ध और आतंकवाद की चपेट में आए तो सहायता की। 2022 में यूक्रेन युद्ध के दौरान वहां लगभग 20,000 भारतीय, जिसमें ज्यादातर छात्र थे, बाहर निकाला तो 2023 के सूडान संकट में भी फंसे भारतीयों को निकाल लायी।

युद्धग्रस्त और अशांत क्षेत्रों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बनता जा रहा है, प्रवासी देश की 'सॉफ्ट पावर' और विदेशी मुद्रा कमाई के महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इस कमाई के लिए वे इतना जोखिम उठाते हैं तो उनकी सुरक्षा भारत सरकार की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी बन जाती है। सरकार ऐसे प्रवासियों को सलाह, सुझाव, चिकित्सा, खानेपीने और हवाई यात्रा की सुविधा के साथ आवश्यक शुरूआती कानूनी सहायता वगैरह मुहैय्या कराती है। यहां तक कि ई-पासपोर्ट, ऑन एराइवल वीजा भी। आवश्यक है कि सरकार प्रवासी भारतीयों की समस्याओं को मानवीय दृष्टिकोण से समझते हुये कुछ और ठोस दीर्घकालिक समाधानों की ओर कदम बढ़ाए जैसे प्रवासियों के रियल टाइम निगरानी के लिए सभी वैध प्रवासियों का एक डिजिटल डेटाबेस बनाना तथा संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर संस्थागत समाधान निकालना।

## सोशल मीडिया

ये है बाराबंकी 'मसौली का आयुष्मान आरोग्य मंदिर' नाम में मंदिर लगाकर जनता को तक बेवकूफ बनाया जायेगा। यहां इंसान क्या जानवर का भी इलाज नहीं हो सकता। संजय सिंह.



आरएसएस के तृतीय सर संघचालक दूरदर्शी विचारक व सामाजिक समरसता के अग्रदूत परम पूज्य बालासाहब देवरस जी की पुण्य तिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। केशव प्र. मौर्य.



पाकिस्तान मुस्लिम देश होने का कार्ड इस्तेमाल करता है जबकि भारत हर धर्म को मानता है...भारत के संविधान में हर सभी धर्मों को स्थान दिया गया है। असदुद्दीन ओवैसी.



# प्रार्थना और भजन


इंद्रिय सुख ऐसा आकर्षण जो मनुष्य के मनोमस्तिष्क को अपनी तरफ आकर्षित करती है। भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं।

अंतर्दृष्टि

# यह रिश्ता क्या कहलाता है

व्यंग्यलोक


दुनिया भर में बड़े-बड़े भूकम्पों और भूचालों के बीच बाबा तुम पूछ रहे हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। रिश्ते बनते हैं, बिगड़ते हैं। कुछ रिश्ते खून के नहीं होते हैं और इसी कारण उनको नाम देना परेशानी का सबब बना रहता है। हालांकि जब तक रिश्ता बना रहता है तब तक उसमें चाश्नी से भी अधिक मिठास मिलती रहती है। जहां रिश्ते में खटास पड़ी की दूध से मक्खी की तरह नाता तोड़ देना पड़ता है। बिना रिश्ते के तो लिव इन रिलेशनशिप में भी रहना पड़ता है। इस रिश्ते को भी कोई नाम नहीं दिया जाता है क्योंकि समाज की मान्यता का ठप्पा नहीं लगा रहता है। लोग पूछते जरूर हैं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन इसका जवाब वे भी खुलकर नहीं दे पाते हैं। कुछ कुछ ऐसा ही इस रिश्ते में भी रहता है। जाहिर सी बात है कि तुम भी यह सब जानते हो लेकिन बहुत भोले बन रहे हो। वैसे तुम इतने नादान हो नहीं। तुम्हारा तो ऐसे रिश्तों से शतकों से नाता रहा है। तुम्हें यदि नहीं मालूम है तो अपने घर के बड़े-बूढ़े, नाते-रिश्तेदारों, आस-पास वालों से ही पूछ लो। क्या तुम्हें नहीं मालूम कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। क्या तुम्हारे कभी ऐसे कोई रिश्ते नहीं रहे। सच बताना और क्या तुम बता सकोगे कि तुम्हारे जो रिश्ते थे, उन्हें तुम कोई नाम दे पाए थे या फिर आज अगर मैं पुछूं तो क्या बता पाओगे कि तुम्हारा वह वाला रिश्ता क्या कहलाता था। और एक बात और बताओ कि क्या तुमने भी कोई रिश्ता बनाकर नहीं रखा है। हो सकता है कि तुम्हें रिश्ते के योग्य तब नहीं माना गया हो लेकिन तुम्हारे साथ कोई तो थे जिन्होंने रिश्ते बनाकर रखें थे। सभी को रिश्ते बनाने पड़ते हैं। नहीं भी चाहेंगे तब भी रिश्तेदारी बन जाती है और निभ भी जाती है।



प्रदीप उपाध्याय

बिना रिश्ता बनाए आखिर कौन सर्वाइव कर पाता है। एक दूसरे का अस्तित्व ही इन अनाम से रिश्तों में छुपा रहता है। पतंग संग डोर भी तो जरूरी है। बिना पतंग डोर की कोई वैल्यू नहीं है और ठीक इसी तरह बिना डोर पतंग भी कैसे हवा में आकाश की ऊंचाई को छू सकती है। जानता हूं कि तुम्हें मालूम है कि ऐसे रिश्ते क्या कहलाते हैं लेकिन तुम्हारी भी तो मजबूरी है। वैसे तुम खुद ही बता सकते हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन तुम बताओगे नहीं और जिनके सामने यह राज उगलवाना चाहते हो, क्या वे नासमझ हैं। उन्हें नासमझ समझने की भूल मत करना बाबा और जो कर रहे हैं, उन्हें भी नहीं करना चाहिए। रिश्ते खंगाले जाते हैं। रिश्ते खंगालना जग की रीत है बाबू। सबका अपना समय आता है, रिश्ते बनते हैं और टूटते हैं। खून के रिश्तों की तरह ये अटूट तो होते नहीं। कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जिन्हें भले ही सामाजिक मान्यता न मिलें तब भी वे रिश्ते रिश्ते ही होते हैं। अब यह आप पर निर्भर करता है कि आप उस रिश्ते को क्या नाम देते हो!

# राजनीतिक इशारों पर बैन हुई फिल्म 'किस्सा कुर्सी' का





सिनेमा और इमरजेंसी

**मनोज प्रकाश**

भले ही अमेरिका के राजनीतिज्ञ और राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के प्रशासन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ जीत का नेतृत्व करने वाली इंदिरा गांधी को आयरन लेडी कहा हो पर इंदिरा गांधी अपने खिलाफ होने वाली हर गतिविधि से डरती या उससे नफरत करती थीं। इसका सीधा सा उदाहरण है उनके जीवन से प्रेरित फिल्में। इंदिरा गांधी उनसे इस तरह नफरत करती थीं कि उन्होंने कुछ फिल्मों को तो रिलीज ही नहीं होने दिया। माना जाता है कि अमृत नहाटा द्वारा निर्देशित फिल्म किस्सा कुर्सी को सेंसर बोर्ड ने रोक दिया था। बाद में इस मूवी के प्रिंट जलाकर नष्ट कर दिए जाने की बात सामने आयी थी। वैसे फिल्मी आर्कइव में इसके प्रिंट न होना, इस बात को पुख्ता करता है। भारतीय राजनीति तथा सिनेमा के जानकार मानते हैं कि इसे इंदिरा के इशारे पर नष्ट कर दिया गया था।

25 जून को जब हम इमरजेंसी की पचासवीं वर्षगांठ मना रहे होंगे तो सिने दुनिया के लोग भी आपातकाल को उतनी ही शिद्दत से याद करेंगे जितनी की सामान्य जनता, जिसने तमाम कष्ट झेला। इस काल में देश में जो अत्याचार हुए, राजनेताओं को जेल में डाला गया, लोगों पर तमाम तरह की पाबंदियां लगाई गई, वह आज भारतीय इतिहास का वह हिस्सा हैं जिसे काला अध्याय कहा जाता है। खैर, इमरजेंसी पर इंदिरा गांधी के सामने और उनके ना रहने के बाद कई फिल्में बनीं। इंदिरा गांधी के निधन के बाद उन पर सीधे-सीधे जो फिल्म बनी वह है, कंगना रनौत द्वारा निर्देशित फिल्म इमरजेंसी। इसमें वह खुद लीड रोल में हैं और उन्होंने उस काल के किस्सों-कहानियों पर यह फिल्म बनाई। यह भी इत्तेफाक है कि यह फिल्म पचास वर्ष पूरे हो रहे वर्ष में रिलीज हुई और बॉक्स आफिस पर चमत्कार नहीं कर सकी। मात्र विवाद इसके हिस्से में आया, कुछ सिख संगठनों ने इसका विरोध भी किया। कंगना को इससे वह ऊंचाई नहीं मिल सकी जो उन्हें क्वीन फिल्म ने दिलाई थी, हां उनके हिस्से में विवाद जरूर आया। गुलजार द्वारा निर्देशित फिल्म आंधी में सुचित्रा सेन को देखकर कहा जाता था कि वह इंदिरा गांधी से प्रेरित करैक्टर है। पूरी तरह से राजनीतिक ड्रामा इस फिल्म को इंदिरा पर ही आधारित करार दिया गया। उस वक्त इसकी रिलीज पर काफी विवाद हुआ था। बाद में इसे बैन भी किया गया। आपातकाल में इस पर रोक भी लगी। जब इंदिरा गांधी का दौर था और इस फिल्म को रिलीज करना उतना ही कठिन हो गया था जितना कि आपातकाल में सरकार के खिलाफ कुछ भी बोलना। इंदिरा गांधी को इंगित करती सर्वाधिक महत्वपूर्ण फिल्म, किस्सा कुर्सी का तो इमरजेंसी के दौरान घटी राजनीतिक घटनाओं पर करारा व्यंग्य थी, इसको लेकर उतने ही किस्से हैं जितने की शोले को लेकर बनाए जाते हैं। दरअसल इस तरह की फिल्मों को रोकने के पीछे एक कारण यह माना जाता है कि जिन फिल्मों में इंदिरा या उनकी नीतियों की आलोचना होती थी, वह इंदिरा या उनके अनुयायी पसंद नहीं करते थे। किस्सा कुर्सी का, को लेकर संजय गांधी पर यह आरोप भी थे कि उन्होंने इस फिल्म के सारे प्रिंट जलवा दिए थे। इस पर इतना विवाद हुआ कि मामला सुप्रीम कोर्ट भी गया। इंदिरा गांधी के सामने उन पर आंधी और किस्सा कुर्सी का दो ही फिल्में प्रमुखता से रिलीज हुई थी और दोनों ही इंदिरा-कांग्रेस के नफरती आपातकाल का शिकार होकर, क्रोध का दंश झेलती रहीं।

ऐसी फिल्मों की बहुत बड़ी श्रृंखला नहीं है जिसे इंदिरा गांधी से जुड़ी कहा जाए। हां कुछ मूवी जरूर उनसे प्रेरित या उनके राजनीतिक एजेंडा पर आधारित हैं। इनमें इंदु सरकार भी है। यह मधुर भंडारकर ने इंदिरा गांधी के जीवन पर बनाई थी। यह भी विवादों में रही। इसमें भी इमरजेंसी की उन बातों को शामिल किया गया जिन पर आज तक आपत्ति होती है और जिन्होंने उन दिनों कष्ट झेला था, वह आपात काल को कालाकाल कहते हैं। जब 2017 में यह फिल्म आई तो कांग्रेस ने इस पर आपत्ति करते हुए हंगामा करने में कसर नहीं रखी। भले ही विनोबा भावे ने इमरजेंसी को अनुशासन पर्व कहा हो पर भारतीय सिनेमा के लिए इमरजेंसी और उसकी रहनुमाई करने वाली इंदिरा पर जो फिल्में बनी हैं वह हमेशा मुसीबत की जड़ रहीं। बेल बॉटम तथा सैम बहादुर भी आपातकाल से जुड़ी बातों की कहानी कहती हैं।

## आप की बात

### खेल पर फोकस बढ़ायें

ओलंपिक खेलों में भारत को कुछ खास हाथ नहीं लगता। इसलिए यह जरूरी है कि वैश्विक स्तर पर भारतीय खेल को प्रतिष्ठित करने के लिए सरकार को खेल के क्षेत्र में निवेश बढ़ाना चाहिए ताकि देश में अच्छे खिलाड़ी तैयार हों। क्रिकेट में अधिक संसाधन है इस कारण भारतीय क्रिकेट दुनिया में सिरमौर है, लेकिन यही स्थिति अन्य खेलों की नहीं है। देश को खेल के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि हमारे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। देश को अपने आकार-प्रकार के अनुसार खेलों में प्रदर्शन के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। देश को बार-बार ओलंपिक जैसी स्पर्धाओं में निराश होना पड़ता है। बीते ओलंपिक में भारत को कुल छह पदक मिले हैं। एक रजत पदक और 5 कांस्य पदकों के साथ 71वें स्थान मिला। जबकि टोक्यो ओलंपिक में हमारा स्थान 48वां था। 1996 के अटलांटा और 2000 के सिडनी ओलंपिक खेलों में भी भारत मात्र 1-1 कांस्य पदक के साथ 71वें स्थान पर था। यह 1992 के बाद पहला मौका है, जब भारत पाकिस्तान (62वां स्थान) से पीछे रहा है। उस साल भारत खाली झोली लौटा था, जबकि पाकिस्तान एक कांस्य पदक हासिल करने में कामयाब रहा था। विश्व जनसंख्या में भारत की 18 फीसदी हिस्सेदारी है, लेकिन ओलंपिक में हमारा प्रदर्शन बेहद कमजोर है। पदकों का आंकड़ा निराशाजनक होता है। ओलंपिक पदक का सीधा संबंध आबादी से नहीं है, क्योंकि एक लाख जनसंख्या वाले देश ने भी स्वर्ण पदक जीता है और 144 करोड़ की सर्वाधिक आबादी वाले भारत को एक-एक पदक के लिए तरसना पड़ता है। पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन 16 खेलों में ही अपना हुनर दिखा पाए। उसमें भी मुट्ठी भर सूरमाओं को छोड़ कर शेष भागीदारी करने से अधिक कुछ खास नहीं कर पाये। चूंकि उन खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, लिहाजा हम उनकी प्रशंसा में तालियां बजाएं, हम ऐसा नहीं कर सकते। इन खिलाड़ियों पर सरकारी कोष से 470 करोड़ रुपये खर्च किए गये। यह करदाता का ही पैसा था। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिलाया गया, विदेशी कोच रखे गए, विदेश में खेलने के अवसर दिए गए और देश में सुविधाएं मुहैया कराई गईं। इतना सब कुछ महज प्रतिनिधित्व के लिए नहीं किया गया। दरअसल भारत को बेहतर खिलाड़ी तैयार करने के साथ ही जीत का हौसला भी सीखना होगा।

**धीरेन्द्र प्रताप मौर्य, लखनऊ.**

### समावेश नीतियों की दरकार

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है।

**दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.**

संक्षेप

## सिप्ला हेल्थ ने शुरू किया नया अभियान

मुंबई। सिप्ला हेल्थ ने अपने नवीनतम अभियान, "CIPLADINE - आपका फास्ट एड एक्सपर्ट के शुभारंभ की घोषणा की, जिसमें प्रशंसित अभिनेत्री नीना गुप्ता को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। यह अभियान भारत में कट, घाव, जलन और संक्रमण के लिए "CIPLADINE की स्थिति को नंबर एक विश्वसनीय समाधान के रूप में मजबूत करता है झ जो सबसे ज्यादा जरूरत के समय में तेजी और प्रभावी रूप से राहत प्रदान करता है। ऐसे समय में जहां हर पल कीमती होता है, कट, जलन और घाव जैसी रोजमर्रा की चोटें किसी व्यक्ति के अपना लक्ष्य पाने में बाधा बन सकती हैं। उपभोक्ता आज तेजी से काम करने वाला एक विश्वसनीय समाधान चाहते हैं जो बिना किसी देरी के उन्हें अपने दैनिक जीवन को पटरी पर लाने में मदद करे। अपने पोविडोन आयोडीन (पीवीपीआई) फॉमूर्ले द्वारा, "CIPLADINE पर लंबे समय तक टिकने, गहराई तक प्रवेश करने और केवल 30 सेकंड के भीतर कार्य करना शुरू करने के लिए सिद्ध है, जो इसे न केवल एक प्राथमिक चिकित्सा बल्कि सच्चा फास्ट एड विशेषज्ञ बनाता है।

## भारत के निर्यात में 2010 से 2023 के बीच मजबूत वृद्धि

नयी दिल्ली। भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। अंकटाड (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि 2010 से 2023 की अवधि में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा और इस मामले में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही। अंकटाड के प्रमुख सांख्यिकी एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार 2024 के रुझान के अनुसार वृद्धि की यह दर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे अधिक रही।

## एमवे इंडिया के इम्युनिटी पोर्टफोलियो का विस्तार

बंगलुरु। एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट के साथ अपनी पोषण श्रेणी उत्पादों में वृद्धि की है। प्लांट प्रोटीन-आधारित पूरक, एसरोला चेरी, हल्दी और लीकोरिस की प्राकृतिक ताकत के साथ वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया है। इस शक्तिशाली फॉमूर्लेशन में ऐसे पोषक तत्व हैं जो शरीर में ट्रिपल-एक्शन फॉमूर्ला के साथ कार्य करते हैं - प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करना, सूजन को कम करना तथा आंत, त्वचा और प्रतिरक्षा स्वास्थ्य के लिए मजबूत एंटीऑक्सीडेंट सुरक्षा प्रदान करना। खराब पोषण देश के आधे से अधिक लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।


## डेटॉल लाइम फ्रेश साबुन में 12 घंटे ताजगी की सुविधा पेश

बंगलुरु। डेटॉल ने कोलोन फ्रेश और लाइम फ्रेश साबुन वेरिएंट्स में 12 घंटे की ताजगी की सुविधा पेश की है। यह नया ऑफर उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरत को ध्यान में रखकर लाया गया है, यानी दिनभर सुरक्षित और तरोताजा महसूस करने का आत्मविश्वास। शरीर से आने वाली दुर्गंध कभी भी अचानक महसूस हो सकती है, लंबी यात्रा के दौरान, काम पर या किसी महत्वपूर्ण सामाजिक मुलाकात से ठीक पहले, जिससे व्यक्ति असहज, हिचकिचाहट से भरा या शर्मिंदा महसूस कर सकता है। डेटॉल फ्रेश इस रोजमर्रा की परेशानी का समाधान करता है, क्योंकि यह दुर्गंध पैदा करने वाले 99.9 प्रतिशत कीटाणुओं को हटाता है और साथ ही 12 घंटे तक तरोताजा महसूस कराता है, जिससे लोग आत्मविश्वास से भरकर हर अवसर के लिए तैयार रह सकें।

## दुर्लभ खनिज चुंबक में आत्मनिर्भर बनेगा भारत

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि अंतर-मंत्रालयी प्रयास भारत को दुर्लभ खनिज चुंबक के मामले में आत्मनिर्भर बनने का मार्गप्रशस्त करेंगे। दुर्लभ खनिज चुंबक का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों, रक्षा और अन्य क्षेत्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कुमारस्वामी ने यहां कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी के साथ दुर्लभ खनिज चुंबक के मुद्दे पर एक अंतर-मंत्रालयी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह बात कही। दुर्लभ खनिज चुंबक के मुद्दे पर किशन रेड्डी के साथ हुई बैठक में भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सेंसेक्स में 213 अंकों की गिरावट




मुंबई। ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिर गए। सेंसेक्स 213 अंक जबकि निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा।

विश्लेशकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनानी बेहतर समझी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 212.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 81,583.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 369.14 अंक टूटकर 81,427.01 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 93.10 अंक यानी 0.37 प्रतिशत गिरकर 24,853.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा को सर्वाधिक 2.18 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा इटर्नल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होने से जोखिम बढ़ने के बीच घरेलू सूचकांकों में मध्यम गिरावट रही। अनिश्चितता के माहौल में कच्चे तेल का दाम चढ़ गया जो भारत के लिहाज से प्रतिकूल स्थिति है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.67 प्रतिशत नुकसान में रहा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप सूचकांक 0.56 प्रतिशत नीचे आया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड 1.29 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि सेवा खंड में 1.09 प्रतिशत और तेल एवं गैस खंड में 0.92 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,483 कंपनियां नकारात्मक दायरे में बंद हुईं जबकि 1,496 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सूचकांक बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सोमवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.69 प्रतिशत बढ़कर 74.47 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 2,539.42 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,780.96 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# सोना 1200 रुपये टूटा, चांदी में मजबूती



नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1200 रुपये टूटकर 100,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। सोमवार को यह 1,00,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। मंगलवार को सोने में और गिरावट आई, क्योंकि व्यापारियों ने इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण रूप से क्षेत्रीय युद्ध की संभावना का पुनर्मूल्यांकन किया। यह बदलाव उन रिपोर्टों के बाद आया है, जो बताती हैं कि ईरान, इजराइल के साथ अपने बढ़ते संघर्ष के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कूटनीतिक समाधान की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि नाजुक युद्धविराम की संभावना ने सोने के व्यापारियों के बीच सुस्ती की धारणा को बढ़ावा दिया है। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर 107,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा। पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने के बावजूद सोना नकारात्मक कारोबार कर रहा है और निवेशकों द्वारा उच्च स्तर पर इस कीमती धातु में मुनाफावसूली होती देखी गई। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर चांदी का भाव 0.44 प्रतिशत बढ़कर 36.47 डॉलर प्रति औंस हो गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक से पहले चांदी की कीमतें भी दिन के उच्च स्तर से नीचे आ गई हैं। हालांकि, वैश्विक अनिश्चितता और तनाव कीमती धातुओं की कीमतों को सहारा दे सकते हैं। आर्थिक मोर्चे पर, निवेशकों की अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती का अंदाजा लगाने के लिए मई की खुदरा बिक्री और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों सहित अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों पर नजर होगी।

# सरकार ने 200 कोयला ब्लॉक आवंटित किये

नयी दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने अब तक कुल 200 कोयला ब्लॉक आवंटित किए हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, कोयला मंत्रालय ने अपनी 200वीं कोयला खदान के आवंटन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो भारत के कोयला क्षेत्र को बदलने के उसके अथक प्रयास को रेखांकित करती है।

इसमें कहा गया, मध्य प्रदेश में सिंघल बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड को मरवाटोला-क्क कोयला ब्लॉक का आवंटन क्षेत्रीय सुधारों, निजी भागीदारी को बढ़ावा देने और कोयला उत्पादन में राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। नामित प्राधिकरण ने निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने, प्रक्रियागत बाधाओं को कम करने तथा देश भर में कोयला ब्लॉक के शीघ्र परिचालन को सक्षम बनाने के लिए मंत्रालय की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पिछले कई वर्ष में कोयला मंत्रालय ने कई परिवर्तनकारी सुधार किए हैं, जिनमें वाणिज्यिक कोयला खनन की शुरुआत और एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली की शुरुआत से लेकर डिजिटल निगरानी एवं कामकाज से जुड़े माध्यमों को अपनाना शामिल है। इसमें कहा गया है कि इन उपायों ने सामूहिक रूप से कोयला क्षेत्र के परिचालन परिदृश्य को पुनर्परिभाषित किया है।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे टूटकर बंद



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे की गिरावट के साथ 86.23 (अस्थायी) बंद हुआ। ईरान-इजराइल के बीच युद्ध और डॉलर के मजबूत होने के बीच रुपये में यह गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर धारणा और एफआईआई निकासी ने रुपये पर और दबाव डाला है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.96 पर खुला तथा 85.96 से 86.28 के दायरे में कारोबार करने के बाद कारोबार के अंत में 86.23 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से 19 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 86.04 पर बंद हुआ था। चूंकि रुपया 86.20 से नीचे बंद हुआ है, इसलिए हमारा अनुमान है कि यह किसी भी सुधार से पहले 86.70 के स्तर तक गिर सकता है। युद्ध के कारण डॉलर की बिक्री फिलहाल सीमित है और यह जोखिम पर असर डाल रही है और शुल्क का मुद्दा गौण होने के कारण डॉलर खरीदा जा रहा है। ट्रंप ने यह भी कहा कि दवा कंपनियों पर शुल्क जल्द ही आने वाला है, जिससे भारत के दवा कंपनियों शेयरों में आशंका पैदा हुई है और एफपीआई लगातार बिकवाली कर रहे हैं। यूरोप और पचिम एशिया में संघर्ष तेज हो गया है। अमेरिका में अवैध अप्रवासियों के निर्वासन के कारण अशांति है, जबकि अमेरिका में ऋण काफी बढ़ गया है। इन नकारात्मक कारणों से प्रतिभागी जोखिम वाली संपत्तियों से दूर हो रहे हैं। इससे रुपया टूटा और 86.24 पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया 85.80-86.50 के दायरे में रह सकता है। इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की वायदा कीमत 1.60 प्रतिशत बढ़कर 74.40 प्रति बैरल हो गई।

# श्रम कल्याण योजनाओं से 50 लाख असंगठित क्षेत्र के श्रमिक लाभान्वित

नयी दिल्ली। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि श्रम कल्याण योजनाओं से देश भर में 50 लाख से अधिक असंगठित श्रमिकों, खासकर बीड़ी, सिनेमा और खनन क्षेत्र के कामगारों को लाभ मिला है।

हालांकि इन श्रमिकों की कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) जैसे अन्य निकायों द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच नहीं है। मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के 11 साल पूरे होने पर जारी एक बयान में कहा कि वह श्रम कल्याण महानिदेशालय के माध्यम से देश में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित कल्याणकारी योजनाओं की एक शृंखला को लागू कर रहा है। इनमें बीड़ी, सिनेमा और खनन क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों पर सरकार का विशेष ध्यान है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, देश भर के 50 लाख से अधिक श्रमिकों और उनके परिवारों पर सीधा असर डालने वाली ये योजनाएं सरकार की समावेशी और श्रम कल्याण रणनीति की बुनियाद हैं। डीजीएलडब्ल्यू के तहत कार्यरत श्रम कल्याण संगठन 18 कल्याण आयुक्तों के माध्यम से इन श्रम कल्याण योजनाओं पर नजर रखता है।

# आम, अनानास के उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल: मंत्री



अगरतला। त्रिपुरा के आदिवासी कल्याण मंत्री विकास देबबर्मा ने मंगलवार को कहा कि पूर्वोत्तर राज्य के आदिवासियों ने आम और अनानास के उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने यहां राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा आयोजित दो दिवसीय अनानास और आम महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिपुरा में आदिवासियों द्वारा अनानास और आम का उत्पादन देखकर मैं चकित रह गया। यहां की भूमि उपजाऊहै और यहां लगभग सभी बागवानी उत्पाद प्रचुर मात्रा में उगाए जाते हैं। हमारे पास अपने प्राकृतिक संसाधनों को विकसित करने की पर्याप्त गुंजाइश है। अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने के लिए सैकड़ों आदिवासी आम और अनानास लेकर महोत्सव स्थल पर पहुंचे। अगरतला से लगभग 130 किलोमीटर दूर धलाई जिले में गंडचरा उपखंड, दुर्लभ और महंगी मियाजकी किस्म सहित आम की खेती के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में तेजी से पहचान बना रहा है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि धलाई ने अपनी उच्च फल उपज के कारण त्रिपुरा के फल जिले का खिताब अर्जित किया है। वर्तमान में, धलाई में 1,386 हेक्टेयर रकबे में आम की खेती की जाती है, जिससे लगभग 7,055 टन की वार्षिक उपज होती है। अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में त्रिपुरा में 10,357 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की खेती की जा रही है, जिससे प्रति हेक्टेयर औसतन छह टन उपज की प्राप्ति होती है। यहां आम्रपाली, हिमसागर, अंबिका, अरुणिका और उच्च मूल्य वाली मियाजकी जैसी पारंपरिक और विदेशी किस्में उगाई जा रही हैं। इस बीच, केंद्र सरकार त्रिपुरा की क्वीन किस्म के अनानास की वैश्विक उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए 132.62 करोड़ रुपये की परियोजना का समर्थन कर रही है। कृषि और किसान कल्याण विभाग के निदेशक फणी भूषण जमातिया ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डीओएनईआर) ने राज्य सरकार के प्रस्ताव के बाद अपना समर्थन दिया है। त्रिपुरा में अनानास की खेती 12,095 हेक्टेयर में होती है, जो सालाना लगभग 1,77,433 टन उत्पादन करता है। जैविक रूप से उगाई गई क्वीन किस्म अपने असाधारण स्वाद और पोषण मूल्य के लिए जानी जाती है।

पूर्वोत्तर राज्य में वर्तमान में अनानास की खेती 12,095 हेक्टेयर में होती है, जो सालाना लगभग 1,77,433 टन फल का उत्पादन करती है।

# भारत की तेल मांग में वर्ष 2030 तक 10 लाख बैरल प्रतिदिन की बढ़ोतरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत अपनी शानदार आर्थिक वृद्धि के चलते वर्ष 2030 तक वैश्विक तेल मांग वृद्धि की अगुवाई करेगा और 10 लाख बैरल तेल प्रतिदिन की मांग बढ़ेगी।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक तेल मांग में इस दशक के अंत तक 25 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस तरह तेल की कुल मांग 2030 तक बढ़कर 10.55 करोड़ बीपीडी हो जाएगी। कच्चे तेल के बाजार में किसी भी बड़े व्यवधान को छोड़ दिया जाए तो इस दशक के अंत तक अच्छी आपूर्ति रहने की उम्मीद है। वैश्विक ऊर्जा निगरानी संस्था आईईए का अनुमान है कि भारत में कच्चे तेल की मांग बढ़कर 2030 में 66.6 लाख बीपीडी हो जाएगी जो 2024 में 56.4 लाख बीपीडी थी। भारत अपनी तेल जरूरतों का 95 प्रतिशत आयात के ही जरिये पूरा करता है। बयान के मुताबिक, भारत की तेल मांग पूर्वानुमान अवधि में 10 लाख बीपीडी तक बढ़ जाएगी। किसी भी अन्य देश की तुलना में यह काफी अधिक है। शानदार जीडीपी वृद्धि को देखते हुए औसत वार्षिक दर 2.8 प्रतिशत होगी। दुनिया के सबसे बड़े तेल उपभोक्ता अमेरिका में मांग 2025 में 2.04 करोड़ बीपीडी के शिखर पर पहुंच सकती है, जिसके बाद इसमें गिरावट का दौर शुरू हो सकता है जो 2030 में दो करोड़ बीपीडी तक आ सकता है। दूसरे प्रमुख तेल उपभोक्ता देश चीन में तेल की मांग 2027 में चरम पर पहुंचकर 1.69 करोड़ बीपीडी हो जाने का अनुमान है। इसके बाद इसमें गिरावट शुरू होगी और 2030 में यह 1.66 करोड़ बीपीडी तक पहुंच जायेगी।

पेज एक का शेष

## ग्लोबल साउथ

इस सम्मेलन से इतर कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। यह सम्मेलन भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के एक महीने बाद हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत, 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी को कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण, नयी सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। पिछले साल अक्टूबर में भारत ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था क्योंकि ओटावा ने उन्हें निज्जर मामले से जोड़ने का प्रयास किया था। भारत ने कनाडा के भी इतने ही राजनयिकों को निष्कासित किया था। भारत ने जस्टिन ट्रूडो की सरकार पर कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थकों को काम करने की अनुमति देने का आरोप लगाया था। अर्थशास्त्री कार्नी ने ट्रूडो के शीर्ष पद से हटने के बाद कनाडा के नये प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाला। पिछले कुछ महीनों में भारत और कनाडा के सुरक्षा अधिकारियों ने संपर्क पुनः शुरू किया है और दोनों पक्ष नए उच्चायुक्तों की नियुक्ति की संभावना पर विचार कर रहे हैं। जी-7 शिखर सम्मेलन भू-राजनीतिक तनावों के बीच हो रहा है, जिसमें ईरान और इजराइल के एक-दूसरे पर हमले करने के मद्देनजर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के साथ-साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीतियों के चलते शुरू हुआ व्यापार युद्ध भी शामिल है। ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं - फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत को पिछले कुछ वर्षों से नियमित रूप से जी-7 शिखर सम्मेलन के संपर्क सत्र में आमंत्रित किया जाता रहा है।

## सीएम योगी

पांच किमी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते हैं। इसकी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जाती है। इसके अलावा एटीएमएस में रफ्तार सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर नजर रखने के स्पीड कैमरे और एनपीआर (नम्बर प्लेट रीडर) की व्यवस्था भी होती है। एक्सप्रेसवे पर रफ्तार सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों की तत्काल जानकारी संबंधित जिले के एआरटीओ के पास चली जाती है।

## बीएड संयुक्त

, झांसी द्वारा किया गया। राजधानी लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सभागार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में नकल को रोकने के लिए आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का उपयोग किया गया। योगी सरकार में पारदर्शी ढंग से प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। सफल अभ्यर्थियों को उन्होंने बधाई दी।

## इजरायल-ईरान

सक्रिय हो चुका है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने मंगलवार को पुष्टि की कि भारतीय दूतावास द्वारा व्यवस्था किए जाने के साथ ही सुरक्षा कारणों से तेहरान में फंसे भारतीय छात्रों को शहर से सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कुछ भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया की सीमा के माध्यम से ईरान छोड़ने में सहायता की गई है। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि ईरान ने मंगलवार की सुबह इजरायल पर कई मिसाइलों से हमला किया। उत्तरी इजरायल में हवाई हमले के सायरन बजने लगे और लोगों को सुरक्षित जगहों पर शरण लेने का आदेश दिया गया। जबकि आईडीएफ की रक्षा प्रणालियों ने कई मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम अमेरिकी हितों की रक्षा करेंगे। ट्रंप ने अपने नागरिकों से जल्द से जल्द तेहरान छोड़ने की अपील की। अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर दोहराया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते। ट्रंप ने संकेत दिया कि अमेरिका हाई अलर्ट पर रहेगा। ईरान-इजरायल संघर्ष का असर कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भी देखने को मिला। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने तनाव कम करने के लिए संयुक्त वक्तव्य का समर्थन करने से इनकार कर दिया। इमैनुएल मैक्रोन और कीर स्टारमर सहित यूरोपीय नेताओं ने इजरायल के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि करने और ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं की निंदा की। उठठ के अनुसार, ट्रंप ने इस साल की शुरूआत में ईरान को दो महीने का अल्टीमेटम दिया था। इजरायल की सेना ने मध्य तेहरान में लगभग 3,30,000 लोगों के लिए देश छोड़ने की चेतावनी जारी की थी। जिसमें ईरान के सरकारी टीवी मुख्यालय, पुलिस भवन और तीन प्रमुख अस्पताल भी शामिल हैं। द वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, लगभग 9.5 मिलियन लोग तेहरान में रहते हैं, उसमें से काफी संख्या में लोग अपने घर छोड़कर चले गए हैं। द पोस्ट व द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजरायल द्वारा रिफाइनरियों और ईंधन डिपो सहित महत्वपूर्ण ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाए जाने के बाद पेट्रोल स्टेशनों पर लंबी कतारें लगी हुई हैं।

## जी-7 की

वन में संवाददाताओं से कहा, ईरान परमाणु हथियार नहीं बना सकता। उन्होंने ईरानी नेताओं पर अपने परमाणु कार्यक्रम पर किसी समझौते पर पहुंचने के लिए अनिच्छुक होने का आरोप लगाया और सुझाव दिया कि अब उनकी उनसे बातचीत करने में दिलचस्पी घट गई है। ट्रंप ने कहा, उन्हें समझौता कर लेना चाहिए था। मैंने उनसे कहा, समझौता कर लो। इसलिए मुझे नहीं पता। मैं बातचीत करने के मूड में नहीं हूं। राष्ट्रपति ट्रंप अपने सलाहकारों से मिलने वाले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि संघर्ष में अमेरिका की प्रत्यक्ष भूमिका बढ़ने वाली है। उनके रुख में बदलाव ऐसे वक्त आया है जब अमेरिका ने क्षेत्र में युद्धपोतों और सैन्य विमानों को फिर से तैनात किया है ताकि अगर इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष और बढ़ता है तो वे उसका जवाब दे सकें। इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज होने के मद्देनजर ट्रंप कनाडा के कनैनिस्किस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर अमेरिका के लिए रवाना हो गए। ट्रंप ने दिन में कई बार यह बात दोहराई कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना सकता। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में फिर से इस बात पर ज़ोर दिया, जिसमें उन्होंने लिखा, ईरान परमाणु हथियार नहीं बना सकता। निकासी के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से कहा कि मैं बस यही चाहता हूं कि लोग सुरक्षित रहें।

## ईरान से

के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। तेहरान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी हमले किए हैं। मौजूदा परिस्थिति के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले ही वापस वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए। ट्रंप ने ईरानियों को तत्कल तेहरान छोड़ने की चेतावनी भी दी। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बयान में कहा गया, नियंत्रण कक्ष का संपर्क विवरण इस प्रकार है: 1800118797 (टोल-फ्री), 91-11-23012113, 91-11-23014104, 91-11-23017905, 91-9968291988 (व्हाट्सएप)। इसके अलावा, तेहरान में भारतीय दूतावास ने संपर्क के लिए 24 घंटे संचालित आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की है। इसमें कहा गया है, केवल कॉल के लिए: 98 9128109115, 98 9128109109 व्हाट्सएप के लिए: 98 901044557, 98 9015993320, 91 8086871709, बंदर अब्बास: 98 9177699036, जाहेदान: 98 9396356649। इजराइल ने शुक्रवार की सुबह ईरान पर हमला कर दिया था और उसके परमाणु, मिसाइल और सैन्य ढांचे को निशाना बनाया। बाद में ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमला किया।

## जेल में बंद

के अंदर काम करती थी। डॉक्टर की मौत के बाद जिले के चिकित्सा अधिकारियों में व्यापक आक्रोश है। पीएमएसए के वरिष्ठ अधिकारी और सीएमओ मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और संवेदना व्यक्त की। विरोध के तौर पर सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर ओपीडी सेवाएं दिनभर के लिए बंद कर दी गईं। पीएमएसए के जिला अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार चौधरी ने मौत को पूर्व नियोजित हत्या करार दिया और सीबीआई जांच की मांग की। डॉ. चौधरी ने कहा, हिरासत में लिए जाने से पहले वह पूरी तरह स्वस्थ थे। न्यायिक हिरासत में उनकी मौत गंभीर सवाल खड़े करती है। ऐसा लगता है कि उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तीन दिन के भीतर कोई कार्वाई नहीं की गई तो आपातकालीन और पोस्टमार्टम को छोड़कर जिलेभर में सभी स्वास्थ्य सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। डॉ. वर्मन ने घटना के विरोध में ओपीडी सेवाएं बंद करने की पुष्टि की।

## मनी लांड्रिंग

की गई प्राथमिकी पर आधारित है।

सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने कुछ संबंधित व्यक्तियों के ठिकानों के अलावा, बायोजेनेटिक ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड, सीबी हेल्थकेयर, स्माइलैक्स फार्माकेम ड्रग इंडस्ट्रीज, सोल हेल्थ केयर (आई) प्राइवेट लिमिटेड और एस्टर फार्मा नामक कुछ दवा कंपनियों के परिसरों की भी तलाशी ली। पंजाब पुलिस ने पिछले साल चलाए गए अभियान के तहत सात लोगों को गिरफ्तार किया और मादक पदार्थ बनाने वाली सामग्री जब्त की।

## तकनीकी खराबी

एअर इंडिया की फ्लाइट में सोमवार रात को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते यात्रियों को मंगलवार सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर प्लेन से उतारना पड़ा। फ्लाइट नंबर अक 180 कोलकाता होते हुए मुंबई जा रही थी। बोइंग 777-200 (वर्ल्डलाइनर) विमान 17 जून को रात 12:45 बजे समय पर कोलकाता पहुंचा था। इसे मुंबई के लिए रात 2:00 बजे रवाना होना था। विमान के बाएं इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण टेकऑफ में देरी हुई। इसके बाद सुबह करीब 5:20 बजे कैप्टन ने यात्रियों से कहा गया कि वे प्लेन से नीचे उतर जाएं। उन्होंने बताया कि यह फैसला फ्लाइट सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

## बिहार-झारखंड

के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि, मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया था। आईएमडी ने मध्यम स्तर के आंधी-तूफान की चेतावनी देते हुए जनता के लिए सुरक्षा परामर्श भी जारी किए। मौसम विभाग के परामर्श के अनुसार, आकाशीय बिजली गिरने से खासतौर से खुले इलाकों में जान का खतरा हो सकता है।




# आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार

## क्रिकेट : भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड पांच दिनी मैच ही खेलेंगे : रिपोर्ट

एजेंसी



लंदन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की श्रृंखलाएं खेलने में मदद मिलेगी।

द गार्डियन समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। इसमें कहा गया है, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी। आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था। रिपोर्ट के अनुसार, कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी। इसमें कहा गया है, समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई। हालांकि 2025-27 की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पांच दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी।

**हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की: रबाडा**

लंदन। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम काफी अनुभवहीन थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।

### भारत-इंग्लैंड श्रृंखला के विजेता कप्तान को मिलेगा पटौदी पदक

नयी दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के विजेता कप्तान को पटौदी पदक से सम्मानित किया जायेगा जिससे इन दोनों देशों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता में इस शाही परिवार का नाम बना रहेगा। पटौदी परिवार का दोनों देशों की क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इससे पहले पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी करने का फैसला लिया था। पिछले हफ्ते लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान इसकी औपचारिक घोषणा होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान के भीषण हादसे के मद्देनजर इसे टाल दिया गया। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के साथ क्रिकेट जगत के कुछ अन्य लोगों ने भी इस ट्रॉफी का नाम बदलने की आलोचना की थी। पता चला है कि तेंदुलकर ने खुद ईसीबी से संपर्क किया और कहा कि पटौदी नाम भारत-इंग्लैंड क्रिकेट का हिस्सा बना रहना चाहिए। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह की भी इसमें भूमिका रही। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, ईसीबी ने जब इस ट्रॉफी का नाम बदलने का फैसला किया तब तेंदुलकर ने उनसे संपर्क किया और कहा कि पटौदी नाम भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा बना रहना चाहिए। जय शाह भी इस चर्चा में शामिल थे। ईसीबी ने अनुरोध पर सहमति जताते हुए विजेता कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया है। पहले से तय कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सका ऐसे में ट्रॉफी का नाम बदलने की औपचारिक घोषणा लीड्स में श्रृंखला के शुरूआती मैच से एक दिन पहले 19 जून को की जाएगी। तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जबकि एंडरसन टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज है।

# स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग बल्लेबाजी में फिर शीर्ष पर



दुबई। भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गयीं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

**पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने बिग बैश लीग के लिए अपना पंजीकरण कराया**

मेलबर्न। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाली पुरूषों की बिग बैश लीग (बीबीएल) ड्राफ्ट के लिए अपना पंजीकरण कराया है जबकि भारत के 15 अन्य खिलाड़ियों ने महिला टूर्नामेंट (डब्ल्यूबीबीएल) के लिए पंजीकरण कराया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले भारत के लिए तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने वाले कौल गुरुवार को यहां होने वाले बीबीएल ड्राफ्ट के लिए खुद को पंजीकृत कराने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन दुनिया भर के उन 600 से अधिक खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने लीग के लिए खुद को पंजीकृत किया है। अगर एंडरसन को चुना जाता है तो वह 43 साल की उम्र में लीग में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। महिला टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण कराने वाली 15 भारतीय खिलाड़ियों में कनिका आहूजा भी शामिल हैं जो महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलती हैं और जिन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। अन्य भारतीय महिला खिलाड़ियों में जेमिमा रोड्रिग्स, शिखा पांडे, राधा यादव और यास्तिका भाटिया शामिल हैं।

## संक्षेप

### भारतीय जूनियर हॉकी टीम का यूरोप दौरा समाप्त

उट्रेच (नीदरलैंड)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नियमित समय में गोलरहित ड्रॉ के बाद मेजबान नीदरलैंड से शूटआउट में 2-3 की हार के साथ यूरोप के अपने दौरे का समापन किया। इस हार के बावजूद भारतीय जूनियर टीम के लिए यह दौरा काफी सफल रहा। लगातार चार जीत (बेल्जियम के खिलाफ तीन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक) के साथ इस मैच में उतरी भारतीय टीम ने नीदरलैंड की मजबूत टीम के खिलाफ धैर्य और जज्बे का परिचय दिया। मैच के चारों क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन रक्षापंक्ति और गोलकीपरों के शानदार खेल से कोई भी टीम ऐसा करने सफल नहीं रही। शूटआउट में लालरिनपुई और प्रियंका यादव ने भारत के लिए गोल किये जबकि इमे डे लीउ, रूस अल्केमाडे और लोटे रस्ट नीदरलैंड के लिए मौके भुनाने में सफल रहे। भारतीय टीम का यह यूरोपीय दौरा दिसंबर में होने वाले महिला जूनियर विश्व कप की तैयारी का हिस्सा था।

### भारतीय टीम के सामने ताजिकिस्तान की चुनौती

नयी दिल्ली। भारतीय अंडर-23 फुटबॉल टीम बुधवार को ताजिकिस्तान के खिलाफ मैत्री मुकाबले में उतरेगी तो उसकी कोशिश आगामी एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। यह मुकाबला दुशांबे के पास हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इस दौरे पर शनिवार को दूसरे मैच में किर्गिज गणराज्य का सामना करेगी। भारत सितंबर में होने वाले क्वालीफायर के लिए बहरीन, कतर और ब्रुनेई दारुस्सलाम के साथ ग्रुप ई में है। टीम का लक्ष्य पहली बार इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने का है। कोच नौशाद मूसा की देखरेख में भारत के 23 खिलाड़ियों का दल सोमवार शाम को दुशांबे पहुंचा और उसने मंगलवार को 90 मिनट के अभ्यास सत्र में भाग लिया। ताजिकिस्तान अंडर-23 टीम ने अपने पिछले दोनों मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ खेले हैं।

### वनडे से संन्यास लेगी न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं।

# श्रेयस को यहां होना चाहिए, कुलदीप को अधिक से अधिक खिलाना चाहता हूं : निक




एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट का मानना है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम में श्रेयस अय्यर की मौजूदगी टीम को बदलाव के दौर से गुजरने में मदद करती और साथ ही उन्होंने 20 जून से शुरू होने वाली श्रृंखला में कुलदीप यादव को मेहमान टीम के लिए संभावित तुरुप के पत्ते के रूप में चुना। अय्यर के टीम का हिस्सा नहीं होने के कारण नाइट को कुलदीप और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं। सुदर्शन के लीड्स में पहले टेस्ट के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने की उम्मीद है। विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारत के बल्लेबाजी क्रम में अनुभव की कमी है और अब जाने-माने कमेंटेटर नाइट ने शीर्ष क्रम को स्थिरता देने के लिए लोकेश राहुल को चुना। नाइट ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर भारत को 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतनी है तो 20 विकेट लेना महत्वपूर्ण होगा। इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट और 100 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 55 साल के नाइट नहीं चाहते कि भारत अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए गेंदबाजी से समझौता करे। नाइट इस दौरान राहुल से काफी प्रभावित नजर आए।

नाइट ने पीटीआई से कहा, तैयारी के दृष्टिकोण से शायद सबसे महत्वपूर्ण बात नॉर्थम्पटन में हुई घटना है। मैं लोकेश राहुल का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं (उन्होंने वहा शतक बनाया)। मैं उनकी सलामी बल्लेबाजी का भी प्रशंसक हूं। सभी प्रारूपों में उनका सर्वश्रेष्ठ स्थान शीर्ष क्रम में है। उन्होंने कहा मैं समझता हूं कि उन्हें अलग-अलग भूमिकाओं में इस्तेमाल किया गया है लेकिन इंग्लैंड में टेस्ट मैच क्रिकेट में पारी का आगाज करने और रन बनाने का उनका अनुभव बहुत महत्वपूर्ण है। नाइट ने कहा कि कोहली और रोहित का संन्यास अन्य बल्लेबाजों के लिए खुद को साबित करने का मौका होगा। उन्होंने कहा खिलाड़ियों के पास अभ्यास मैचों से अपना दावा पेश करने का मौका है।

# ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो



एजेंसी

लंदन। ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा, मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं।

पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6 (6),1-6, 6-1 से हराया। मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया। रूण का मुकाबला अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा, जिन्होंने फ्रांस के गेल मोनफिल्स को 6-4, 6-4 से हराया।

**सबालेंका ने फ्रेंच ओपन मुकाबले के बाद टिप्पणी के लिए गॉफ से माफी मांगी**

बर्लिन। एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई गैर पेशेवर टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा, यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था। उन्होंने कहा मैंने अपनी भावनाओं को खुद पर हावी होने दिया। उस समय मैंने जो कुछ भी कहा उसके लिए मुझे बहुत खेद है। आप जानते हैं कि हम सभी गलतियां करते हैं।

मैं भी एक इंसान हू जो अब भी जीवन में सीख रहा है। मुझे लगता है कि हम सभी के पास ऐसे दिन होते हैं जब हम नियंत्रण खो देते हैं। लेकिन मैं यह भी कहना चाहती हूं कि मैंने कोको को बाद में लिखा था - तुरंत नहीं, लेकिन हाल ही में। सबालेंका ने 37 विनर्स लगाए थे लेकिन गॉफ की 30 सहज गलतियों की तुलना में 70 सहज गलतियां की।

# ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए फायदेमंद होगी

एजेंसी




नयी दिल्ली। खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है। महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खड़से ने इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खर्चीले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा। खड़से ने कहा खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं। खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी अगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। खड़से ने कहा इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओलंपिक की मेजबानी करके हम एक संदेश देंगे।

यह इस बात का संकेत है कि आप एक विकसित देश हैं। लेकिन साथ ही, यह युवाओं को राष्ट्र-निर्माता के रूप में नेतृत्व करने का अवसर भी देता है। उन्होंने कहा कि खेलों की मेजबानी और भारतीय खेलों के विकास को अलग-अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। खेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाली दूसरी महिला और सबसे कम उम्र की खड़से ने कहा, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया देश को भविष्य में लाभ पहुंचाए। पेरिस ओलंपिक 2024 की लागत नौ अरब डॉलर से जूयादा थी, जबकि लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के खेलों के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर से जूयादा खर्च होने का अनुमान है।

कई बार ऐसा होता है कि अनुमानित लागत अंतिम खर्च से काफ़ी जूयादा होती है। ओलंपिक की बोली को सफल बनाने के लिए आपसी सहयोग बेहद महत्वपूर्ण होगा लेकिन भारत के राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) अक्सर एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में उलझे रहते हैं, जिसके कारण अदालती मामले सामने आते हैं, जिससे खिलाड़ियों को नुकसान पहुंचता है। खडसे ने कहा इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए और खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। महासंघों को स्वायत्तता होनी चाहिए, लेकिन एनएसएफ और मंत्रालय के बीच अधिक सामंजस्य भी होना चाहिए। उन्होंने कहा यह लक्ष्य हासिल करना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारा लक्ष्य 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करना है। इसके लिए सभी को एकजुट होना होगा। मंत्रालय, एनएसएफ और आईओए अलग-अलग दिशाओं में नहीं जा सकते, उनके लक्ष्य एक जैसे होने चाहिए। स्वायत्तता के विषय पर मंत्रालय और आईओए के बीच मतभेद हैं।

### नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराया

ग्लासगो। नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा।

# इंटर काशी एआईएफएफ के खिलाफ पंचाट में अपील जीता

एजेंसी



नयी दिल्ली। इंटर काशी ने मंगलवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के खिलाफ खेल पंचाट (कैस) में अपनी पहली अपील जीत ली। वाराणसी की इस टीम के इस साल की शुरुआत में हुए आईलीग मैच के लिए तीन अंक काट लिए गए थे। खेल पंचाट के फैसले के बावजूद इंटर काशी को अभी आईलीग का खिताब नहीं मिलेगा। एआईएफएफ की अपील समिति ने 18 अप्रैल को नामधारी एफसी के खिलाफ मैच से संबंधित एक मामले में इंटर काशी के खिलाफ फैसला सुनाया था और राष्ट्रीय महासंघ की अनुशासन समिति द्वारा दिए गए फैसले को खारिज कर दिया गया था।

इंटर काशी ने नामधारी एफसी पर 13 जनवरी को हुए मैच में अयोग्य खिलाड़ी को मैदान में उतारने का आरोप लगाया था। अपील समिति के फैसले के बाद इंटर काशी 39 अंक के साथ आईलीग में दूसरे स्थान पर रहा जबकि गोवा के चर्चिल ब्रदर्स को 40 अंकों के साथ चैंपियन घोषित किया गया। इंटर काशी ने एआईएफएफ अपील समिति के फैसले के खिलाफ 24 अप्रैल को स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील दायर की और दुनिया के शीर्ष खेल न्यायाधिकरण ने मंगलवार को क्लब के पक्ष में फैसला सुनाया। खेल पंचाट में इंटर काशी की एक और अपील लंबित है और यह तय कर सकता है कि 2024-25 आईलीग चैंपियन कौन होगा। हालांकि एआईएफएफ ने अपनी अपील समिति के फैसले के आधार पर पहले ही चर्चिल ब्रदर्स को ट्रॉफी सौंप दी थी।

खेल पंचाट ने मंगलवार को अपने फैसले में कहा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की अपील समिति द्वारा 18 अप्रैल 2025 को जारी किए गए फैसले के खिलाफ इंटर काशी एफसी द्वारा 24 अप्रैल 2025 को दायर की गई अपील को बरकरार रखा गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की अपील समिति द्वारा 18 अप्रैल 2025 को जारी किए गए फैसले को रद्द किया जाता है। यह फैसला तीन मध्यस्थों ने दिया। नीदरलैंड के फ्रैंस डी वेगर ने पीठ की अध्यक्षता की जबकि स्विट्जरलैंड के मिशेल एआर बर्नस्कोनी और ब्रिटेन के जेफरी जी बेन्ज इसके अन्य सदस्य थे।

पंचाट ने स्पष्ट किया, प्राप्त शिकायत के आधार पर समिति का मानना है कि प्रतिवादी क्लब नामधारी एफसी ने सत्र में चार चेतावनियों के कारण आईलीग 2024-25 विनियमों के नियम 12.3.2 के अनुसार इंटर काशी एफसी के खिलाफ आईलीग 2024-25 के मैच नंबर 45 में निलंबन की अवधि पूरी किए बिना एक अयोग्य खिलाड़ी को मैदान में उतारा। पंचाट ने कहा, उक्त मैच का नतीजा प्रतिवादी क्लब नामधारी एफसी के लिए अयोग्य खिलाड़ी को मैदान में उतारने के कारण मैच गंवाना (0-3 से हार) होगा।

